स्वचालन बढ़ा लेकिन स्वामित्व हो रहा है कम : आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामी नाथन जे - 12

भारत-ईयू के बीच अब तक 12 दौर की हो चुकी है वार्ता : जितिन प्रसाद - 09

हार्वर्ड विश्वविद्यालय में फिर सेवाएं देंगी गीता गोपीनाथ - 13

अपना सब कुछ झोंक दो या ठीक से आराम करो, इरफान पठान ने बुमराह से कहा- 14

आज का मौसम
36.4° अधिकतम तापमान
28.1° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 07.00

अमृत विचार

|लखनऊ|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 02:29 तक उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

बुधवार, 23 जुलाई 2025, वर्ष 35, अंक 177, पृष्ठ 14 · मूल्य 6 रुपये

महिलाओं को एक करोड़ तक की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में एक प्रतिशत की छूट

अभी तक 10 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर स्टाम्प पर था 6 प्रतिशत शुल्क

- योगी कैबिनेट ने लगाई 37 अहम प्रस्तावों पर मुहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेश में एक करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्ति (जैसे मकान, जमीन आदि) यदि किसी महिला के नाम खरीदी जाती है, तो उस पर स्टाम्प शुल्क में एक फीसद की छूट मिलेगी। अब तक राज्य में यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की संपत्ति पर ही लागू थी, जिसमें अधिकतम 10 हजार रुपये तक की छूट मिलती थी।

लोकभवन में अपरान्ह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 37 प्रस्ताव पारित किए गए। निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि रजिस्ट्री पर शुल्क सात प्रतिशत है। जिसमें अभी तक 10 लाख रुपये की संपत्ति पर महिलाओं को छह प्रतिशत शुल्क देना पड़ता था, अब यह सीमा एक करोड़ रुपये तक बढ़ा दी गई है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों को कबाड़ घोषित किए जाने पर मुहर लगा दी। सरकार ने पहले ही एक अप्रैल, 2023 को 15 वर्ष पुराने हो चुके सरकारी वाहनों के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं करने का निर्णय लिया था। अब मूल्यांकन करके नीलामी का रास्ता साफ हो गया है।

लोकभवन में कैबिनेट की बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से

योगी कैबिनेट ने राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों का वर्ष 2025 का द्वितीय (मानसून) सत्र 11 अगस्त से आहूत करने का निर्णय लिया है। पिछला सत्र 18 फरवरी को आरंभ होकर 5 मार्च, 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। 12 मार्च को सत्रावसान की अधिसूचना जारी की गई थी। नियमानुसार 5 सितंबर से पूर्व नए सत्र का आयोजन जरूरी था।

चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे को मंजूरी

योगी कैबिनेट ने चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 939.67 करोड़ रुपये की लागत से इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) पद्धति पर पूरी की जाएगी। 15.172 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर ग्राम अहमदगंज तक जाएगा। एक्सप्रेस-वे को प्रारंभ में 4 लेन और भविष्य में 6 लेन तक विस्तार योग्य बनाया जाएगा। यह वाराणसी-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बीजी से संपर्क स्थापित करेगा। इसे 548 दिनों में पूरा किया जाएगा। पांच वर्षों तक अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इस परियोजना में केंद्र सरकार की कोई वित्तीय भागीदारी नहीं होगी।

स्मार्टफोन की जगह युवाओं को टैबलेट

कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत अब युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिए जाएंगे। यह योजना पांच वर्षों तक लागू रहेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि टैबलेट की बड़ी स्क्रीन, बेहतर बैटरी, मल्टीटास्किंग क्षमता और प्रोडक्टिविटी एप्स की सुगमता से योजना के शैक्षिक उद्देश्य बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे।

121 पॉलिटेक्निक किए जाएंगे उन्नत

योगी सरकार ने प्रदेश के डिप्लोमा सेक्टर में तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्नत बनाने के लिए टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से राज्य के 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया है। परियोजना की अनुमानित लागत 6935.86 करोड़ है, जिसमें से 6034.20 करोड़ टीटीएल देगा।

राज्यसभा में धनखड़ के इस्तीफे की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित कर दिया। एक दिन पहले धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ने की जानकारी दी थी।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा हस्ताक्षरित एक राजपत्र अधिसूचना में गृह मंत्रालय ने धनखड़ के इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक किया, जिसे उन्होंने सोमवार शाम जारी किया था। अधिसूचना में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा प्रकाशित किया जाता है। इससे पहले राज्यसभा में गृह मंत्रालय की अधिसूचना के बारे में जानकारी दी गई। प्रश्नकाल के लिए उच्च सदन की बैठक दोपहर बारह बजे जब शुरू हुई तो पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि गृह मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के तहत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की 22 जुलाई 2025 को एक अधिसूचना जारी की है। उपराष्ट्रपति पद से धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद मंगलवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सदन की सुबह की कार्यवाही की अध्यक्षता की। हरिवंश ने सदस्यों को बताया कि उपराष्ट्रपति पद पर चयन किए जाने की संवैधानिक प्रक्रिया के बारे में उन्हें जानकारी मिलेगी तो वह बताएंगे। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। आमतौर पर धनखड़ दिन की शुरुआत में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते थे।

- उपसभापति ने किया सदन की कार्यवाही का संचालन

उपसभापति ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

नई दिल्ली। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपने के एक दिन बाद हुई है। राष्ट्रपति भवन ने बैठक की एक तस्वीर भी एक्स पर साझा की।

ब्रीफ न्यूज

नागपुर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की मिली धमकी

नागपुर। महाराष्ट्र में नागपुर के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने तुरंत हरकत में आई। सूत्रों के अनुसार यह ईमेल सुबह लगभग साढ़े सात बजे मिला, जिसमें दावा किया गया था कि हवाई अड्डे के टर्मिनल में एक सिगरेट के पैकेट के अंदर एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) छिपाया गया है। भेजने वाले ने धमकी दी कि यह उपकरण विस्फोट कर सकता है, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है और जान-माल की हानि हो सकती है। अलर्ट मिलने के तुरंत बाद हवाई अड्डा प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया।

पोत निर्माण की चुनौतियों पर चर्चा करेगी नौसेना

नई दिल्ली। नौसेना का युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो बुधवार को यहां एक संगोष्ठी का आयोजन करेगा जिसमें प्रतिभागी जहाज निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर इस्तेमाल की जा रहीं भविष्य की तकनीकों पर प्रकाश डालेंगे। अधिकारियों ने कहा कि संगोष्ठी में प्रतिभागी जहाजों की आपूर्ति में भारतीय शिपयार्ड एवं उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि पोत निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण विषय पर केंद्रित जहाज निर्माण सेमिनार में केंद्र सरकार, नौसेना, शिपयार्ड, उद्योग जगत, वर्गीकरण समितियों और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारक एक साथ होंगे।

अंदर देखें... रंगोली

होटल कर्मी की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जमानत पर छूटे हत्यारोपी की प्रेमिका से हुआ था होटलकर्मी का विवाद
- सीसी कैमरे में कैद हुई घटना, चंद घंटों के अंदर दोनों आरोपी गिरफ्तार

दिवाकर (फाइल फोटो)

अमृत विचार। चिनहट के होटल ईशान इन के बाहर जमानत पर छूटे हत्यारोपी ने होटलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद नशे में धुत आरोपी बाइक छोड़कर प्रेमिका संग भाग निकला। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी व उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि सुल्तानपुर स्थित जयसिंहपुर निवासी उदय सेन यादव और बाराबंकी निवासी देवेन्द्र मिश्रा पार्टनरशिप में चिनहट के विकल्प खंड में होटल ईशान चला रहे हैं। होटल में उदय का ममेरा भाई दिवाकर यादव (20) निवासी बिलारी जयसिंहपुर काम करता था। होटल मालिक देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोमवार देर रात उनके साथ उदय, शुभम समेत अन्य लोग खड़े थे। इसी बीच होटल के कमरे में 16 जुलाई से ठहरीं पुष्पा गौतम उर्फ पायल निवासी चरगावां, गोरखपुर हाल पता ग्वारी गांव विकास खंड-5 नशे की हालत में फोन पर बात करते हुए बाहर आई। उसका होटलकर्मी दिवाकर से विवाद हो गया। दिवाकर ने पुष्पा से दोबारा होटल न आने की बात कही। वह कमरे में गई और प्रेमी प्रॉपर्टी डीलर आकाश तिवारी निवासी गोसाईंगंज अयोध्या हाल पता मटियारी कंचनपुर को फोन कर बुलाया। वहां पहुंचे आकाश का दिवाकर से विवाद हो गया। वह पुष्पा को लेकर चला गया। करीब 15 मिनट बाद दोनों वापस लौटे और आकाश ने पिस्तौल से दिवाकर को गोली मार दी। गो में गोली लगने से दिवाकर खून से लथपथ होकर गिर पड़े। उसे होटल कर्मियों ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर चिनहट पुलिस व फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। पुलिस ने होटल मालिक देवेंद्र की तहरीर पर आकाश व पुष्पा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर होटल के सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में ले लिया है।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आकाश और पुष्पा हत्या के बाद बाइक स्टार्ट न होने पर दूसरे होटल में छिप गए थे। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने चार घंटे में उन्हें दबोच लिया। दोनों ने बताया कि दिवाकर ने पुष्पा से अभद्रता कर कमेंट किया था।

एसआईआर पर हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

विपक्ष के प्रदर्शन के चलते प्रश्नकाल, शून्यकाल भी नहीं चले

मानसून सत्र

- रीजीजू बोले-सरकार चर्चा को तैयार फिर क्यों कर रहे हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र के दूसरे दिन दोनों सदनों की कार्यवाही दो बजे बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गईं। दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल-शून्यकाल नहीं चल सके।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निचले सदन में विपक्ष पर दोहरे मानदंड का आरोप लगाया और कहा कि एक तरफ कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में वे पोस्टर नहीं लाने की बात करते हैं, लेकिन अब सदन में तख्तियां लहरा रहे हैं। लोकसभा में दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा शुरू हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में यह तय हुआ था कि सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और उसका समय भी निर्धारित किया गया है। लेकिन आप एक साथ सारे मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, यह कैसे संभव हो सकता है। रीजीजू ने कहा कि सरकार ने बार-बार कहा है कि हम चर्चा करना चाहते हैं। चर्चा के लिए तैयार भी हैं। फिर वे हंगामा क्यों रह रहे हैं।

संसद परिसर में प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के सांसद। ● एजेंसी

विपक्ष गुंडागर्दी कर रहा, भारत धर्मशाला नहीं

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध करने पर विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर 'गुंडागर्दी' का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या 'घुसपैठियों' सहित विदेशी लोगों को चुनावों में वोट देने का अधिकार मिल सके। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार में एसआईआर को लेकर इतना हंगामा इसलिए हो रहा है क्योंकि बांग्लादेशियों और घुसपैठियों के दम पर अपनी राजनीति चमकाने वाले डरे हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संसद परिसर में कहा कि संविधान के अनुसार, केवल भारतीय नागरिक ही चुनाव में मतदान कर सकते हैं। अगर इसकी जांच हो रही है तो इसमें क्या समस्या है? भारत कोई धर्मशाला नहीं है।

यूपी के पास दुनिया का पेट भरने का सामर्थ्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने किया उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का उद्घाटन
- कहा-जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध व विकास को बढ़ाने के लिए खुद को करें तैयार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, वरन दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। कृषि, उद्यान और सब्जी के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हमें भारत की जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध और विकास को बढ़ाने के लिए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम को लेकर भी चिंता जताई।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस पर 'विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने इसके पहले प्रदर्शनी का अवलोकन कर पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन भी किया। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया। योगी ने कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है। हमें भारत की जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध व विकास को बढ़ाने के लिए खुद को तैयार करना होगा। यूपी के अंदर यह सभी संभावनाएं छिपी हुई हैं। कहा कि प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे, जो खेती में वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू कर पा रहे हैं। योगी ने कहा कि 2047 में जब भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि दो वर्ष में क्या अचीव करना है। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें।



राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

पलायन का नहीं, खुशहाली का माध्यम बने कृषि

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है। इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे।

भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती

योगी ने कहा कि यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है और इसके लिए सभी क्षेत्रों में अपनी संभावनाओं को तलाशना है। वर्ष 2029 में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

टीजीटी, पीजीटी व प्रधानाचार्य पदों पर भर्ती का रास्ता साफ

संवाददाता, प्रयागराज

- उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग 35 हजार रिक्त पदों पर करेगा भर्ती

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज डेढ़ वर्ष बाद अब रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। टीजीटी, पीजीटी और प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों की संख्या 35 हजार से अधिक है।

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज का गठन हुए करीब डेढ़ वर्ष हो गया है। लेकिन अभी तक कोई भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (एडी) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि टीजीटी, पीजीटी और प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों का अधियाचन जिस प्रारूप पर जाना है वह तैयार हो गया है। कार्मिक विभाग और उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज फाइनल करके रिक्त पदों का अधियाचन इसी प्रारूप पर लेगा। अधियाचन का स्वरूप फाइनल हो गया है। इसे शासन को जल्द ही भेज दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

राज्य विधेयकों पर निर्णय देने की समय सीमा पर राष्ट्रपति मुर्मू ने मांगा है उच्चतम न्यायालय से परामर्श

राष्ट्रपति के सवालों पर कोर्ट ने मांगा केंद्र-राज्यों से जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक अहम संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्यों से जवाब मांगा है। मामला राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए उस संदर्भ से जुड़ा है, जिसमें यह सवाल उठाया गया है कि क्या विधानसभा से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए कोई समय-सीमा तय की जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश बीआर. गवई की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस. चंदुरकर की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अगले मंगलवार तक केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है।

पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति के संदर्भ में जो मुद्दा उठाया गया है वह पूरे देश पर प्रभाव डालने वाला है। पीठ ने आदेश दिया कि संविधान की व्याख्या के मुद्दे हैं। हमने अटॉर्नी जनरल से सहायता करने का अनुरोध किया है। केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी करें। सॉलिसिटर जनरल केंद्र की ओर से पेश होंगे। सभी राज्य सरकारों को ईमेल के माध्यम से नोटिस भेजा जाए। इसे अगले मंगलवार को सूचीबद्ध करें। सभी स्थायी वकीलों को भी नोटिस भेजा जाए। मामले पर संक्षिप्त सुनवाई के दौरान केरल और तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं केके. वेणुगोपाल और पी. विल्सन ने क्रमशः इस संदर्भ का विरोध किया और इसकी स्वीकार्यता पर सवाल उठाया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ये आपत्तियां बाद में उठाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई अगस्त के मध्य में होगी। मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत 14 सवालों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी।

राज्यपाल की शक्तियों को लेकर उठे थे सवाल

राष्ट्रपति का यह निर्णय आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले के संदर्भ में आया है जिसमें न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की शक्तियों को लेकर उठाए गए सवाल पर निर्णय दिया था। उच्चतम न्यायालय ने पहली बार यह निर्धारित किया कि राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ रखे गए विधेयकों पर ऐसा संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्णय लिया जाना चाहिए। पांच पृष्ठों के संदर्भ में राष्ट्रपति मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से प्रश्न पूछे और राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने में अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपालों एवं राष्ट्रपति की शक्तियों के संबंध में उसकी राय जानने का प्रयास किया।

स्टेट ब्रीफ

सफाई मित्रों और पार्षदों का सम्मान करेंगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ : स्वच्छ सर्वेक्षण में देश में पूरे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले गोरखपुर नगर निगम के सफाई मित्रों और पार्षदों का सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार नगर निगम परिसर में करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री गोरखपुर नगर निगम के अर्बन फ्लड मैनेजमेंट के तहत अर्बन फ्लड अर्ली मॉनिटरिंग सिस्टम के लोकार्पण सहित ढाई सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी करेंगे।

खाद्यान्न घोटाले का आरोपी रिटायर्ड एडीओ गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) की वाराणसी टीम ने बांसडीह के रिटायर्ड सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) सूरश्याम सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी 2002 से 2005 तक बांसडीह विकासखंड में तैनात रहा। ब्लॉक के विभिन्न गांवों में क्षेत्र पंचायत अंश से मिट्टी कार्य, नाली निर्माण, खड़ंजा, पटरी मरम्मत, संपर्क मार्ग, सीसी और पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाना था, लेकिन कार्य पूरा नहीं कराया था। फर्जीवाड़ा कर 27 लाख रुपया का गबन किया गया।

लखनऊ में खुलेगा आईआर डिटेक्शन टेक्नोलॉजी केंद्र

योगी कैबिनेट के फैसले : 2000 करोड़ रुपये से सरोजनी नगर में स्थापना को लेकर दी गई मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के सरोजनी नगर में आईआर डिटेक्शन टेक्नोलॉजी केंद्र की स्थापना को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दी। इस परियोजना के लिए 10 हेक्टेयर भूमि आईआरडीई को दी जाएगी। इस केंद्र की स्थापना पर 2000 करोड़ रुपये खर्च होंगे और यह डीआरडीओ की मदद से स्थापित होगा। यहां सेमीकंडक्टर आईआर डिटेक्टरों का निर्माण किया जाएगा जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

आईआरडीई, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला है। प्रस्ताव के अनुसार सरोजनी नगर में स्थापित किए जाने वाले आईआर डिटेक्शन टेक्नालॉजी केंद्र की स्थापना पर 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्य सरकार इसकी स्थापना में डीआरडीओ की मदद करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर डीआरडीओ ने आइआर डिटेक्टरों के विकास व निर्माण के लिए स्वदेशी फैब लाइन की नई परियोजना के तहत प्रयोगशाला की स्थापना के लिए राज्य सरकार से भूमि की मांग की थी।

इस प्रयोगशाला में सेमीकंडक्टर आईआर डिटेक्टरों का निर्माण किया जाएगा। ब्रह्मोस मिसाइल सहित कई रक्षा उपकरणों में इसका इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में भारत विदेश से आईआर डिटेक्टरों की 5,000 से अधिक यूनिट आयात करता है। आईआर डिटेक्शन टेक्नालाजी केंद्र की स्थापना के बाद आईआर डिटेक्टरों की 1,000 यूनिट का निर्माण प्रतिवर्ष किया जाएगा। भविष्य में इसका विस्तार कर 10,000 यूनिट का निर्माण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आईआर डिटेक्शन टेक्नालाजी केंद्र में थर्मल इमेजिंग सिस्टम और मल्टीसेंसर सर्विलांस सिस्टम को भी रक्षा उपकरण के रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी स्थापना से 150 इंजीनियरों व 500 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी पत्रकारों को देते मंत्री धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल व अन्य।

इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- पेयजल, सीवरेज, ड्रेनेज व नगरीय परिवहन के लिए ग्राम समाज की भूमि मुफ्त मिलेगी
- नगर विकास विभाग को सेवारत विभाग का दर्जा देने का फैसला
- जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट यूपीएग्रीज के तहत एग्री एक्सपोर्ट हब की स्थापना
- एक्वा कल्चर परियोजना की स्थापना के लिए संयुक्त अरब अमीरात की बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्वाब्रिज को निवेश प्रोत्साहन सब्सिडी समेत भूमि, स्टांप आदि की छूट
- पुलिस विभाग को मिलेंगे 394 और पीएसी को 64 नए वाहन

2005 में आवेदन करने वालों को मिलेगी पुरानी पेंशन

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि 28 मार्च 2005 से पहले निकले विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों को पुरानी पेंशन देने पर मुहर लगाई गई है। ऐसे लोग 30 नवंबर 2025 तक योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने 2005 के बाद नई पेंशन योजना लागू की है, लेकिन बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं जिनका भर्ती विज्ञापन इसके पहले निकला था। ऐसे में उनकी बहुप्रतीक्षित मांग सरकार ने पूरी कर दी है।

एक लाख किसानों को मिलेगी ट्रेनिंग

राज्य सरकार कई योजनाओं के तहत एक लाख किसानों को प्रशिक्षण देने की योजना को कैबिनेट में मंजूरी दी है। इसके माध्यम से आधुनिक कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों को अपनाकर किसान विकसित यूपी का आधार बनेंगे।

नोएडा पराग डेयरी की जमीन बेचेगी सरकार

योगी कैबिनेट ने निर्णय लिया कि पराग डेयरी नोएडा की 4.62 हेक्टेयर जमीन को सरकार 101 करोड़ में डिफेंस उपकरण बनाने वाली कंपनी को बेचेगी। इसके बदले कंपनी नोएडा पराग डेयरी को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 10 एकड़ जमीन देगी। यहां प्रतिदिन 4 लाख लीटर दूध क्षमता वाली नई डेयरी इकाई लगेगी।

वाराणसी में पर्यटकों के लिए गली होगी चौड़ी

मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि वाराणसी में पर्यटकों व दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या के कारण दाल मंडी की गलियां चौड़ी होंगी। मैदिगन, गोदौलिया और नई सड़क पर जाम की समस्या के निजात के लिए चौक थाने के आस-पास की गलियों के चौड़ीकरण पर 23.99 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

नौ पीसीएस अफसरों के हुए तबादले

- प्रतीक्षारत रहीं डॉ. अलका वर्मा बनीं निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
- अरविंद कुमार मिश्रा बने अपर निदेशक सूचना

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने मंगलवार को नौ पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। अभी तक प्रतीक्षारत रहीं पीसीएस अधिकारी डॉ. अलका वर्मा को निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की शिकायत पर हटाये गये आईएएस भवानी सिंह खंगारौत के बाद निदेशक प्रशासन का पद खाली चल रहा था।

अन्य स्थानांतरित पीसीएस अफसरों में मुख्य विकास अधिकारी फरुखाबाद रहे अरविंद कुमार मिश्रा को अपर निदेशक सूचना बनाया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के उप सचिव विनोद कुमार गौड़ को मुख्य विकास अधिकारी फरुखाबाद बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बहराइच गौरव रंजन श्रीवास्तव को उप सचिव उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी लखनऊ अमित कुमार द्वितीय को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बहराइच के पद पर भेजा गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व औरैया महेंद्र पाल सिंह को अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी लखनऊ बनाया गया है। उप निदेशक मंडी परिषद उप्र लखनऊ अविनाश चन्द्र मौर्य को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व औरैया के पद पर भेजा गया है। उपजिलाधिकारी मुरादाबाद नरेंद्र सिंह को उप निदेशक मंडी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ बनाया गया है। संयुक्त निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय लखनऊ गरिमा स्वरूप को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है।

किसानों को प्रदर्शन के माध्यम से दें जानकारी : योगी

- यूपी की भूमि से तीन गुना अधिक लिया जा सकता उत्पादन
- कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्र भूमिका निभाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो पैदावार पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। ऐसे में प्रदर्शन के माध्यम से किसान को जानकारी दी जाए। आज भी यदि किसान पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसका कारण हम कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार 'विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि लागत कम और उत्पादन को बढ़ाएंगे तो किसानों के चेहरे पर खुशहाली ला सकते हैं, लेकिन यह शोध और विकास के माध्यम से ही संभव हो सकता है।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव रविंद्र, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

'विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की दीप जलाकर शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

इजराइल कर सकता है तो हमारे कृषि विवि क्यों नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इजराइल की मदद से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए थे। उन्होंने हमें तकनीकी सहयोग किया था। यहां के वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण लेकर उसे आगे बढ़ाने में योगदान किया था। उसका एक्सटेंशन क्या है। हमें उस दिशा में भी प्रयास करने चाहिए। यदि इजराइल यह कार्य कर सकता है तो हमारे कृषि विवि क्यों नहीं कर सकते। कब तक किसानों को खेतीबाड़ी से पलायन करने के लिए मजबूर होते देखते रहेंगे।

यूपीपीएससी परीक्षा : चार सेटों में तैयार होंगे प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षा में अब चार सेटों में प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आयोग की ओर से अब तक प्रश्न पत्र तीन सेट में तैयार होते हैं। अब अलग-अलग रंग के लिफाफों में गोपनीय कोड के साथ प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रक्रिया का विनियमन संशोधन) अध्यादेश 2025 संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट ने विधानमंडल में रखने को स्वीकृति दे दी।

इसके तहत अधिनियम 1985 की धारा 10 की उपधाराओं एक, तीन, चार व पांच में संशोधन किया गया है। प्रश्नपत्रों को चार विशेषज्ञों से अलग-अलग तैयार कराया जाएगा। अलग-अलग स्थान के पेपर सेट करने वालों से चार सेट में इसे बनवाया जाएगा। उपधारा पांच में मौजूदा व्यवस्था के अनुसार परीक्षा नियंत्रक किसी विषय के किसी भी एक प्रश्नपत्र को मुहरबंद लिफाफे को बिना खोले चुनेगा और उसे छापने के लिए भेजेगा। परीक्षा नियंत्रण की ओर से दी गई सूचना के अनुसार, अलग-अलग रंगों में गोपनीय कोड के साथ इसे भेजा जाएगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी के लिए मुद्रक ही जिम्मेदार होगा।

निजीकरण प्रक्रिया से नाराज बिजली कर्मियों ने ऊर्जा मंत्री का आवास घेरा

आवास पर करीब दो घंटे तक चला विरोध-प्रदर्शन

- कैबिनेट बैठक के लिए भारी सुरक्षा के बीच निकले ऊर्जा मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया से नाराज बिजली कर्मियों का सब्र का बांध टूट गया। बिजली अभियंताओं-कर्मचारियों ने दोपहर में करीब दो घंटे तक ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के सरकारी आवास का घेराव किया। कैबिनेट की बैठक में जाने के लिए ऊर्जा मंत्री को पुलिस की भारी सुरक्षा में आवास से निकाला गया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के आवास का घेराव करने की घोषणा बीते दिन की थी। उत्पीड़न व निजीकरण के विरोध में राजधानी के बिजली अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी दोपहर में ऊर्जा मंत्री के कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पहुंचे और घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान स्थिति पर काबू पाने के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बिजली कर्मी ऊर्जा मंत्री से वार्ता कराने की मांग कर रहे थे, पर उन्हें मिलने नहीं दिया गया। पुलिस आंदोलनरत कर्मियों को शांत कराने में जुटी रही। दोपहर बाद ऊर्जा मंत्री को कैबिनेट की बैठक में जाना था। इस दौरान ऊर्जा मंत्री भारी सुरक्षा के बीच आवास से निकल सके। आवास से बाहर निकलने के दौरान ऊर्जा मंत्री इशारे से बिजली कर्मियों को शांत रहने का संदेश देते हुए लोकभवन चले गये। मंत्री के आवास से निकलने के दौरान बिजली कर्मियों ने उनसे इस्तीफा देने के नारे लगाये। विरोध प्रदर्शन में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, वरिष्ठ पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जूनियर इंजीनियर्स संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार, संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद, श्रीचन्द आदि शामिल हुए।

लखनऊ में बिजली कर्मियों के प्रदर्शन के दौरान मौजूद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

समझौते से मुकरने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान संघर्ष समिति व राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र के शीर्ष पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने 3 दिसंबर 2022 और 19 मार्च 2023 को संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ लिखित समझौता किया था, पर ऊर्जा मंत्री इस समझौते से मुकर गए। समझौते के अनुसार हड़ताल के दौरान की गई उत्पीड़न की कार्रवाई वापस नहीं ली गई है। इसके विपरीत निजीकरण के लिए लगातार उत्पीड़न की कार्रवाई की जा रही है।

दो फर्मों पर एफआईआर, पशु चिकित्साधिकारी गिरफ्तार

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर मेरठ में गोवंशों की देखभाल में लापरवाही पर हुई कार्रवाई
- केयर टेकर और लिपिक भी निलंबित, तलाश में पुलिस की छापेमारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मेरठ की कान्हा उपवन गोशाला में गोवंशों की देखभाल में सामने आई गंभीर लापरवाही पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख अपनाते ही नगर विकास विभाग ने दो फर्मों पर एफआईआर दर्ज कराई है। पूर्व प्रभारी नगर अधिकारी व नगर निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह, केयर टेकर और लिपिक को निलंबित करने के साथ हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, अन्य दो कर्मियों की तलाश में छापेमारी हो रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम ने गोशाला संचालन से जुड़ी दो आउटसोर्सिंग फर्मों- जैन कंप्यूटर्स और शिवम इंटरप्राइजेज के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन फर्मों को गोशाला में 2500 गोवंशों की देखभाल के लिए गोपालकों और कर्मचारियों की तैनाती की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बीते 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर कान्हा गोशाला की बदहाल स्थिति को दर्शाने वाला एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के बाद सहायक नगर आयुक्त शरद पाल के नेतृत्व में गोशाला का निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि गोशाला में भूसा, हरा चारा और पानी उपलब्ध होने के बावजूद गोवंशों को समय पर नहीं दिया जा रहा था। इसके अलावा, कई गोपालक और कर्मचारी ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए। मेसर्स जैन कंप्यूटर्स ने 24 गोपालकों और शिवम इंटरप्राइजेज ने 18 गोपालकों की तैनाती का दावा किया था, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके विपरीत थी।

नगर निगम प्रशासन ने बताया कि दोनों फर्मों को पहले भी गोवंशों की देखभाल में लापरवाही के लिए मौखिक और लिखित नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद, कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते कड़ा कदम उठाना पड़ा। जांच में यह भी सामने आया कि गोशाला में अभिलेखों का रख-रखाव अपूर्ण था, जिसके लिए लिपिक विकास शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। लापरवाही के इस मामले में पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह और गोशाला के केयरटेकर के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है एवं उन्हें निलंबित भी कर दिया गया हैं। पुलिस ने हरपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, अन्य की तलाश की जा रही है।

गोवंशों की देखभाल के लिए छह होमगार्ड तैनात

सहायक नगर आयुक्त शरद पाल से गोशाला का वरिष्ठ प्रभार छीन लिया गया है और उनकी जगह अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गजेंद्र को सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया और उनकी जगह डॉ. अमर सिंह को नई तैनाती दी गई है। साथ ही गोशाला की निगरानी के लिए 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गोवंशों की बेहतर देखभाल के लिए छह होमगार्ड और 50 नए कर्मचारियों को दो शिफ्टों में तैनात किया गया है। गोशाला के विस्तार के लिए 15,000 वर्ग मीटर भूमि का चयन किया गया है, ताकि गोवंशों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके।

आरओ-एआरओ की परीक्षा पर एसटीएफ रखेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 27 जुलाई को प्रस्तावित आरओ-एआरओ परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग और योगी सरकार ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं। संवेदनशील केंद्रों पर एसटीएफ नजर रखेगी। साथ ही, खुफिया एजेंसियों और पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। नकल माफिया की कमर तोड़ने की पूरी तैयारी है। कोचिंग सेंटर, सोशल मीडिया और नकल गैंग समेत पुराने आरोपितों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परीक्षा से पूर्व ही चिन्हित संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी के लिए एसटीएफ तैनात की जा रही है। परीक्षा की शुचिता भंग करने वाले पुराने आरोपियों और सक्रिय नकल गैंग की पहचान कर उनके खिलाफ सतत निगरानी और रोकथाम के आदेश जारी किए हैं। पूर्व में परीक्षा अपराधों में लिप्त रहे गैंग और आरोपी यदि इस समय जमानत पर हैं तो उन पर विशेष नजर रखी जाएगी। एसटीएफ द्वारा सोशल मीडिया के खुले प्लेटफॉर्म की निगरानी के साथ-साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम जैसे अफवाह फैलाने वाले माध्यमों पर भी नजर रखी जाएगी। परीक्षा के दौरान कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए समर्पित टीमें तैनात रहेंगी, जो संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी संबंधित एजेंसियों को तुरंत उपलब्ध कराएंगी।

निष्क्रिय 119 दलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की 25 दलों के साथ बैठक, बाकी रहे अनुपस्थित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में निष्क्रिय पड़े अमान्यताप्राप्त 119 राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को 25 दलों के प्रतिनिधियों की सुनवाई की। उन्होंने चुनाव न लड़ने पर उनसे सवाल किये। बाकी दलों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पिछले छह वर्षों में कोई चुनाव न लड़ने के कारण इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से इन दलों के अध्यक्षों व महासचिवों को अपना प्रत्यावेदन, शपथपत्र (हलफनामा) व आवश्यक अभिलेखों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करने व सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक दल की ओर से प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। उन्होंने अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट व निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर बिंदुवार जानकारी ली। सुनवाई में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में आदर्श लोकदल फतेहपुर, आदर्श मानवतावादी पार्टी लखनऊ, आदर्श व्यवस्था पार्टी देवरिया, अखिल भारतीय राष्ट्रीय परिवार पार्टी वाराणसी, अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी लखनऊ, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी कासगंज, आजाद भारत पार्टी (यूनाइटेड) वाराणसी, बहुजन विजय पार्टी गोरखपुर, देशहित पार्टी देवरिया, इंडिया राइजिंग पार्टी कन्नौज, जन विकास पार्टी लखनऊ, कठोर शासन पार्टी बिजनौर, लोकतांत्रिक युवाशक्ति पार्टी आगरा, पूर्वांचल जनता दल बलिया, राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रांति पार्टी गौतमबुद्ध नगर, समता समाजवादी कांग्रेस पार्टी वाराणसी, पश्चिमी उप्र विकास पार्टी गौतमबुद्धनगर, इंडियन बहुजन समाजवादी पार्टी बिजनौर, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे.) पार्टी मुरादाबाद, नवजन क्रांति पार्टी वाराणसी, गांधी एकता पार्टी वाराणसी, शांति मोर्चा गाजियाबाद, राष्ट्रवादी प्रताप सेना हापुड़, भारतीय संगठित पार्टी (एस.) गाजियाबाद व देशभक्त निर्माण पार्टी जनपद मऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महासचिव उपस्थित रहे।

महिलाओं को समुचित भागीदारी देगी कांग्रेस

15-15 प्रतिशत एससी व अल्पसंख्यक और 25 प्रतिशत ओबीसी को संगठन में मिलेगी जगह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस महिलाओं को संगठन में समुचित भागीदारी देगी। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्वी जोन की बैठक में 15-15 प्रतिशत एससी व अल्पसंख्यक और 25 प्रतिशत ओबीसी महिलाओं को भागीदारी देने पर विचार-विमर्श हुआ।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ धर्म की आड़ में अपनी सभी खामियों को छुपाने का प्रयास कर रही है, पर महिलाएं एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने के कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों को समझ चुकी है। वह बदलाव चाहती है और कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अपराध होने पर कांग्रेस महिलाएं पीड़ितों की आवाज को उठाने का कार्य करें। पूरी मेहनत के साथ समाज की सभी वर्गों की महिलाओं को जोड़कर एक टीम के रूप में कार्य करेंगी तो निश्चित ही 2027 के चुनाव में भाजपा इस प्रदेश की सत्ता से बाहर होगी। बैठक को पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक मीता गौतम आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष संगीता सिंह, महबूब निशा, अनुपमा सिंह, ऊषा चौबे, अनुराधा यादव, किरन शुक्ला आदि शामिल रहीं।

लखनऊ में आयोजित बैठक में लोगों को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

कांग्रेस ने दिया महिलाओं को वोट का अधिकार : अहारारी

प्रदेश महिला कांग्रेस पूर्वी जोन की अध्यक्ष शहला अहारारी ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने ही महिलाओं को शुरू से ही वोट करने का अधिकार दिया, जो दुनिया के तमाम बड़े देशों में भी नहीं था। कांग्रेस ने ही देश में सारे बड़े पदों पर महिलाओं को स्थान दिया और जब तक कांग्रेस पार्टी की सरकार थी महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ती रही और सुरक्षित महसूस करती रहीं। उन्होंने कहा कि हमें फिर प्रदेश में फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाना है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को तीन विश्व कीर्तिमानों के लिए सम्मानित किया गया।

सूचना व पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र की सेवाओं के लिए 38 समझौते

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विश्वविद्यालयों-संस्थानों में सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र की सेवाओं के क्रियान्वयन के लिए मंगलवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में 38 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को तीन विश्व कीर्तिमानों के लिए प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान और शोध के क्षेत्र में सूचना की सहज उपलब्धता आज के युग की आवश्यकता है।

सिटी ब्रीफ

खुरपका-मुंहपका से बचाव को टीकाकरण आज से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में आज से खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान शुरू होगा। पशुपालन विभाग ने टीकाकरण की तैयारी कर ली है। जिले में 4,50,900 पशुओं का टीकाकरण कराने लक्ष्य रखा गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी आठ विकास खंड पर टीकाकरण के लिए टीमें बनाई है। जो गांव-गांव 45 दिन तक निशुल्क पशुओं का टीकाकरण करेंगी।

कोरोना के दो नए मरीज मिले

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में 24 घंटे में दो नए मरीज मिले हैं। दोनों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। सीएमओ कार्यालय की ओर से जारी सुचना के मुताबीक पिछले 24 घंटे में 2 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं। इसमें एक 57 वर्षीय महिला निवासी ठाकुरगंज और एक पुरुष 33 वर्षीय निवासी शाहमीना रोड का है। वर्तमान में कुल रोगियों की संख्या 99 और एक्टिव केस 9 है।

लाभार्थियों के खातों में पहुंची वृद्धावस्था पेंशन

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की तरफ से वृद्धावस्था पेंशन पा रहे लाभार्थियों के खातों में इस वर्ष की पहली किस्त का भुगतान कर दिया गया है। इस बार करीब आठ लाख नए लाभार्थी योजना से लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में इस वर्ष वृद्धावस्था पेंशन के लिए 67.50 लाख लाभार्थी चयनित हुए थे। इनमें आठ लाख लाभार्थी नये शामिल हुए हैं। इनमें पहले चरण में करीब 45 लाख लाभार्थियों के खातों में तीन माह के 3-3 हजार रुपये भेजे गए थे। इसके बाद दूसरे चरण में अधिकांश शेष लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेज दी गई है। यह पेंशन वित्तीय वर्ष 2025-25 की पहली किस्त है। इससे लाभार्थियों को राहत मिलेगी।

कल्ली पश्चिम में लगा जनसमस्या मेला

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के कल्ली पश्चिम में मंगलवार को जनसमस्या मेला आयोजित किया गया। जन समस्या मेला में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि एडवोकेट और लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक कुमार मित्तल और विशिष्ट अतिथि अनिता मित्तल को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सत्येन्द्र सिंह यादव ने कहा कि जनसमस्या मेला समिति एक संगठन ही नहीं बल्कि एक जनआन्दोलन है, जो निरंतर बेसहारा, मजलूम, पिछड़ों और वंचितों के अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ मंडल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टिकट जांच कर्मियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ये सभी कर्मचारी यात्रियों में टिकटिंग जागरूकता लाने, बिना टिकट यात्रा पर नियंत्रण तथा रेलवे की आय में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। पुरस्कृत कर्मचारियों का चयन उनके प्रदर्शन और राजस्व अर्जन के आधार पर किया गया है। उन्हें नकद पुरस्कार राशि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कुलदीप तिवारी लखनऊ द्वारा स्वीकृत की गई।

अधिक मूल्य पर कोल्ड ड्रिंक बेचने की शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ जंक्शन अधिक दामों पर खाद्य पदार्थ बेचा जा रहा है। यात्री नवनीत ने आईआरसीटीसी, सेंट्रल रेलवे सहित एक कोल्ड ड्रिंक कंपनी के एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की है कि उन्होंने लखनऊ जंक्शन पर स्थित एक स्टाल पर कोल्ड्र डिंक एमआरपी 40 रुपये थी, लेकिन स्टाल वाले ने उनसे 50 रुपये लिए। पूछने पर बताया कि अतिरिक्त 10 रुपये कोल्ड ड्रिंक को ठंडा करने के लिए ले रहे हैं।

बारिश और उमस से बढ़ गए फंगल इंफेक्शन के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरकारी अस्पताल की ओपीडी में 30 फीसदी तक बढ़ी मरीजों की संख्या
- तौलिए और अंडरगारमेंट्स में 25 सप्ताह तक जीवित रह सकता है फंगस बैक्टीरिया

अमृत विचार : मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव के कारण कभी बारिश तो कभी भीषण उमस हो रही है। इससे लोग फंगल इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं। राजधानी के बलरामपुर अस्पताल, सिविल और लोकबंधु अस्पताल के त्वचा रोग की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या 30 फीसदी तक बढ़ गई गई है। इसमें सभी आयु वर्ग के मरीज हैं। चिकित्सक इलाज के साथ बचाव के सुझाव दे रहें हैं।

बलरामपुर अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएच उस्मानी ने बताया कि इस समय रोजाना ओपीडी में करीब 650-700 तक रोगी आ रहे हैं। ज्यादातर मामलों में दाद, खुजली, नाखून में इंफेक्शन और सिर की जमीन की स्किन में इंफेक्शन पाया जा रहा है। डॉ. एमएच उस्मानी के मुताबिक फंगस बैक्टेरिया गीले कपड़ों में, आमतौर पर तौलिए और अंडरगारमेंट्स में लगभग 25 सप्ताह तक जीवित रह सकता है। डॉ. उस्मानी ने मरीजों को तौलिए और कपड़ों को 8-10 घंटे तक सीधी धूप में रखने की सलाह दी क्योंकि सूरज की रोशनी में यूवी किरणें फंगस और बैक्टीरिया को मार देती हैं। यदि धूप नहीं है, तो फंगस को मारने के लिए कपड़ों को 70 डिग्री सेल्सियस गर्म पानी में 45 मिनट तक धो सकते हैं या कपड़ों के दोनों तरफ गर्म प्रेस कर सकते हैं। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया बारिश में फंगल इंफेक्शन के मर्ज बढ़ जाते हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों को त्वचा रोग विशेषज्ञ अपनी स्किन को साफ और सूखा रखने, तौलिए और जूते जैसी पर्सनल चीजों को शेयर न करने की सलाह दे रहे हैं।

बचने के उपाय

- रोजाना नहाएं और त्वचा को अच्छी तरह सुखाएं। मोजे और अंडरवियर सहित गीले कपड़ों को तुरंत बदलें।
- सूती कपड़ों से बने ढीले-ढाले, सांस लेने योग्य कपड़े चुनें। ऐसे जूते पहनें जिनमें हवा का संचार हो सके और उन्हें सूखने देने के लिए वैकल्पिक जोड़े पहनें।
- तौलिये, कपड़े या जूते साझा न करें। सुनिश्चित करें कि कपड़े धोने के बाद अच्छी तरह सूखें। जूतों को नियमित रूप से साफ करें और सुखाएं और मोजों को गर्म पानी में धोएं।
- विटामिन और खनिजों से भरपूर स्वस्थ आहार लें। हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं।
- यदि आपको त्वचा पर लाल, खुजलीदार या पपड़ीदार धब्बे जैसे फंगल संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं, तो डॉक्टर से सलाह लें।

उमस भरी गर्मी से परेशान हुए राजधानी के लोग

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में मंगलवार को लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। मौसम विभाग ने रात में बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम 28.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.8 व न्यूनतम 2.4 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 89 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 70 फीसदी दर्ज की गई। लखनऊ में मानसूनी बारिश अभी तक 13 फीसदी कम हुई है। 1 जून से अभी तक 190.5 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि बारिश का औसत 220 मिलीमीटर है। मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान है कि आने वाले दिनों में सामान्य से अधिक बरसात होगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि देर रात हल्की बारिश की संभावना है। आने वाले कुछ दिनों तक अब मौसम का मिला जुला असर देखने को मिलेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास बना रहेगा। बारिश के साथ में धूप छांव की स्थिति रहेगी। इसके कारण उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। फिलहाल एक सप्ताह तक उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

आवास विकास के आवासीय भूखंडों पर व्यवसायिक निर्माण करने की छूट

बोर्ड बैठक में भवन निर्माण उपविधि को मंजूरी, निर्माण करा चुके आवंटी पास करा सकेंगे शमन मानचित्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर लोग आवासीय भूखंडों में निर्धारित सीमा तक व्यवसायिक निर्माण कर सकेंगे। जिन लोगों ने नई उपविधि लागू होने से पहले आवासीय परिसर में व्यवसायिक निर्माण कर लिया है, उनको नई नियमावली के तहत शमन मानचित्र पास कराना होगा।

1500 वर्गमीटर भूमि पर अपार्टमेंट बनाने के साथ ही भूतल पर व्यवसायिक गतिविधियां की जा सकेंगी। अभी तक इसकी अनुमति नहीं थी। नई उपविधि में भवन की ऊंचाई पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। उप्र आवास एवं विकास परिषद की 272वीं बैठक में मंगलवार को कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई।

परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि आवास विकास मुख्यालय स्थित नवीन भवन सभागार में अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन में यह निर्णय लिए गए। इसमें उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि और आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस 2025 लागू किये जाने सहित 26 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, सचिव डॉ. नीरज शुक्ला सहित मुख्य अभियंता डीबी सिंह, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप व बोर्ड सदस्य मौजूद रहे।

नवीन भवन के सभागार में हुई बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष गुरु प्रसाद व अन्य अधिकारी।

11,000 खाली फ्लैट के लिए पंजीकरण एक अगस्त से खुलेगा

आवास विकास अपनी योजनाओं में खाली 11,000 फ्लैट बेचने के लिए 1 अगस्त से पंजीकरण खोलने जा रहा है। लखनऊ में ही लगभग 2500 फ्लैट खाली हैं। परिषद की उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद की मंडोला योजना सहित अन्य योजनाओं में फ्लैट खरीदने पर नियमानुसार छूट दी जाएगी। 60 दिन में एकमुश्त धनराशि जमा करने पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।

अवैध निर्माण में शामिल अभियंताओं की होगी जांच

सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि गाजियाबाद में तैनात रहे अधिशासी अभियंता सुनील कुमार सिंह और अवर अभियंता दिनेश पाल सिंह के खिलाफ अवैध निर्माण को शह देने पर विभागीय जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता के कार्यकाल में अवैध निर्माण होते गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिशासी अभियंता 2024 में सेवानिवृत्त हो चुका हे। अवर अभियंता ने अवैध तरीके से 3 की जगह 4-5 मंजिला बिल्डिंग बनवा दीं और नीचे पार्किंग की जगह दुकानें बनवा दीं।

इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- इंटेलीजेंस ब्यूरा परिषद की सिकन्दरा योजना आगरा के सेक्टर 3 ए में लगभग 24,000 वर्ग फिट के भूखंड कॉमर्शियल दर पर खरीदेगा।
- नगर निगम मुरादाबाद अपने कार्यालय के लिए मझोला योजना संख्या 4 भाग 2 मुरादाबाद के सेक्टर 9ए में भूखंड खरीदेगा। इसके लिए ग्रुप हाउसिंग भूखंड के लेआउट में संस्थागत उपयोग अनुमन्य करने का पास किया गया।

ठेकेदारों को 41 लाख रुपये अग्रिम भुगतान करने वाले अवर अभियंता की पेंशन रोकी

परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि इलाहाबाद में तैनाती के दौरान अवध अभियंता नारायण प्रसाद ने एक ठेकेदार को बिना कार्य कराए ही 41 लाख रुपये का भुगतान कर दिया था। इस धनराशि का हिसाब भी नहीं दिया। यह प्रकरण 2017 का है। शिकायत के बाद जांच में आरोप सही पाए गए। अभियंता वर्ष 2021 में सेवानिवृत्त हो चुका है। जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर उसकी पेंशन पर रोक लगा दी गई है।

वाराणसी योजना के लिए 1200 एकड़ जमीन खरीदने को भी दी गई मंजूरी

आवास विकास परिषद की पूर्व से संचालित जीटी रोड बाईपास भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना वाराणसी में 1200 एकड़ जमीन खरीदने के लिए बोर्ड बैठक में परिषद अधिनियम 1965 की धारा 31(2) के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान कर दी। यह जानकारी सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अधिग्रहण और विकास कार्य पर परिषद लगभग 3158 करोड़ रुपये खर्च करेगा। योजना के तहत वाराणसी के ग्रमा निबिया, फरीदपुर, हांसापुर, नकाइन, सदलपुर, सगहट, कादीपुर, मीरापुर, रामपुर, मिसिरपुर की भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

उन्नाव में 165 एकड़ की योजना पर 700 करोड़ रुपये होंगे खर्च

सचिव ने बताया कि उन्नाव भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या 3 उन्नाव के ग्राम गदनखेड़ा सिंगरौसी में पूर्व से संचालित योजना के लगभग 165 एकड़ भूमि के अधिग्रहण व विकास पर परिषद लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इस योजना को भी परिषद अधिनियम 1965 की धारा 31(2) के अंतर्गत बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की।

बांदा और चित्रकूट में दो नई योजनाएं शुरू की जाएंगी

बांदा और चित्रकूट में आवास एवं विकास परिषद दो नई योजनाएं शुरू करेगा। इन योजनाओं में लगभग 13950 लोगों को आवास मिलेंगे। इन दोनों योजनाओं पर परिषद लगभग 2284 करोड़ रुपये खर्च करेगा। परिषद भूमि अधिग्रहण के लिए जल्द ही धारा 28 की नोटिस जारी करेगा। परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बोर्ड बैठक के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि बांदा के ग्राम मवई बुजुर्ग में 136.76 हेक्टेयर में यह योजना शुरू की जाएगी। सर्वे हो गया है। मुख्य मार्ग से इसकी दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। योजना के अधिग्रहण और विकास पर कुल 1390 करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना में लगभग 9500 लोगों को मकान और भूखंड मिलेंगे। सचिव ने बताया कि परिषद चित्रकूट के ग्राम चकला राजरानी, अहमदगंज में 64 हेक्टेयर में योजना शुरू करेगा। इस योजना के अधिग्रहण और विकास पर लगभग 894 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इस योजना में लगभग 4450 लोगों को आवास की सुविधा मिलेगी।

हजरतगंज में मंदबुद्धि किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: हजरतगंज इलाके में मंदबुद्धि दलित किशोरी से तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर के करीब किशोरी को छोड़कर आरोपी भाग गए। कपड़ों पर खून लगा देख परिजन ने पूछा तो किशोरी ने इशारों में आपबीती को बताई। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

हजरतगंज इलाके में 13 वर्षीय किशोरी भाई-भाभी व परिवार के साथ रहती है। किशोरी के परिजन ने बताया कि सोमवार देर रात सभी खाकर सो गए थे। इसी दौरान जय प्रकाश नगर के विशाल, जतिन व सुजल बहला-फुसला कर किशोरी को साथ ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। देर रात किशोरी घर पर आकर लेट गई। मंगलवार सुबह उसके कपड़ो में खून देख परिजन ने पूछा तो इशारा कर सारी बात बताई। परिवार ने मोहल्ले व आसपास के इलाके के सभी लड़कों के नाम लिए तो उसने तीन नामों पर सिर हिलाया। इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर हजरतगंज कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी दी।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चूंकि किशोरी मानसिक रूप से कमजोर है, इसलिए जांच गंभीरता से की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज व सर्विलांस की मदद ली जा रही है। यह पता किया जा रहा है कि जिन तीन युवकों पर आरोप है, उन्होंने गंदी हरकत की है या नहीं। कोई और भी हो सकता है। किशोरी सही से कुछ बता नहीं पा रही है। ऐसे में जांच के बाद ही स्थित साफ होगी। अतिरिक्त निरीक्षक ने बताया कि किशोरी ने इशारे से परिजन को रास्ता बताया है। उस रास्ते पर लगे सभी सीसी कैमरे पुलिस खंगाली जा रही है। उसमें कुछ संदिग्ध चिन्हित भी हुए हैं। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है।

प्रेम जाल में फंसा मांग में भरा सिंदूर, किया दुष्कर्म

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार थाना थाना क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने बताया कि इंटीरियर डेकोरेटर कुलदीप यादव के साथ गोमतीनगर विस्तार के एंपायर अपार्टमेंट में रहता है। पीड़िता भी उसके साथ जुडकर काम करने लगी। कुछ समय पहले कुलदीप ने शादी का प्रस्ताव रखा। जिसे पीड़िता ने स्वीकार कर लिया। पीड़िता ने बताया कि 12 फरवरी को आरोपी ने दोस्त विशाल की मौजूदगी में मांग में सिंदूर भरकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शादी का रजिस्ट्रेशन करने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया तो कुलदीप शादी के लिए मान गया। उसके बाद घरवालों के दबाव में 10 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगा। इंकार करने पर आरोपी ने परिवार संग मिलकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि पीड़िता का कलमबंद बयान दर्ज कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

11 अंत्येष्टि स्थल बनेंगे, पंचायतें चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : जिले के ग्रामीण इलाकों में 11 अंत्येष्टि स्थल बनेंगे। निर्माण के लिए पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों का चयन करके कार्ययोजना तैयार करना शुरू कर दिया है।

विभाग को बजट पहले ही आवंटित हो चुका है। इन अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण से ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 11 अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायतों में बनाने का लक्ष्य मिला है। यह अंत्येष्टि स्थल मोहनलालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत दयालपुर व नटौली, बीकेटी के पहाड़पुर व सरसवां, सरोजनी नगर के दादूपुर व कल्ली पूरब, माल के मसीढ़ा हमीर व सालेह नगर, काकोरी के दशहरी, गोसाईगंज के केवली व मलिहाबाद के रुसैना ग्राम पंचायत में बनाएंगे। स्थल भी चयनित कर लिए है। एक अंत्येष्टि स्थल की लागत 24.36 लाख रुपये है। बजट आवंटित हो चुका है। सम्बंधित सचिवों से कार्ययोजना मांगी है।

बिना मानचित्र बनाई जा रहीं सात प्लाटिंग ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर मंगलवार को शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन टीम ने गोसाईंगंज व काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की।

प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना सात अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। प्रवर्तन जोन-2 के प्रभारी जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि वीर बहादुर यादव व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के सिठौली खुर्द में लगभग दो बीघा, प्रदीप मिश्रा व अन्य द्वारा लगभग दो बीघा, बृजेश व अन्य द्वारा लगभग चार बीघा में प्लाटिंग बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दी।

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि फिरोज व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम मौंदा में तीन बीघा व अनीस पहलवान द्वारा ग्राम मौंदा डिगिया में लगभग 20 बीघा अवैध रूप से प्लाटिंग बनाई जा रही कॉलोनी ध्वस्त कर दी। इसी तरह गोल्डन सिटी ग्रुप द्वारा ग्राम-मौंदा डिगिया में लगभग दो बीघा व परमेसुर द्वारा काकोरी के ग्राम समदा में लगभग 4.5 बीघा में की गई प्लाटिंग टीम ने ध्वस्त कर दी।

रक्षाबंधन

दूरी के आधार पर देश के अंदर तीन से आठ दिन और विदेशों में 10 से 15 दिन में पहुंचेगी राखी

डाक विभाग वॉटरप्रूफ लिफाफे में भाइयों तक पहुंचाएगा स्नेह का धागा

राखी भेजने के लिए वाटरप्रूफ लिफाफे।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राखी पहुंचाने की 24 घंटे दी जा रही सुविधा
- एक विशेष काउंटर के अलावा 10 अन्य काउंटर भी खोले गए

अमृत विचारः रक्षाबंधन का पर्व इस बार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। बदलते समय में लोग नौकरी व अन्य कारणों से अपने घरों से दूर रहते हैं, जिससे कई बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने नहीं पहुंच पातीं। ऐसे में डाक विभाग ने उनके लिए बड़ी राहत दी है। विभाग 24 घंटे राखी पहुंचाने की सुविधा दे रहा है ताकि भाई-बहन के रिश्ते की यह डोर समय से बंध सके।

डाक विभाग के अनुसार, राखी और मिठाई भेजने के लिए बहनें स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री और पार्सल सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं। जीपीओ के चीफ पोस्ट मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि जीपीओ में एक विशेष काउंटर 24 घंटे चालू है। इसके अतिरिक्त, राखी भेजने के लिए सुबह से शाम तक 10 अन्य काउंटर भी खुले रहते हैं। दूरी के आधार पर राखी 3 से 8 दिनों में गंतव्य तक पहुंच जाती है। अगर राखी विदेश भेजनी हो तो इसमें 10 से 15 दिन लग सकते हैं। विदेश भेजने की प्रक्रिया के तहत लखनऊ से भेजी गई राखी दिल्ली के विदेशी डाकघर कार्यालय में जांच के बाद ही आगे भेजी जाती है। यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसमें सभी नियमों का पालन जरूरी होता है।

राखी की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग ने 10 रुपये में वॉटरप्रूफ कवर भी उपलब्ध कराया है। यह कवर सभी डाकघरों में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

अक्सर साधारण लिफाफों में भेजी गई राखियां बारिश या अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त हो जाती थीं, लेकिन यह विशेष कवर उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करेगा। इस तरह, डाक विभाग की यह पहल उन बहनों के लिए वरदान साबित हो रही है जो दूर रह रहे भाइयों को समय से राखी भेजना चाहती हैं।

अस्पतालों में धूल फांक रहे वेंटिलेटर, मरीजों की उखड़ रही सांसें

राजधानी के अस्पतालों में वेंटिलेटर विशेषज्ञों और बजट की कमी से संस्थानों में बढ़ रहा मरीजों का दबाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मरीजों की उखड़ती सांसों को बचाने के लिए परिजन वेंटिलेटर के लिए एक से दूसरे अस्पतालों के चक्कर काट रहें। इसका फायदा निजी अस्पताल के दलाल उठा रहे हैं। दलाल उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर जमकर वसूली कर रहे हैं। ऐसी आए दिन घटनाएं होने के बावजूद सरकारी अस्पतालों में बंद पड़े वेंटिलेटरों को क्रियाशील नहीं किया जा रहा। प्रमुख अस्पतालों में करीब 50 वेंटिलेटर धूल फांक रहे हैं।

कोविड काल में बड़ी संख्या में वेंटिलेटर की खरीद हुई थी। राजधानी के कई सरकारी अस्पतालों में इनका संचालन शुरू कराया गया। बाद में विशेषज्ञों और बजट की कमी के चलते सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर ताले में बंद हैं। अधिकारियों का कहना है कि वेंटिलेटर को चलाने वाले डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व टेक्नीशियन की कमी है। नतीजतन सभी वेंटिलेटर का संचालन नहीं हो पा रहा है।

केजीएमयू में सबसे ज्यादा करीब 350 वेंटिलेटर का संचालन हो रहा है। इनमें से 74 वेंटिलेटर बेड ट्रॉमा सेंटर में हैं। सभी बेड हमेशा भरे रहते हैं। यहां आने वाले रोजाना करीब 10 से 12 मरीजों को बिना वेंटिलेटर के लौटाया जा रहा है। लोहिया संस्थान में लगभग 130 वेंटिलेटर हैं। इमरजेंसी में 35 वेंटिलेटर हैं। मेडिसिन विभाग में 20, न्यूरोलॉजी में 6, पीडियाट्रिक व एनस्थीसिया विभाग के आईसीयू में 15-15 वेंटिलेटर का संचालन हो रहा है। इसके अलावा अन्य विभागों में वेंटिलेटर का संचालन हो रहा है।

बलरामपुर अस्पताल में 40 वेंटिलेटर हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सभी वेंटिलेटर पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। लोकबंधु अस्पताल में 40 वेंटिलेटर हैं, जिनमें 10 वेंटिलेटर का संचालन हो पा रहा है। बाकी 30 वेंटिलेटर बंद पड़े हैं। महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल में तीन और ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में दो वेंटिलेटर बंद हैं। बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में पांच वेंटिलेटर हैं। ये भी डॉक्टर-कर्मचारियों के अभाव में बंद हैं। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा का कहना है जल्द वेंटिलेटर शुरू कराए जाएंगे।

निजी अस्पतालों से रेफर मरीजों की संख्या अधिक

ट्रॉमा सेंटर के क्रिटिकल केयर यूनिट के प्रभारी डॉ. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि वेंटिलेटर के लिए आने वाले मरीजों की संख्या कारपोरेट अस्पतालों से रेफर होकर आने वालों की ज्यादा है। शुरुआत में परिजन मरीज को इन अस्पतालों में भर्ती करा देते हैं। रुपये खत्म होने पर ट्रॉमा लेकर आते हैं। एक मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत औसतन 7 से 8 दिन की पड़ती है। हलांकि, राहत की बात यह है कि 75 फीसदी मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट से ठीक हो रहे हैं।

नई व्यवस्था से मिलेगी राहत

ट्रॉमा प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि उनकी ओर से शासन को एक प्रस्ताव भेजा गया है कि सभी प्रमुख अस्पतालों में वेंटिलेटर बेडों की जानकारी ऑनलाइन रहे। साथ ही सभी जगह के प्रभारियों को सीयूजी नंबर जारी किया जाए। जिससे मरीज को रेफर करने से पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि किस अस्पताल में वेंटिलेटर खाली है। इससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा।

> ट्रॉमा सेंटर के क्रिटिकल केयर मेडिसिन में 34 वेंटिलेटर बेड हैं। इनमें से 2 बेड अंगदान के मरीजों के लिए आरक्षित रहते हैं। कोशिश रहती है कि सभी मरीजों को बेड उपलब्ध हों। औसतन रोजाना 10 से 12 मरीजों को बेड खाली न होने की स्थिति में लौटाना पड़ता है।
>
> **- डॉ. अविनाश अग्रवाल, प्रभारी क्रिटिकल केयर यूनिट, ट्रॉमा सेंटर**

> ट्रॉमा में कुल वेंटिलेटर बेड 74 संचालित हो रहे हैं। कोशिश रहती है कि कोई भी मरीज वापस न लौटे। बेड खाली न होने की स्थिति में एम्बुबैग के सहारे इलाज शुरू किया जाता है। वेंटिलेटर बेड खाली होने पर मरीज को शिफ्ट कर दिया जाता है।
>
> **-डॉ. प्रेमराज सिंह, प्रभारी ट्रॉमा सेंटर**

अमीनाबाद की चार दवा दुकानों में छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

दुकान में निरीक्षण करती एफएसडीए टीम।

- **नकली और नशीली दवाओं की बिक्री के शक में एफएसडीए की टीम ने की कार्रवाई, तीन लाख की दवाएं फ्रीज**

अमृत विचार : खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की ओर से नशीली और नकली दवाएं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम ने मंगलवार को अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट की चार थोक दवा की दुकानों पर छापेमारी की। करीब तीन लाख रुपये की दवाओं को फ्रीज किया गया। दुकानदार दवाओं के क्रय-विक्रय के बिल नहीं दिखा पाए थे। जबकि एक फर्म में योग्य व्यक्ति की गैरमौजूदगी में दवाओं की बिक्री की जा रही थी। फर्म से दवाओं के क्रय-विक्रय पर पाबंदी लगा दी गई है। छापेमारी के दौरान कुल 11 दवा के नमूने एकत्र किए गए। जांच के लिए नमूने राजकीय प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। इनमें तीन नमूने नॉरकोटिक्स दवाओं के भी शामिल हैं।

एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने निर्देशन में ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्य, विवेक कुमार सिंह, उन्नाव के ड्रग इंस्पेक्टर अशोक कुमार और सीतापुर की ड्रग इंस्पेक्टर अनीता कुरील की टीम ने अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में छापेमारी की। सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि मेसर्स ओम साई राम मेडिकोज पर 2.60 लाख रुपये की नॉरकोटिक्स दवाएं एवं मेसर्स श्री बांके बिहारी फार्मा पर 40 हजार की अन्य औषधियों को फ्रीज किया गया। फर्मों को निर्देशित किया गया है कि नॉरकोटिक्स एवं अन्य दवाओं के कय-विक्रय का सत्यापन कराये जाने के बाद ही विक्रय किया जायेगा। मेसर्स दवा च्वाइस फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड पर दवाओं के विक्रय बिल में अनिमितता पाई गई। साथ ही फर्म के कॉम्पीटेंट पर्सन पूजा तिवारी गैरहाजिर थीं। लिहाजा फर्म से दवाओं के कय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। फर्म का संचालन बंद कराते हुए जवाब तलब किया है। इसके बाद टीम मेसर्स गुरुजी फार्मास्सिटिकल पहुंची। दवाओं व बिल की जांच की।

सिटी ब्रीफ

भूजल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भूजल सप्ताह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन जागरण है। यह हमारी धरती की प्यास बुझाने का संकल्प है। इस अभियान को सिर्फ एक सप्ताह की जागरूकता तक सीमित मत रखें। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। जलशक्ति मंत्री मंगलवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित भूजल सप्ताह-2025 के राज्य स्तरीय समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मरीज-तीमारदारों को बांटी छाछ और गमछा

अमृत विचार, लखनऊ : चंदा रानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीज-तीमारदारों को अशोक अग्रवाल के पौत्र अविरल अग्रवाल के जन्म दिवस के मौके पर गमछा छाछ और ब्रेड का वितरण किया गया। संयोजक सिद्धार्थ जैन ने बताया कि यह सामान अशोक अग्रवाल के परिवार के द्वारा 101 लोगों को निशुल्क वितरण किया गया।

निजी अस्पताल में वृद्धा की मौत, हंगामा

परिजन ने लगाया इलाज में लापरवाही और वसूली का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर के निजी अस्पताल में बिहार की रहने वाली बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिवारीजनों ने निजी अस्पताल संचालक और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। साथ ही करीब पौने दो लाख रुपये वसूलने का भी आरोप लगाया। मौके पर पहुंची गोमती नगर पुलिस ने मृतक के परिवारीजनों को समझाकर शांत कराया। साथ ही बिल भी कम करवाया गया, जिसके बाद परिवारीजन माने और शव लेकर चले गए।

बिहार गोपालगंज निवासी महिला (72) को दिल की बीमारी थी। वह लखनऊ में अपने परिचित के घर आई हुई थीं। सोमवार दिन में उन्हें दर्द और उलझन महसूस हुई। तबीयत बिगड़ने पर परिवारीजनों ने उन्हें गोमती नगर विकास खंड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार दिन में उनकी मौत हो गई। परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मरीज की मौत पर हंगामा शुरू कर दिया। बेटे ने आरोप लगाया कि अस्पताल वालों ने एक लाख 72 हजार रुपये का बिल बना दिया, जबकि इलाज महज एक ही दिन किया गया। हंगामे की सूचना पर गोमती नगर थाने की पुलिस पहुंची। काफी देर तक मान मनौव्वल चलता रहा। आखिरकार पुलिस के हस्तक्षेप के बाद परिवारीजनों से 40 हजार रुपये इलाज का बिल जमा कराया गया। परिवारीजन भी शांत हो गए। शव लेकर चले गए।

पुरनिया के निजी अस्पताल में बच्चे की मौत पर आक्रोशित हुए परिजन

अमृत विचार, लखनऊ : पुरनिया बंधा रोड स्थित हर्ष हॉस्पिटल में मंगलवार सुबह मासूम बच्चे की मौत हो गई। परिवारीजनों का आरोप है अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे। स्टाफ ने डॉक्टर से फोन पर दवा पूछकर बच्चे का इलाज कर रहा था। मौत के डेढ़ घंटे बाद परिवारीजनों को सूचना दी गई। नाराज परिवारीजनों ने हंगामा किया। मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिवारीजनों को शांत कराया। सीतापुर के महरोहरा के रहने वाले इंद्रप्रकाश के बेटे हर्षित (3) को आंत में दिक्कत थी। परिवारीजन इलाज के लिए पहले नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टर ने केजीएमयू ट्रॉमा रेफर कर दिया। सोमवार रात वह बच्चे को लेकर ट्रॉमा गए। वहां पर काफी देर इंतजार बाद भी बेड नहीं मिला। आरोप है अस्पताल के दलाल ने बेहतर इलाज का झांसा देकर हर्ष हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। चाचा सुमित का आरोप है पूरी रात अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं थे। मैनेजर व दूसरे स्टाफ डॉक्टर से फोन पर दवा पूछकर बच्चे का इलाज करते रहे। इस दौरान बच्चे की हालत बिगड़ गई। सुबह करीब साढ़े चार बजे बच्चे की मौत हो गई। स्टाफ ने घटना की सूचना करीब डेढ़ घंटे तक दबाए रखा। सुबह करीब छह बजे परिवारीजनों को बच्चे के मौत की जानकारी दी गई। घटना से नाराज परिवारीजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिवारीजनों ने सीएमओ से शिकायत करने की बात कही है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है अस्पताल की वीडियो फुटेज संग इलाज संबंधित रिकार्ड तलब किया जाएगा। जांच में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की संस्तुति होगी।

पार्किंग प्रबंधन और स्वच्छता के लिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल जिला संघ ने 21-22 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय पार्किंग प्रबंधन और स्वच्छता जनजागरूकता अभियान मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अभियान का आयोजन जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबन्धक (परिचालन) रजनीश गुप्ता तथा जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. दीक्षा चौधरी और जिला आयुक्त (स्काउट) अरिजीत सिंह के कुशल निर्देशन में किया गया। इस अभियान में स्काउट्स-गाइड्स के 25 सदस्यों ने पार्किंग प्रबंधन और स्वच्छता जागरूकता फैलाने में सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान स्काउट-गाइड सदस्यों द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में रेल कर्मियों से उचित स्थान पर वाहन पार्किंग व्यवस्था का पालन करने तथा मंडल कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गयी।

मरीजों से जमा कराए गए लाखों रुपये डकार गए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अलीगंज सीएचसी का मामला, सरकारी खाते में नहीं जमा किए गए रुपये**
- **नए अधीक्षक के ज्वॉइन करने पर हुआ खुलासा**

अमृत विचार : अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर इलाज कराने आने वाले मरीजों से जमा करवाए गए लाखों रुपयों के गबन का मामला प्रकाश में आया है। जमा धनराशि सरकारी कोषागार में जमा नहीं कराई गई। इसका खुलासा नए अधीक्षक के ज्वॉइन करने पर हुआ है। खुद को फंसता देख अधीक्षक ने इसकी शिकायत प्रमुख सचिव से की है। अफसर मामले को दबाने में जुट गए हैं।

अलीगंज सीएचसी के तत्कालीन अधीक्षक डॉ. सोमनाथ के दो वर्ष तक के कार्यकाल में मरीजों के इलाज के लिए पंजीकरण पर्चा, भर्ती मरीज के बेड की फीस जमा करवाई गई, लेकिन वह रुपये सरकारी खाते में नहीं जमा करवाए गए। डॉ. सोमनाथ का मार्च में स्थानांतरण हो गया। उनकी जगह पर गुडंबा सीएचसी से डॉ. विनय कुमार सिंह अधीक्षक बनाए गए। राजस्व मिलान में पंजीकरण शुल्क व दूसरे मद के दो लाख रुपये से अधिक की धनराशि सरकारी कोष में नहीं जमा करवाई गई। उन्होंने अलीगंज सीएचसी से माल स्थानांतरित हो गए बाबू मत्युंजय, अलीगंज के वर्तमान संविदा बाबू विजय, फार्मासिस्ट श्रीश मिश्रा से जानकारी जुटाई, लेकिन किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। ऐसे में डॉ. विनय ने सीएमओ कार्यालय के अफसरों को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी, लेकिन वहां मामले को दबा दिया गया। अपने बचाव के लिए डॉ. विनय सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को पत्र लिख जांच कराने की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, प्रमुख सचिव के निर्देश पर सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कमेटी बनाकर मामले की जांच शुरू की है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने पूर्व अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह, बाबू मत्युंजय, संविदा बाबू विजय, फार्मासिस्ट श्रीश मिश्रा को अपने कार्यालय बुलाकर पूछताछ की है। इस मामले में पूर्व अधीक्षक डॉ. सोमनाथ का कहना है कि मैं अलीगंज सीएचसी का चार्ज देकर नवीन तैनाती स्थल आ गया हूं। मेरी तरफ से मरीजों के जमा रुपये को लेकर कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

व्यापार पत्रिका के विशेष अंक का विमोचन करते संदीप बंसल व अन्य।

व्यापारी कल्याण दिवस विशेषांक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : मासिक व्यापार पत्रिका के व्यापारी कल्याण दिवस विशेष अंक का विमोचन मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने दारुलशफा स्थित अपने कार्यालय में किया। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा भामाशाह जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस आयोजित कर प्रदेश के व्यापारी समाज को गौरव प्रदान किया है। इस व्यापार पत्रिका में व्यापारी कल्याण दिवस की प्रदेश भर में आयोजित हुई कार्यवाही का सचित्र प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, आकाश गौतम, प्रदेश के संगठन मंत्री जावेद बेग, अश्वन वर्मा, एकता अग्रवाल, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम आदि मौजूद रहे।

मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में बनेगी सात मंजिला ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **संस्थान प्रशासन ने प्रस्ताव शासन को भेजा**

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में सात मंजिला ओपीडी भवन बनेगा। इसी से सटे भवन में मरीजों के भर्ती की व्यवस्था होगी। यही नहीं परिसर में 750 के बजाय 1000 बेड क्षमता का अस्पताल भी बनेगा। इसको लेकर संस्थान प्रशासन की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

प्रस्ताव के मुताबिक, सात मंजिला ओपीडी भवन में 12 से अधिक विभागों की ओपीडी का संचालन होगा। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि भवन में मेडिसिन, त्वचा, नेत्र, मानसिक, इंडोक्राइन मेडिसिन, इंडोक्राइन सर्जरी, जनरल सर्जरी, ईएनटी, रेस्पीरेटरी मेडिसिन समेत दूसरे विभागों की ओपीडी का संचालन होगा। खास बात यह है कि जिस तल पर ओपीडी चलेगी। उसी तल पर संबंधी विभाग के मरीज दूसरे भवन में भर्ती किए जाएंगे। डॉक्टर, पैरामेडिकल, मरीज, तीमारदार ओपीडी से वार्ड में आसानी से जा सकेंगे।

निदेशक ने बताया कि अभी दूसरे परिसर में सात मंजिला का हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। अभी तक इसमें ओपीडी का प्रावधान था। लेकिन ओपीडी के लिए अलग से भवन तैयार होगा। लिहाजा ओपीडी से खाली हुए तल को वार्ड में तब्दील किया जाएगा। 750 बजाय 1000 बेड का हॉस्पिटल बनेगा। इन विभागों की इमरजेंसी भी नए परिसर में संचालन होगी।

विजय दिवस कार्यक्रम की परखी तैयारी

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कारगिल विजय दिवस पर प्रत्येक वर्ष की भांति कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 1999 के कारगिल युद्ध में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जुलाई को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को कारगिल शहीद स्मारक का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया।

कारगिल विजय दिवस की तैयारी का जायजा लेते नगर आयुक्त गौरव कुमार।

उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई, सजावट, विद्युत व्यवस्था, मंच व्यवस्था, यातायात संचालन, पानी की उपलब्धता एवं बैठने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अधिशासी अभियंता किशोरी लाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कोटेदारों की हड़ताल खत्म, आज से बंटेगा राशन

अमृत विचार, लखनऊ : राशन कोटेदारों की प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल मंगलवार शाम समाप्त हो गई। बुधवार से कोटेदारों की ओर से राशनकार्डधारकों को मुफ्त राशन का विधिवत वितरण किया जाएगा।

मालूम हो कि कमीशन बढ़ाने, छह माह के बकाया कमीशन का भुगतान कराने और सिंगल स्टेप डिलीवरी व्यवस्था लागू करने की मांग के लिए ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर कोटेदारों ने 15 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर व 18 जुलाई को जवाहर भवन का घेराव कर मुख्यमंत्री व अन्य विभागीय आला अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन सौंपा था। शासन ने 20 जुलाई से 10 अगस्त तक खाद्यान्न वितरण के निर्देश जारी किए थे, जबकि कोटेदार संगठन ने अपनी मांग को पूरा करने लिए 20 से 22 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल की घोषणा कर दी थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरा इंटर मीडिएट वर्ष–2023 जिसका अनुक्रमांक–2235963636 है का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **–मयंक पुत्र राकेश कुमार विद्यालय अटल बिहारी इंटर कालेज उन्नाव**

सूचना

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1378117 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **राहुल कुमार पुत्र फूल सिंह कसहरी बाँधमऊ जनपद औरैया**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता आवासीय भूखण्ड संख्या–48 व 48ए कुल रकबा 2595 वर्गफिट जो खसरा संख्या 95 व 116 का भाग है, स्थित–ग्राम कासिमपुर पकरी, वार्ड जय शंकर नगर, जिला–लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो अजय रेलवे सहकारी आवास समिति लि0 द्वारा मेजर ऐ0 पी0 पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित है जो कार्यालय उपनिबंधक लखनऊ में बही 1 जिल्द 169 पृष्ठ 383–400 क्रमांक 1791 पर दिनांकित 23.02.1993 को पंजीकृत है का अन्तिम पृष्ठ (पेज–9) जो कि वर्तमान स्वामी मेजर ऐ0 पी0 पाण्डेय द्वारा दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 2 से शाम 7 बजे के बीच बंगला बाजार मार्केट में कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। उपरोक्त सम्पत्ति में से 580 वर्गफिट का भूखण्ड कृष्ण कुमार यादव द्वारा क्रय किया जा रहा है जो कि आई0सी0आई0सी0 आई0 एच0एफ0सी0. से लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त विक्रय विलेख का खोया हुआ पृष्ठ प्राप्त हुये हो अथवा इस संदर्भ में कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करे। **श्री अमित कुमार सिंह राठौर, अधिवक्ता,** पता–चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0– 8299515101 ई–मेल: advoffice04@gmail.com.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल विक्रय विलेख (चेन डीड्स), जो उप-पंजीयक कार्यालय, फतेहपुर, बाराबंकी में विधिवत रूप से पंजीकृत किए गए थे, जिनके दस्तावेज़ क्रमांक 1276, दिनांक 11/04/1988, दस्तावेज़ क्रमांक 3189, दिनांक 02/08/2002 एवं दस्तावेज़ क्रमांक 2427, दिनांक 12/05/2004 हैं, जो गाटा संख्या 1383, ग्राम बहरौली, परगना कुर्सी, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी स्थित संपत्ति से संबंधित हैं-ये दस्तावेज मेरे मुवक्किल "टू पावर लिमिटेड" के पास से खो गए हैं, जिसके निदेशक श्री हरि ओम तिवारी, पुत्र श्री राजेश कुमार तिवारी, निवासी प्लॉट संख्या 7, प्रगति नगर, टकरोही, प्राथमिक विद्यालय इंदिरा नगर के पास, नगर व जिला लखनऊ है।
उपरोक्त संपत्ति के स्वामी उक्त संपति को एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में गिरवी रखने जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था/बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर सूचित करें। निर्धारित समयावधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। **बी.एन. त्रिपाठी, एडवोकेट,** पता: सी–15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मोबाइल: 9336127853

NOTICE

I AM PRIYADARSHI ABHISHEK FATHER OF AMISH SRIVASTAVA E-2792 RAJAJIPURAM LUCKNOW. MY CHILD NAME IS AMISH SRIVASTAVA AS MENTIONED IN HIS BIRTH CER.NO-NNLKO-B-2015-284933 AND ADHAR NO-581827131313 HIS NAME HAS BEEN WRONGLY MENTIONED AS AMISH SRIVASTAV IN SCHOOL RECORD . MY CHILD'S CORRECT AND FULL NAME IS AMISH SRIVASTAVA. AMISH SRIVASTAV AND AMISH SRIVASTAVA BOTH ARE THE NAME OF SAME PERSON

NOTICE

I, RADHEY Shyam Gupta R/o- H.No. 169, Mohalla Raiganj, City Ayodhya, Distt. Ayodhya. declare that my sub name is Radhey Shyam Modanwal as is written in Adhar card but my self name familiar in Society as Radhey Shyam Gupta also. both name is of one person.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी द्वारा कराई गई भारतीय जीवन बीमा निगम मे पालिसी संख्या 218334413 के पालिसी बांड मे नाम बिट्टा देवी दर्शाया गया है, जबकि आधार कार्ड मे नाम बृजपाली अंकित है। दोनों नाम मेरा ही है। अब मुझे बृजपाली के नाम से जाना पहचाना जाए। **प्रार्थिनी– बृजपाली पत्नी राम शब्द, निवासिनी ग्राम मधवानगर, पोस्ट पिरवरतारा, जिला–गोंडा (उप्र)**

सूचना

मेरे पुत्र दुर्गेश कुमार और प्रिया पत्नी दुर्गेश कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है। मैंने उन दोनों के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपने पुत्र और बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उनके किसी भी प्रकार के विवादों से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। मैंने उन दोनों से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए हैं। **रमेश कुमार पुत्र स्व. सत्यदेव पूरे अजमेर सिंह मजरे शोभवापुर थाना लालगंज रायबरेली।**

सूचना

सूचित हो कि मै हाजिन जैतून बेगम पत्नी हाजी जुम्मन सिद्दीकी, निवासी मोहल्ला जेरकिला तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज। मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम हाजिन जैतून बेगम पत्नी हाजी जुम्मन सिद्दीकी है तथा पासपोर्ट में जैतून बेगम पत्नी जुम्मन पुत्री वली मोहम्मद है। यह कि आधार में अंकित हाजिन जैतून बेगम पत्नी हाजी जुम्मन सिद्दीकी तथा पासपोर्ट में अंकित नाम जैतून बेगम पत्नी जुम्मन पुत्री वली मोहम्मद दोनो नाम की एक ही महिला है जिन्हें दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **रामनरेश पुत्र जगप्रसाद, निवासी– ग्राम सूर्यपुर खपरैला, पोस्ट–बधौरा, थाना– सफदरगंज, जनपद– बाराबंकी,** मेरे दो पुत्र हैं बड़े बेटे का नाम लालचन्द व छोटे बेटे का नाम श्रीचन्द है। मेरा बड़ा बेटा लालचन्द्र बहुत ही शराबी, बदचलन एवं अपराधिक किस्म का व्यक्ति है, लालचन्द व उसकी पत्नी द्वारा हमको मारा–पीटा जाता है और अपमानित करके घर से निकाला जाता है। मुझे शारीरिक व मानसिक यातनाएं देकर परेशान किया जाता है उसके इन कृत्यों से बहुत परेशान होकर मैं लालचन्द को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से लालचन्द से कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

मेरे पुत्र के बीमा पालिसी संख्या C 130506445 में नाम इंग्लिश की स्पेलिंग में DIBYANSH SRIVASTAV लिखा है जो की गलत है, जबकि आधार कार्ड नम्बर 821754580630 में नाम स्पेलिंग DIVYANSH SRIVASTAV लिखा है और जन्म तिथि 05/02/2007 है जो सत्य है, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। **मनोज कुमार श्रीवास्तव पुत्र कैलाश चंद्र श्रीवास्तव, ग्राम महादेव मिश्र, बलरामपुर।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रणजीत कुमार पुत्र बिरजू राम, निवासी– ग्राम व पोस्ट जैतूपुर जिला अम्बेडकरनगर**, मेरा पुत्र उज्जवल स्टेला मैरिस कान्वेंट स्कूल नरायनपुर जनपद सुलतानपुर में वर्तमान शिक्षा सत्र में (कक्षा 02 सेक्सन –सी रोल नम्बर –54 एडमीशन नम्बर 914/2024) शिक्षा ग्रहण कर रहा है। यह कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम उज्जवल लिखा है जबकि उसके आधार कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र में उसका नाम उज्जवल कुमार लिखा है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम उज्जवल कुमार (UJJWAL KUMAR) अंकित किया जाय और इसी नाम से उसे जाना व पहचाना जाय।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध
1	स्व0 दुर्गावती देवी (क्रेता)	भूखण्ड सं0- बी-5/134	विपुल खण्ड	20.05.2019	श्री संजय सिंह	रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर	पुत्र
2	स्व0 बृज रानी गुप्ता	भूखण्ड सं0- सी-3/59	विकल्प खण्ड	24.07.2024	श्री पंकज गुप्ता (पुत्र)	1. श्रीमती प्रिया गुप्ता 2. श्रीमती प्रीति अग्रवाल	पुत्री पुत्री
3	स्व0 सत्येन्द्र प्रकाश	भूखण्ड सं0-19	सेक्टर-आई., बसन्त कुन्ज हरदोई रोड योजना	22.10.2024	श्री आशुतोष कुमार बाजपेयी	संतोष अम्बरीश बाजपेयी अराधना पाण्डेय	पुत्र पत्नी पुत्र विवाहित पुत्री
4	श्री हृदय नारायण मिश्रा	भूखण्ड सं0- सी-8/204 सेक्टर-8	जानकीपुरम विस्तार	29.04.2021	श्री देव मणि मिश्रा (पुत्र)	1. श्रीमती मिथिलेश मिश्रा-पत्नी 2. श्रीमती प्रेमलता मिश्रा-विवाहित पुत्री 3. श्रीमती पूनम मिश्रा-विवाहित पुत्र	पुत्र
5	स्व0 जुगुल किशोरी देवी	भूखण्ड सं0- सी-1/334	विभव खण्ड	13.05.2020	श्रीमती अरूणिमा राय	--	पुत्री

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

सिटी ब्रीफ

महापौर ने कर्मचारी संगठनों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिलने पर मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल के कैंप कार्यालय में विशेष बैठक हुई। जिसमें नगर निगम लखनऊ और जलकल विभाग के सभी प्रमुख कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष एवं महामंत्री पहुंचे। महापौर ने सभी संगठनों के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक विभाग या पदाधिकारी की नहीं, बल्कि आप सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम है। आपने गर्मी, बरसात और चुनौतियों के बावजूद सेवा भावना से काम किया है, इससे लखनऊ को यह गौरव प्राप्त हुआ है।

इकरा पर करणी सेना की टिप्पणी शर्मनाक : शाइस्ता

शाइस्ता अम्बर।

अमृत विचार, लखनऊ : आल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अम्बर ने करणी सेना के उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राणा द्वारा सांसद इकरा हसन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि इस अभद्र टिप्पणी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। यह बयान एक निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि भारत की हर महिला की गरिमा पर आघात है। इस गंभीर मामले में बोर्ड ने प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को औपचारिक पत्र भेजा है ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इकरा हसन न केवल एक युवा सांसद हैं, बल्कि वे लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से शिक्षित, समझदार और प्रगतिशील सोच वाली महिला हैं। उनके प्रति इस प्रकार की भाषा न केवल व्यक्तिगत अपमान है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों को भी ठेस पहुंचाता है।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

किसानो की खाद, बिजली और पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

अमृत विचार: शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खरीफ की फसल की बुआई के समय किसानों को खाद, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों से किए वादे पूरे नहीं कर रही है। किसानों को मुफ्त बिजली देने का दावा झूठा साबित हो रहा है, वहीं खाद के लिए उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम ने राज्यपाल से मांग की कि सरकार को निर्देश दें कि किसानों को आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। कांग्रेस ने आश्वस्त किया कि वह किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडे, अजय वर्मा, किश्वर जहां, एडवोकेट आरबी सिंह, रईस अहमद, मनीष जायसवाल, अभय सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

परिवर्तन चौक पर मार्च निकालते कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के पदाधिकारी।

करछना की घटना के विरोध में भाकपा (माले) ने किया मार्च

अमृत विचार, लखनऊः प्रयागराज के करछना में दलितों के दमन के खिलाफ भाकपा (माले) की राज्य इकाई के आह्वान पर मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में स्वास्थ्य भवन चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रतिवाद मार्च निकाला। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर पवन पटेल को सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए सेंगर ने दलितों पर बढ़ते अत्याचार व फर्जी मुकदमों की निंदा की और कहा कि करछना की घटना सवर्ण दबंगों व पुलिस की मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने बंद दलित युवाओं की रिहाई और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। आंदोलन में किसान महासभा, आइसा, इनौस व ऐपवा से जुड़े कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

डॉ. रुचिता ने मीडिया साक्षरता कोर्स की रिकॉर्डिंग की पूरी

अमृत विचार, लखनऊः ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने 'स्वयं प्रभा' चैनल के लिए 20 घंटे के 'मीडिया साक्षरता (अंग्रेज़ी)' कोर्स की रिकॉर्डिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह कोर्स भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से संचालित 'स्वयं प्रभा' डीटीएच चैनल संख्या 28 पर प्रसारित किया जाएगा। स्वयं प्रभा, उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों के 40 डीटीएच चैनलों का एक समूह है, जो 24x7 जीसैट-15 सैटेलाइट के माध्यम से देश-विदेश के शिक्षार्थियों को ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराता है। कोर्स की रिकॉर्डिंग 14 से 19 जुलाई के बीच स्वयं प्रभा के मीडिया टेक्नोलॉजी सेंटर कानपुर में संपन्न हुई। कुलपति डॉ. अजय तनेजा ने कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि हमारे संकाय सदस्य राष्ट्रीय मंच पर शिक्षा को समृद्ध कर रहे हैं।

चंद्रमौली बने आर्य महासभा त्रिदंडी के प्रदेश अध्यक्ष, सुमन उपाध्याय मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः कुर्सी रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय पर हुई अखण्ड आर्यावृत आर्य त्रिदंडी महासभा की बैठक में संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पंकज कुमार को राष्ट्रीय संयोजक, चंद्रमौली शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष तथा सुमन उपाध्याय को प्रदेश मंत्री मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने मनोनयन पत्र सौंपा।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य ब्रहमलीन रामानुज जीयर स्वामी त्रिदंडी महाराज के आदर्शों पर चलते हुए सनातनी समाज को एकजुट कर भारत को सशक्त हिन्दू राष्ट्र बनाना है। जात-पात की करो विदाई, हिन्दू-हिन्दू भाई-भाई के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। साथ ही सनातन बोर्ड के गठन की भी जोरदार मांग उठाई गई। संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर बाबा महादेव, सिद्धार्थ दुबे, श्रीराम तिवारी, अनीता तिवारी, अंकेश चौहान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बड़ा बाग हुसैनाबाद में मनाया यौमे बीमारे कर्बला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मौलाना तसनीम मेहदी ने मजलिस को किया खिताब

अमृत विचारः शियों के चौथे इमाम हजरत जैनुलआब्दीन की शहादत की याद में मंगलवार को हुसैनाबाद के बड़ा बाग (जहरा कालोनी) में यौमे बीमारे कर्बला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौलाना तसनीम मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस बाद अंजुमन जुल्फिकारिया (जौनपुर) ने दहकती जंजीर का मातम किया।

अमेठी से आई अहले सुन्नी की अंजुमन सीरते हुसैनी और हरदोई के पिहानी से आई अंजुमन हुसैनिया कदीम के नौहाख्वान छोटे लाल यादव ने शानदार नौहे पेश किये। अंजुमन नय्यरुल इस्लाम और गुलजारे पंजतन ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। जाहिद कानपुरी के संचालन में हुए इस आयोजन में अरमान हैदर ने पेशख़्वानी की। अलविदाई मजलिस को मौलाना समर हैदर ने खिताब किया।

दरगाह हजरत अब्बास में मौलाना कल्बे अहमद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत अब्बास वह शख्सियत हैं जिन्होंने हजरत इमाम हुसैन की गोद में आंख खोली। मुफ्तीगंज स्थित शायर-ए-अहलेबैत आसिफ लखनवी के अजाखाने में मौलाना अब्बास नासिर सईद ने मजलिस को खिताब किया। अमीनाबाद स्थित मस्जिद पड़ाइन में आज से पांच दिवसीय मजलिसों का सिलसिला शुरू हुआ। मौलाना मीसम जैदी ने इस मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके परिवार पर हुए जुल्मों की दास्तान को बयान किया। सरफराजगंज स्थित इमामबाड़ा रजा इरशाद नकवी में यादे बीमारे कर्बला का आयोजन किया गया। इस मजलिस को मौलाना सदफ जौनपुरी ने खिताब किया।

कासिम शहीद बाबा का सालाना उर्स 6 से

अमृत विचार, लखनऊ : दिलकुशा गार्डन के विलायती बाग स्थित हज़रत कासिम शहीद बाबा का सालाना उर्स 6, 7 व 8 अगस्त को मनाया जाएगा। हजरत शहीद कासिम बाबा सेवा समिति के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक दरगाह के सज्जादानशीन जुबैर अहमद खां की अध्यक्षता में हुई। इसमें उर्स मनाए जाने की बात तय हुई। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि उर्स की तैयारियों को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। 6 अगस्त को मगरिब की नमाज के बाद मिलाद-शरीफ शुरू होगा जो इशां की नमाज से पहले खत्म हो जाएगा। इसके बाद मजार पर सरकारी चादर चढ़ायी जायेगी। इस मौके पर देश व प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआ की जाएगी। रात में नातिया मुशायरा होगा। 7 अगस्त को महफिले समां विशेष कव्वाली प्रोग्राम और 8 अगस्त को महफिले समां, नातिया कव्वाली का कार्यक्रम होगा। बैठक में दरगाह कमेटी के पदाधिकारी में मुख्य रूप से इजहार अहमद, बृजेश श्रीवास्तव, संतोष कुमार वर्मा, एजाज अहमद, कार्यकारिणी सदस्य जुनैद अहमद, जेपी यादव, भीम बहादुर गुरंग, नईम अहमद एवं जुऐद अहमद खॉन आदि उपस्थित हुए।

नाटक डैडी में रोगी के रूप में नजर आएंगे अभिनेता अनिल रस्तोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 25 और 26 को संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया जाएगा मंचन

अमृत विचारः 25 व 26 जुलाई को नाट्य संस्था दर्पण की ओर से नाटक डैडी का मंचन किया जाएगा। संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में मंचित होने वाला यह नाटक इस मायने में एतिहासिक होगा कि इसमें प्रख्यात अभिनेता और निर्देशक सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में वरिष्ठतम अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी अभिनय करते दिखाई देंगे। अनिल रस्तोगी सेवा निवृत्त वैज्ञानिक होने के साथ ही शानदार रंगकर्मी और प्रख्यात फिल्म अभिनेता हैं। 82 वर्षीय डॉ. अनिल रस्तोगी नाटक डैडी में डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के रोगी के रूप में नजर आएंगे। दर्पण डैडी का मंचन ऐसे समय में कर रही है जब दर्पण के संस्थापक प्रोफ़ेसर सत्यमूर्ति का जन्म शताब्दी वर्ष है।

नाटक के सम्बन्ध में इसके नायक डॉ. अनिल रस्तोगी, लेखक और निर्देशक सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ और सहायक निदेशक शिवांगी निगम ने मंगलवार को पत्रकारों को इस नाटक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने बताया कि डॉ. अनिल रस्तोगी को निर्देशित करना मेरे लिए एक चुनौती की तरह से था। मैं एक ऐसी कहानी की तलाश में था जो कुछ अलग तरह की हो। जिसमें उनकी प्रतिभा का पूरा इस्तेमाल किया जा सके। डैडी मुझे इस मामले में बिल्कुल फिट नजर आई।

अनिल रस्तोगी बहुत वरिष्ठ हैं, उन्हें निर्देशित करना आसान नहीं था लेकिन जब रिहर्सल शुरू हुआ तो सब कुछ सहज हो गया। डॉ. अनिल रस्तोगी ने बताया कि दर्पण की शुरुआत कानपुर में हुई थी। 1971 में लखनऊ में दर्पण शुरू हुआ। उर्मिल कुमार थपलियाल और हल्लो भैया जैसे बड़े रंगकर्मी इससे जुड़े। 1960 में एनएसडी शुरू हो चुका था। पास आउट के लिए कोई प्लेटफार्म नहीं था। दर्पण उनके लिए प्लेटफार्म बना। सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 1988 में दर्पण के साथ पहली बार काम किया। शिवांगी निगम ने बताया कि इस नाटक में यह दिखाया है कि बीमार को दुनिया कैसी दिखती है। इसका सेट ऐसे बनाया कि जमीन और आसमान का फ़र्क़ नजर आए।

लौलाई झील किनारे लगाए 500 से अधिक पौधे

महापौर ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर की कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ नगर निगम की ओर से मंगलवार को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत भरवारा मल्हौर वार्ड में स्थित लौलाई झील के किनारे वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर सुषमा खर्कवाल ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर की। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रयास से जुड़ने की अपील की।

क्षेत्रीय पार्षद ममता रावत, सपा पार्षद दल के नेता कामरान बेग, पार्षद संजय सिंह राठौर, पार्षद अरुण राय, पार्षद राम कुमार वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर व गौतम रावत, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव उपस्थित रहे। नगर निगम के उद्यान अधीक्षक शशिकांत शशि एवं गंगाराम गौतम ने बताया कि झील के चारों ओर 500 से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें आम, अमरूद, सिंदूर, बेल, आंवला, पीपल, नीम, बॉटल ब्रश, जामुन, कचनार, इमली, पाकड़, बरगद, रुद्राक्ष, पारिजात और अर्जुन जैसी औषधीय, छायादार एवं फलदार प्रजातियां शामिल हैं।

रुद्राक्ष का पौधा लगातीं महापौर सुषमा खर्कवाल साथ में नगर निगम के उद्यान अधीक्षक और अन्य। अमृत विचार

घर या आसपास पौधे जरूर लगाएं ताकि सुधरे पर्यावरण : वनमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति की ओर से पौधरोपण का आयोजन नवभारत पार्क नादान महल रोड में किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने कहा कि घर या आसपास पौधे जरूर लगाएं जिससे पर्यावरण में सुधार हो। कहा कि यूपी की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में लगभग 37 करोड़ से ज्यादा पौधे लगा चुकी है। अध्यक्षता कर रहे डॉ. अम्मार रिज़वी ने कहा कि हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में पौधरोपण अभियान जारी रखेगी। समिति के प्रदेश सचिव देव वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा नेता सुधीर हलवासिया, प्रवक्ता शबनम पाण्डेय, मो. शोएब सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन सुरेश पाण्डेय, पार्षद राहुल मिश्रा, फायर एसोसिएशन के महामंत्री सतीश मिश्र, एसयू शाह, जेपी. वाजपेयी, अनूप सिंह, मेराज अंसारी, अध्यक्ष, मो. रिज़वान, आशीष शुक्ला, उपाध्यक्ष, लखनऊ सेंट्रल बार, मो. शोएब, अकबरी गेट व्यापार मण्डल, सुरेश पाण्डेय, आरएन त्रिपाठी, महेन्द्र सोनकर, आलोक मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, अंकित पाण्डेय, नदीम अहमद, रामसकल मिश्रा उपस्थित रहे।

भाषा विश्वविद्यालय में नामित किया गया छात्रवृत्ति प्रभारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है।

जिसमें सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए डॉ. राहुल मिश्र, डॉ. अभय कृष्णा को अन्य पिछड़ा वर्ग, डॉ. मनीष कुमार को एससी-एसटी और डॉ. मूसी रज़ा को अल्पसंख्यक वर्ग को छात्रवृत्ति प्रभारी के रूप में नामित किया है। सभी वरिष्ठ प्राध्यापक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में इनका लंबा अनुभव रहा है। वे अब छात्रवृत्तियों से संबंधित सभी गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे, जिनमें छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया, पात्रता परीक्षण, दस्तावेज़ सत्यापन, और वितरण की निगरानी शामिल है।

सिटी डायरी

कार्यक्रम में मौजूद लोग।

महेश स्वीट्स का नया आउटलेट शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : महेश स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट ने राजधानी में तीसरे आउटलेट की शुरुआत की है। महेश स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर योगेश चावला ने बताया कि ये आउटलेट अयोध्या रोड के तिवारीगंज स्थित आरबीएन लैंडमार्क स्क्वायर में स्थित है। उन्होंने बताया कि महेश स्वीट्स का यह नया केंद्र अपने प्रामाणिक स्वाद और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए प्रसिद्ध ग्राहकों को एक बेहतरीन खानपान अनुभव प्रदान करेगा।

यूनियन बैंक ने वितरित किया 2.55 करोड़ का ऋण

कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी व यूनियन बैंक के महाप्रबंधक।

अमृत विचार, लखनऊ : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ अंचल ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत गोमती नगर स्थित यूनियन बैंक भवन परिसर में 55 युवाओं को 2 .55 करोड़ रुपये का ऋण क्लाउड किचन, रेस्टोरेंट, टेंट हाउस, कंप्यूटर शॉप आदि व्यवसायों के लिए प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये का ऋण बैंक की अन्य एमएसएमई योजनाओं के तहत वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाख जी ने लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया। अध्यक्षता यूनियन बैंक के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने की। इस मौके पर उत्कृष्ट शाखा प्रबंधकों को सम्मानित किया गया।

नाटक

सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्था अनादि की ओर से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया मंचन

अब बस भी करो यार में दिखा स्कूलों में व्याप्त भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्था अनादि की ओर से संस्कृति विभाग के सहयोग से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक अब बस भी करो यार का मंचन किया गया। मनोरमा श्रीवास्तव द्वारा लिखित और संदीप देव द्वारा निर्देशित इस नाटक में सरकारी विद्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तीखा व्यंग्य किया गया है।

नाटक की शुरुआत एक भावुक प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना... से होती है। छात्र और शिक्षक इसे एक सुर में गाते हैं

राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

मानो देश का भविष्य संवारने को तत्पर हों, लेकिन प्रार्थना के अंत के साथ ही जैसे एक नया पर्दा उठता है। स्कूल के स्टाफ रूम में चाय की चुस्कियों और औपचारिक अभिवादन के बीच प्रधानाचार्य भल्ला जी अपने चपरासी राजेश के साथ प्रवेश करते हैं और सरकार द्वारा भेजे गए आदेश की सूचना देते हैं। वर्ष का सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव आयोजित करना है। हर शिक्षक को दो-दो प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, सिवाय शुक्ला जी के। उन्हें सीधे खेल अधिकारी बना दिया जाता है। बातों-बातों में योजना बनती है कि कैसे इस आयोजन के बहाने अधिक से अधिक बजट का गमन किया जाए। खेलों की गुणवत्ता जाए भाड़ में, जेब भरनी चाहिए। यही बनता है मंत्र। सभी शिक्षक और कर्मचारी इसमें शामिल हो जाते हैं, और योजना बना कर घर लौट जाते हैं।

अगले दृश्य में स्कूल के लॉन में धूप संकते शिक्षक घरेलू मुद्दों और पति पर अत्याचार जैसी सनसनीखेज खबरों पर चर्चा करते नजर आते हैं। तभी माली हड़बड़ाते हुए आता है। डीआईओएस औचक निरीक्षण पर आए हैं। मंच पर अफरा-तफरी मच जाती है। नाटक में अनिल कुमार, विशाल श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, गुरुदत्त पांडेय, मनोज वर्मा, मुकुल चौहान, बसंत मिश्रा, निरुपमा राहुल एवं अंशिका सक्सेना उल्लेखनीय अभिनय किया।

विज्ञान संगोष्ठी की तिथियां निर्धारित

अमृत विचार, लखनऊः राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज ने राज्य स्तर पर बेसिक और माध्यमिक स्कूलों के कक्षा 8 से 10 तक के छात्रों के लिये आयोजित होने वाली विज्ञान संगोष्ठी की तिथियां निर्धारित कर दी हैं।। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि विज्ञान संगोष्ठी चार चरण में होगी। इस बार विज्ञान संगोष्ठी का विषय क्वांटम युग का आरंभ संभावनाएं और चुनौतियां रखा गया है। जेडी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने एडी बेसिक और डीआईओएस को विज्ञान संगोष्ठी के आयोजन के निर्देश जारी किये हैं। ब्लॉक और जिला स्तर की विज्ञान संगोष्ठी चार से आठ अगस्त के बीच होगी। इसमें पहला और दूसरा स्थान पाने वाले विजेता मण्डल स्तर की संगोष्ठी में 18 से 22 अगस्त के बीच हिस्सा लेंगे।

सिटी ब्रीफ

युवती को कार में बैठाया, की छेड़छाड़

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड सैन्यकर्मी की 20 वर्षीय बेटी बंथरा में कोचिंग कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है। मंगलवार सुबह करीब 8 :30 बजे घर से कोचिंग के लिए जा रही थी। आरोप है कि घर से थोड़ी दूर कानपुर रोड पर पहुंचते ही कॉलोनी का ही कार सवार परिचित मिला। आरोप है कि युवक ने युवती को उसकी कोचिंग तक कार से छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया। कुछ दूर बढ़ते ही आरोपी ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरु कर दी। पीड़िता ने शोर मचाने की धमकी दी तो कार रोक दी। डरी सहमी युवती परिजन को जानकारी देने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि पीड़ित परिवार ने कार्रवाई से मना कर दिया है। सरोजनी नगर थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी।

पति ने अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने पति पर इंस्टाग्राम व फेसबुक पर जाली आईडी बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि फरवरी 2023 में उसकी शादी खुर्रमनगर के रहने वाले व्यक्ति से हुई थी। जनवरी माह में पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में पति व अन्य ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामला मीडियशन में चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि पति के बड़े भाई उसके साथ अश्लील हरकत करते थे। करवा चौथ पर पति ने उसकी साड़ी खींच कर अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद उक्त वीडियो उसकी बहन और जीजा को भेज दिया था।

छांगुर गिरोह ने 200 से अधिक हिंदू युवतियों का कराया धर्मांतरण

कई युवतियों को खाड़ी देशों में भेज दिया जाता था, प्रदेश के कई जिलों के से आये पीड़ितों ने लगाए थे कई गंभीर आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा धर्मांतरण गिरोह ने दो सौ से अधिक हिंदू युवतियों का धर्म परिवर्तन कराया। इसमें सैकड़ों युवतियों को खाड़ी देश भेजा गया। मंगलवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कई जिलों से आई युवतियों व उनके परिजन ने छांगुर पर गंभीर आरोप लगाए। गाजियाबाद के आजाद सिंह चौधरी ने बताया कि बीए की छात्रा बेटी 2 अप्रैल से घर से गायब हो गई। लापता होने के दो माह पहले से वह छांगुर गिरोह के संपर्क में थी और मजार जाने लगी थी। उसका ब्रेनवाश कर मुसलमान बनाकर निकाह करा दिया गया। अभी तक उसका पता नहीं चला। मां विक्षिप्त हो गई है।

धर्मांतरण पीड़िता के साथ पत्रकारों को जानकारी देते विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय। अमृत विचार

मेरठ के सुनील नेगी ने बताया कि गिरोह के बदर अख्तर सिद्दीकी ने बहन को लव जिहाद के जरिये फंसाया। 2019 से बहन लापता है। वह नोएडा की निजी कंपनी में काम करती थी। बहन ने फोन पर बताया कि बदर ने उसका जबरन धर्म परिवर्तन करवा दिया। मेरठ की प्रिया त्यागी भी गायब है।बलरामपुर के दिहाड़ी मजदूर रघुनाथ निषाद की बेटी की शादी तय हो गई थी। पड़ोसी अनारकली और उसके मामा ने ब्रेनवाश कर रघुनाथ की बेटी को भगा ले गए। मेरठ की लक्ष्मी ने बताया कि पति की मौत के बाद छांगुर व उसके गिरोह ने दादरी में उसकी संपत्ति पर कब्जा कर मस्जिद और मजार बनवा ली। इस मस्जिद में धर्मांतरण और अन्य गतिविधियों संचालित हैं। विहिप अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि छांगुर का कनेक्शन जाकिर नाइक से भी मिला है। जिसे सरकार ने भगोड़ा घोषित किया है। सभी मिलकर भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहते थे।

ईडी ने पूरी की छांगुर बाबा व नसरीन को रिमांड पर लेने की तैयारी

अमृत विचार लखनऊ : धर्मांतरण गिरोह के सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा व उसकी करीबी नसरीन उर्फ नीतू की कस्टडी रिमांड की तैयारी पूरी हो गई है। बुधवार को इसके लिए प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) कोर्ट में अर्जी डालेगी। ईडी इन दोनों से विदेशों से हुए सौ करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग के बारे में पूछताछ करेगी। ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एटीएस ने पांच जुलाई को छांगुर व उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया था। तब खुलासा हुआ था कि इन लोगों की 40 संस्थाओं में एक साल के अंदर 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग विदेशों से हुई है। धर्मांतरण कराने वाले छांगुर बाबा के गिरोह का तार दुबई और पाकिस्तान से जुड़े हुए है। ईडी सूत्रों के मुताबिक छांगुर व नीतू के 15 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई थी। इसमें करीब 38 करोड़ रुपये का लेन-देन खातों के जरिए पता चला था। इसके अलावा काफी चल-अचल संपति का पता चला था। ईडी इस मामले में ही और जानकारी के लिए छांगुर व नीतू से पूछताछ करेगी।

साइबर जालसाज ने युवती समेत तीन के खाते से उड़ाए 5 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने युवती समेत तीन के खातों से 4 .99 लाख रुपये उड़ा लिए ।हरदोई के कछौना निवासी संदीप कुमार का मोबाइल चोरी हो गया। इसके बाद उनके मोबाइल पर नेट बैंकिंग की मदद से जालसाज ने 29 जून तक कई बार में 2,50,396 रुपये गायब हो गए। संदीप ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, यहियागंज के लोहा बाजार निवासी आशा ने बताया कि साइबर जालसाज ने खाते से कई बार में 1 .54 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने बैंक कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, गोमतीनगर विस्तार स्थित प्रियांशी राय ने बताया कि कुछ दिन पहले साइबर जालसाज ने टेलीग्राम पर फंसाया। उसके बाद कमीशन देने का झांसा देकर एक लिंक भेजा। उसके बाद खाते से 94,890 रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसीपी ने की स्कूल में छानबीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **इंदिरानगर सेक्टर-10 स्थित स्कूल में चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का मामला**
- **पुलिस टीम ने स्कूल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले**

अमृत विचारः इंदिरानगर के सेक्टर-10 स्थित नामी स्कूल में पढ़ने वाली 4वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को स्कूल की छानबीन की गई। एसीपी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने स्कूल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही बच्ची से वैन से आनेजाने के रास्ते के बारे में जानकारी हासिल की।

इंदिरानगर इलाके में एक महिला तीन बेटियों के साथ रहती है। उनकी बेटी (4) इंदिरानगर के सेक्टर-10 में नामी स्कूल में पढ़ती है। स्कूल के प्रबंधक संदीप कुमार ने ही वैन की व्यवस्था की थी। लवकुश नगर निवासी वैन चालक मो.आरिफ ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। स्कूल प्रबंधक से पीड़ित मां ने शिकायत की, लेकिन दो दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर 17 जुलाई को वैन चालक व स्कूल प्रबंधक के खिलाफ इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं वैन भी बरामद कर ली थी। फोरेंसिक टीम वैन से साक्ष्य जुटाये।

एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मंगलवार को स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके अलावा स्कूल कर्मचारी और प्रिंसिपल से जानकारी हासिल की।

जीआरपी ने चोर को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : थाना जीआरपी चारबाग की पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 15 हजार कीमत का चोरी का मोबाइल बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी इबरार खान है, वह बहराइच के खैरीघाट का रहने वाला है। आरोपी पर कई और मुकदमें दर्ज हैं।

अनी बुलियन घोटाला: दो महिलाओं ने लगाया 5 करोड़ की ठगी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कोर्ट के निर्देश पर गोमतीनगर थाने में दो मामले दर्ज**

अमृत विचारः निवेशकों को आकर्षक स्कीम के नाम पर करीब छह सौ करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा करने वाली अनी बुलियन के खिलाफ दो और रिपोर्ट गोमतीनगर थाने में दर्ज की गयी है।

बिहार के गोपालगंज निवासी 60 वर्षीय निवासी पानमती देवी और देवरिया निवासी राधा देवी ने बताया कि वर्ष 2016 में अनी बुलियन एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी निदेशक अजीत कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता व अन्य से हुई। आरोपियों ने कंपनी में निवेश पर 40 प्रतिशत ब्याज संग रुपये देने का झांसा दिया। जाल में फंसी पानमती और राधा ने अपने व परिवारवालों के नाम से 2.50 करोड़ 2.50 करोड़ जमा किए। साथ ही संतोष ने साइन सिटी की प्लॉट स्कीम में दो प्लॉट बुक कराकर करीब 7 लाख रुपये लिए थे। निवेश पर आरोपियों ने आई विजन इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नाम से प्रमाण पत्र दिया गया था। समय पूरा होने के बाद पीड़ितों ने संपर्क किया तो अजीत और अन्य निदेशक टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर धमकाया। कोर्ट के निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने संतोष कुमार गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

काकोरी में दो घरों में लाखों की चोरी

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के सकरा गांव में सोमवार देर रात चोरों ने धावा बोला। दो मकान में घुसकर चोर नकदी व जेवर समेत लाखों का माल चोरी कर भाग निकले।

मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची काकोरी पुलिस ने छानबीन की।सकरा निवासी मजदूर सुषमा रावत ने बताया कि देर रात घर परिवार के लोग एक कमरे में सो रहे थे। देर रात चोर घर में घुसे और एक कमरे में रखी अलमारी व बक्से से दो लाख के जेवर व 10 हजार रुपये चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर सुषमा रावत के घर से ही कुछ दूरी पर रहने वाले मुहर्रम अली के मकान में घुसे। वहां भी चोर जेवर और कुछ रुपये चोरी कर ले गए। उनके घर से चोरी किया गया बक्सा 200 मीटर दूर पड़ा मिला।

घटना के बारे में जानकारी देते ग्रामीण। अमृत विचार

- **सीसीटीवी की मदद से चोरों के बारे में पता लगाया जा रहा**

मंगलवार सुबह आंख खुलने पर पीड़ितों को चोरी का पता चला। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

सर्पदंश में कराया झाड़ फूंक, महिला की मौत

अमृत विचार, निगोहांः थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में सोनी (25) को सांप ने काट लिया। परिजन अस्पताल के बजाय झाड़-फूंक के लिए एक बाबा के पास गए। तबीयत बिगड़ने पर महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मस्तीपुर गांव के सूरज ने बताया कि बहन सोनी दोपहर में कमरे में कुछ समान निकालने गई थी। इसी दौरान जूते के अंदर घुसे एक सांप ने हाथ में काट लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मोहनलालगंज के एक गांव में झाड़फूंक के लिए लेकर गए। करीब दो घंटे तक झाड़फूंक कराते रहे। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे ट्रामा-2 में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सोनी को मृत घोषित कर दिया।

जाली वेबसाइट बनाकर ठगे 1.01 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डीलरशिप लेने के लिए पीड़ित ने किया था आवेदन**
- **पीड़ित ने साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

अमृत विचारः साइबर ठगों ने गूगल पर टोयोटा कंपनी की फर्जी वेबसाइट बनाकर कारोबारी को फंसाया। डीलरशिप देने का झांसा देकर जालसाजों ने कई बार में 1.01 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विपुल खंड-5 निवासी सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन के उपाध्यक्ष रवितोष अस्थाना ने बताया कि मई में रसड़ा बलिया में टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड की डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सर्च किया। टोयोटा भारत डीलर वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर पीड़ित ने आवेदन फार्म भरा। 15 मई को सीआरएम अभिजीत पाटिल द्वारा भेजे गए मेल में दस्तावेज जमा करने को कहा गया। उसके बाद 6 जून को हेड डीलर डेवलपमेंट सेल विनोद जैन के नाम से मेल पर कांट्रेक्टर लेटर भेजा गया।

पीड़ित रवितोष ने बताया कि पंजीकरण, एनओसी, लाइसेंस शुल्क व सिक्योरिटी के नाम पर 1,01,16,790 रुपये जमा कराए गए। उसके बाद उन्हें सीईओ योशिमुरा मसाकाजु का साइन किया हुआ लेटर भेजा गया। पीड़ित ने लेटर पर दिए गए डीआईएन चेक किया तो वह सही मिला। इसके बाद 23 जून को उनसे 1.62 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया तो उन्होंने इंकार कर दिया।

शक होने पर पीड़ित ने दोबारा सर्च किया तो टोयोटा की दूसरी वेबसाइट मिली। पीड़ित ने उक्त साइट पर सभी दस्तावेज भेजे तो पेपर व मेल आईडी फर्जी मिली। पीड़ित रवितोष ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

अमृत विचार, मलिहाबादः रहीमाबाद के दिलावरनगर इलाके में व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो डालकर पहचान के प्रयास शुरु किए। कुछ वक्त के बाद हरदोई के अतरौली स्थित पुन्नई गांव निवासी प्रियंका ने थाने पहुंचकर शव की पहचान पति राकेश (37) के रूप में की। बताया जा रहा है कि मजदूर राकेश कैथुलिया गांव में बहनोई सत्तू के घर सोमवार को आया था। परिवार में पत्नी प्रियंका और तीन बेटियां हैं। परिजन का कहना है कि राकेश बीमारी के चलते परेशान था। जिसके चलते ऐसा कदम उठाने को मजबूर हुआ है।

बार से निकली महिला से बाउंसर ने की छेड़छाड़

अमृत विचार, गोसाईगंजः फीनिक्स प्लासियो मॉल स्थित रेस्ट्रो बार टॉनिक से बाहर निकली महिला से बाउंसर ने छेड़छाड़ की। विरोध पर हाथापाई करने के बाद युवती व उसके दोस्त का पीछा कर गाड़ी से कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोमतीनगर विस्तार निवासी पीड़िता ने बताया कि सोमवार रात में वह अपने दोस्तों के साथ बर्थडे पाटी मनाने फीनिक्स प्लासियो मॉल स्थित रेस्ट्रो बार टॉनिक गई थी। इस बीच वहां मौजूद बाउंसर परवेज व चार अन्य लोगों ने उनकी सहेली के साथ छेड़छाड़ की। आरोपियों के बुलाने पर आयी महिला बाउंसर ने उनके साथ हाथापाई भी की। कुछ देर बाद वह कार से दोस्तों के साथ घर लौटने लगी। इस बीच कार सवार आरोपी उनके पीछे लग गए। वह कुछ दूर आगे बढ़ी ही थी तभी उनकी कार में टक्कर मार दी। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। टक्कर से उन्हें और उनके दोस्त भी घायल हुए। लोहिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

ट्रेवेल्स का झांसा देकर हड़पी 14 लोगों की कारें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **एक आरोपी को पकड़कर पीड़ितों ने पुलिस को सौंपा**
- **पीड़ित की तहरीर पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचारः टूर एंड ट्रेवेल्स कारोबार में गाड़ी लगवाने का झांसा देकर जालसाजों ने 14 लोगों की 14 कारें हड़प ली। पीड़ितों ने सोमवार को एक जालसाज को पकड़कर टेढ़ी पुलिया पुलिस चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने एक पीड़ित की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुडंबा के कल्याणपुर स्थित गायत्रीपुरम निवासी पवन तिवारी ने बताया कि नवंबर 2024 में उनके अलावा 13 अन्य लोगों ने आदिल नगर इलाके में रहने वाले राजेश गुप्ता को 14 कारें ट्रेवेल्स में चलाने के लिए कई महीने पहले दी थी। तीन महीने तक जालसाज ने उन लोगों को किराया दिया। इसके बाद जालसाज ने कारों का किराया देना बंद कर दिया। पीड़ित ने जालसाज को कॉल कर संपर्क किया तो उसने जल्द ही किराया देने की बात कही। उसके बाद अन्य लोगों से टालमटोल शुरु कर दी। इसके बाद जालसाज ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। सभी पीड़ित जालसाज के आदिलनगर स्थित घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था।

इसके बाद से सभी पीड़ित जालसाज की तलाश में लगे हुए थे। सोमवार को पीड़ितों ने आरोपी राजेश को आदिलनगर इलाके से पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पवन तिवारी की तहरीर पर राजेश गुप्ता, प्रभात गुप्ता, राकेश गुप्ता, कन्हैया राम गुप्ता, अमित सिंह और शिव प्रकाश सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लिंक भेजकर हैक किया डॉक्टर का मोबाइल

अमृत विचार, आशियाना : थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला डॉक्टर साइबर ठगी का शिकार हो गईं। पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पकरी पुल स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत डा. सुमिता अरोरा ने बताया कि 20 जुलाई की दोपहर करीब 1 :30 बजे उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आयी। फोनकर्ता ने कोरियर ब्वॉय बनकर कहा कि एक पार्सल देना है। इसके बाद कॉलर ने एक एसएमएस भेजा और उस लिंक पर क्लिक करने को कहा। सुमिता ने एसएमएस खोला और बताए गए नंबर पर कॉल किया तो वह नंबर नहीं मिला। लगभग आधे घंटे के भीतर ही उनके परिचितों को उनके ही मोबाइल नंबर से रुपयों की मांग वाले मैसेज आने लगे। जालसाज ने खुद को नीतिश कुमार बताते हुए 45 हजार रुपये भेजने को कहा। सुमिता का आरोप है कि उनका व्हाट्सएप बंद हो गया है और उनके बैंक खातों की जानकारियां भी उसी मोबाइल फोन से जुड़ी हुई हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका है।

ट्रक में मिले 100 पशु, चालक और चार तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः कौशांबी से तस्करी कर बाराबंकी ले जाए जा रहे ट्रक चालक व चार तस्करों को बीबीडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक मुकेश पाल सोमवार को टीम के साथ किसान पथ पर ड्यूटी कर रहे थे। तभी उन्हें अयोध्या-लखनऊ हाइवे पर गलत दिशा से आ रहे संदिग्ध ट्रक की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक रोक लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कौशांबी चालक मो. मुस्लिम, शहाबुद्दीन निवासी कौशांबी, जुम्मन, मोबीन निवासी अलीगंज और आफताब निवासी फतेहपुर बताया।

पूछताछ के बाद पुलिस ने ट्रक में पीछे जाकर देखा तो करीब 100 पशु लदे मिले, जिनमें से 15 की मौत हो चुकी थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये पशु करारी निवासी इसरार मुंशी के हैं, जिन्हें वे बाराबंकी के कुर्सी स्थित साजिद के बूचड़ खाने ले जा रहे थे। पुलिस ने पशुओं को पपनामऊ स्थित गोशाला पहुंचाया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि पूछताछ में कौशांबी और बाराबंकी निवासी इसरार व साजिद के नाम सामने आए हैं। मामले में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

पत्नी की मौत से दुखी व्यक्ति ने दी जान

अमृत विचार, गोसाईगंजः थाना क्षेत्र के अलियामऊ गांव निवासी प्रताप रावत (45) ने सोमवार देर रात गांव के बाहर पेड़ से रस्सी के सहारे लटक कर जान दे दी। वह पत्नी की मौत के बाद से मानसिक रूप से परेशान थे। गोसाईंगंज इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार प्रताप रावत की पत्नी की मौत के बाद से वह दुखी रहता था। वह अकेले ही रहना पसंद करते थे। देर रात वह बिना बताए ही घर से निकले थे। मंगलवार सुबह उनका शव गांव के बाहर लगे पेड़ में रस्सी के सहारे लटका मिला। उनके परिवार में दो बेटे गुड्डू व सोनू हैं ।

आगरा धर्मांतरण गिरोह

मौलाना कलीम की गिरफ्तारी के बाद बदलने लगा था ठिकाना

मुस्तफाबाद में सेफ हाउस बनाकर धर्मांतरण करा रहा था रहमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः आगरा धर्मांतरण गिरोह का सरगना अब्दुल रहमान मुस्तफाबाद में दो मंजिला मकान में सेफ हाउस बनाकर धर्मांतरण कराता था। उसने बेटे की शादी भी धर्मांतरण कराने के बाद एक हिंदू युवती से कराई थी। कलीम सिद्दीकी की गिरफ्तारी के बाद ठिकाना बदलकर रहता था। एक जगह छह माह से अधिक नहीं ठहरता था।

आगरा की दो बहनों को कोलकाता से अवैध धर्मांतरण गिरोह के चंगुल से छुड़ाने के बाद पुलिस ने दिल्ली से कोलकाता तक फैले इस बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। कनाडा के बाद अब लंदन से भी पैसा मिलने की साक्ष्य मिले हैं। अब्दुल का भतीजा वहीं रहता है। अब पुलिस उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। कई नाम पुलिस के सामने आए हैं। पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार किए गए रहमान कुरैशी, अब्बू तालिब, आयशा उर्फ एसबी कृष्णा, अली हसन उर्फ शेखर, ओसामा, अबुर रहमान, मोहम्मद अली, जुनैद कुरैशी, मुस्तफा उर्फ मनोज और मोहम्मद इब्राहिम को रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है।

तीन मददगारों के मिले नामः पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के मुताबिक अब्दुल रहमान के मुस्तफाबाद स्थित मकान से आपकी अमानत आपकी सेवा में पुस्तक बरामद की है। अब्दुल रहमान के साथ ही परवेज अख्तर, सरफराज अली जाफरी और डा. गय्यूरूल हसन के नाम भी सामने आए हैं।

अब्दुल रहमान की मिली 10 दिन की रिमांड

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : आगरा धर्मांतरण गिरोह का मास्टर माइंड और सगी बहनों को इस्लाम कुबूल कराने वाले अब्दुल रहमान को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। सीजेएम कोर्ट से पुलिस ने अब्दुल की दस दिन की कस्टडी रिमांड की मांग की। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। आगरा पुलिस ने उसे सोमवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद से गिरफ्तार किया था। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां उससे एक अगस्त तक पूछताछ करेगी। आगरा की सगी बहनों के धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान गोवा की आयशा को विदेशों से फंडिंग कराता था। अब्दुल रहमान ही सामूहिक धर्मांतरण के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे मौलाना कलीम सिद्दीकी के गिरोह को संचालित कर रहा था। पुलिस को उसके घर से रोहतक की एक युवती भी मिली थी। उसका भी धर्मांतरण कराने की तैयारी थी। अब्दुल के घर के अंदर मुस्लिम साहित्य के साथ धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने वाली पुस्तकें भी मिली हैं। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां उससे लगातार दस दिन तक पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क के साथ ही फंडिंग कहां से कितनी हुई। गिरोह द्वारा कितने बैंक खाते संचालित होते है।

कश्मीर में दिया जाता था विशेष प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : आगरा की सगी बहनों के धर्मांतरण में कश्मीर का सीधा कनेक्शन मिल रहा है। सदर बाजार निवासी बड़ी बहन की दोस्ती खंदारी स्थित नेट की कोचिंग में कश्मीरी लड़की साइमा उर्फ खुशबू से हुई थी। खुशबू ने ही बड़ी बहन का ब्रेनवॉश किया। जैसे एसबी कृष्णा का पंजाब में कश्मीर की सबा ने ब्रेनवॉश किया था। इसके बाद आगरा में बड़ी बहन ने छोटी बहन का ब्रेनवॉश किया। इसके बाद दोनों आगरा से चली गईं थी। दोनों बहनों ने पुलिस के सामने अपने बयान में बताया कि धर्मांतरण करने के बाद कश्मीर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाता था। पुलिस की पूछताछ में धर्मांतरण गैंग की हेड गर्ल आयशा ने खुलासा किया कि जिस कॉलेज में कश्मीरी छात्राएं और छात्र पढ़ रहे हैं। उन पर नजर रखते थे। कश्मीरी युवक और युवतियां ही दोस्तों का धर्मांतरण के लिए ब्रेनवॉश करते हैं। इसके बाद में किसी न किसी ऐसे ग्रुप से जुड़वा देते हैं, जिनमें इस्लाम के पक्ष में वीडियो आते हैं। इन वीडियो में इस्लाम धर्म की अच्छाइयां बताई जाती हैं। वीडियो और विचारधारा से आकर्षित करके धर्मांतरण कराया जाता है। धर्मांतरण मामले में कश्मीर कनेक्शन निकलने पर पुलिस पाकिस्तान से भी जोड़कर देख रही है।

अक्टूबर में आकाश हुआ था गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : 26 जुलाई 2023 को सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में चाय विक्रेता राजेश की हत्या हुई थी। वारदात में पुलिस ने सूत्रधार ललिता कोरी समेत 11 आरोपियों को जेल भेजा था। फरार आकाश तिवारी को अक्टूबर 2024 को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कुछ माह पहले ही आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आया था। जनवरी 2024 में आरोपी आकाश पर बीबीडी थाने में बलवा, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

सिटी ब्रीफ

स्नातक प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत दो प्रमुख पाठ्यक्रमों की पूर्ण मेरिट सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने बी.एससी. (कृषि) और डी. फार्मा का परिणाम जारी कर दिया है। अभ्यर्थी अपना रिजल्ट लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी समय से काउंसलिंग प्रक्रिया की तैयारियां शुरू करें, जिसकी तिथियां जल्द ही घोषित की जाएंगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में प्रवेश शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। बी.टेक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी) और पीएच.डी. (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

दो छात्रों को छह लाख का मिला पैकेज

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैनेजमेंट विभाग और आईईटी लखनऊ के एमबीए के एक-एक छात्रों का चयन छह लाख के सालाना वार्षिक पैकेज पर हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। जिसमें शालिमार कॉर्पोरेशन प्रा. लि. कंपनी ने मैनेजमेंट ट्रेनी के लिए लिखित और साक्षात्कार परीक्षा ली। इसमें अंतिम रूप से विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन कंपनी में हुआ है।

180 विद्यार्थियों ने नेट-जेआरएफ में बनाया कीर्तिमान

वाणिज्य विभाग की वैशाली शुक्ला ने अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 122 छात्रों को मिलेगी फेलोशिप 58 ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 180 से अधिक विद्यार्थियों ने नेट और जेआरएफ उत्तीर्ण कर रिकार्ड कायम किया है। सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जून माह में हुए नेट-जेआरएफ परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने धमाकेदार कामयाबी हासिल किया है। इससे पहले के अपने रिकार्ड को कायम विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग से सर्वाधिक 35 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जबकि अर्थशास्त्र विभाग के 34 विद्यार्थी कामयाब हुए हैं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह में हुई परीक्षा में भी शिक्षा शास्त्र विभाग के सर्वाधिक छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में सफलता पाई थी।

देर शाम विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराए आंकड़ों के अनुसार कुल 58 विद्यार्थियों ने नेट उत्तीर्ण किया है जबकि 122 छात्र-छात्राएं जूनियर रिसर्च फैलोशिप के लिए चयनित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कई विभागों के आंकड़े आने बाकी है उसके बाद यह संख्या और भी बढ़ सकती है। इस बार योग विभाग, पर्यावरण विज्ञान विभाग और पत्रकारिता विभाग से एक-एक छात्र का चयन हुआ है।

भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी किया कमाल : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दर्जन भर छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। पत्रकारिता एवं जनसंचार, विधि, कॉमर्स, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र और भूगोल विषय में उत्तीर्ण कर पीएचडी के लिए पात्रता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. अजय तनेजा ने बधाई दिया है।

हरदोई की बेटी ने यूजीसी-नेट में किया कमाल

अमृत विचार, हरदोई : बिलग्राम की बेटी दीक्षा द्विवेदी ने यूजीसी नेट में पहला स्थान लाकर कमाल कर दिया है। बिलग्राम निवासी विश्व हिंदू परिषद के विभाग समरसता प्रमुख विद्यारतन द्विवेदी की बेटी दीक्षा द्विवेदी की इस उपलब्धि पर भारत सरकार उन्हें 28 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। यह राशि प्रतिमाह 45,000 रुपये के रूप में दी जाएगी। दीक्षा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। दीक्षा की यह कामयाबी क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। बता दें कि दीक्षा के पिता सेवा में सूबेदार मेजर थे। कक्षा 1 से 5 तक उसने जोधपुर आर्मी में पढ़ाई की। इसके बाद 6 से 12 तक जिला मुख्यालय स्थित गुरु राम राय स्कूल में शिक्षक प्राप्त की तत्पश्चात लखनऊ यूनिवर्सिटी में बी एल एड तथा पेमेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की। तीन भाई बहनों में सबसे छोटी दीक्षा है।

संस्कृत विवि में गुरुकुल परंपरा के छात्र भी कर सकेंगे अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सेतुबंध योजना में पीजी छात्रों को 40 हजार और शोधछात्रों को मिलेगी 60 हजार प्रतिमाह

अमृत विचार: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अपने शोध छात्रों को 65 हजार और स्नातकोत्तर छात्रों को 40 हजार मासिक अध्येतावृत्ति देने की घोषणा की है। इसे सेतुबंध योजना का नाम दिया गया है।

विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा जिसे गुरु-शिष्य परम्परा के नाम से भी जाना जाता है, आज भी अपनी मौलिकता में प्रासंगिक बनी हुई है। इस परम्परा में कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी शिक्षित हैं। प्रो. वरखेडी के नेतृत्व में संस्कृत विश्वविद्यालय ने पारंपरिक विधा से शिक्षित छात्रों के लिए प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। जिन्होंने गुरुकुलों में अथवा गुरु के प्रत्यक्ष सान्निध्य में वेद और शास्त्रों का अध्ययन किया है, परन्तु उनके पास कोई औपचारिक प्रमाण पत्र नहीं है। अब ऐसे छात्र सीधे विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन और अनुसंधान कर सकते हैं। इससे अब उनको सहूलियत होगी।

एक ही कमरे में पढ़ रहे 1 से 5 तक के छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिक्षकों की कमी के चलते एक ही कमरे में बैठ रहे सभी बच्चे

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए तत्पर है। बावजूद इसके राजधानी लखनऊ के निशातगंज प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की भारी कमी हैं। हाल यह है कि यहां कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को एक ही कमरे में बैठा कर एक साथ यहां तैनात शिक्षिका को पढ़ाना पड़ रहा है। इस विद्यालय में 57 बच्चे पंजीकृत हैं।

वर्तमान में एक शिक्षिका अधिकारियों के मौखिक आदेश पर रहीम नगर प्रथम प्राथमिक विद्यालय से यहां का स्कूल संचालन करने आती है। यहां पर तैनात अध्यापिका नुसरत जहां और डॉ. आरती शर्मा मेडिकल छुट्टी पर हैं। वैकल्पिक तौर पर निशातगंज प्राथमिक विद्यालय का संचालन करने वाली शिक्षिका एक ही कमरे में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को बैठा कर पढ़ाती हैं। इस दौरान सभी बच्चे एक दूसरे से डिस्टर्ब होते हैं। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग में शिक्षकों की कमी है। लंबे समय से भर्ती न होने और शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से यह समस्या और गंभीर हो गई है।

पैदल मार्च निकाल किया विद्यालयों के विलय का विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्यालयों के विलय के खिलाफ समाजवादी महिला व मजदूर सभा ने किया प्रदर्शन
- सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते समाजवादी के मजदूर सभा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी की महिला सभा और मजदूर सभा ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में पैदल मार्च निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के विलय से जहां गरीब बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं मिड-डे मील की रसोइयों की नौकरी भी संकट में पड़ गई है।

प्रदर्शन का नेतृत्व महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, महानगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल और जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार ने किया। सैकड़ों महिलाएं और मजदूर सभा के कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में वक्ताओं ने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया और मांग की कि श्रम पोर्टल दोबारा खोला जाए, मनरेगा मजदूरों को 300 दिन काम और साप्ताहिक भुगतान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से गरीब, मजदूर और महिला वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह, महासचिव शब्बीर अहमद खान, नाहिद लारी, विजय लक्ष्मी रावत, राजबाला रावत, ऊषा सेन, डॉ. प्रीति यादव, अर्चना रावत, सुनीता यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम जारी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहले राउंड की काउंसलिंग के तहत अभ्यर्थी ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग 24 से 28 जुलाई तक कर सकेंगे। जेईई की रैंकिंग के आधार पर 30 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। सीट कंफर्मेशन और ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज या फ्लोट 30 जुलाई से एक अगस्त तक होगा। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के तहत ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग 2 से तीन अगस्त तक चलेगा। जबकि सीट आवंटन पांच अगस्त को किया जाएगा।

नेशनल पीजी कॉलेज में हुआ विज्ञान ओरिएंटेशन कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम में मंच पर मौजूद प्राचार्य व अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार: नेशनल पी.जी. कॉलेज में नवप्रवेशित बीएससी छात्रों के लिए विज्ञान ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करना एवं उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रबोध कुमार त्रिवेदी, निदेशक, सीएसआईआर-सीमैप ने संबोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच को अपनाने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान के माध्यम से कैसे देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और युवाओं को अनुसंधान व नवाचार में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने की। उन्होंने सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के शैक्षणिक व अनुसंधान परिवेश का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्यापकों ने छात्रों को विषय संयोजन, प्रयोगशाला कार्य, शोध के अवसर और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के कुछ पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को बताए। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की इंचार्ज डॉ. अपर्णा सिंह, गणित संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप, कम्पयूटर सांइस की विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी लाम्बा, जीव विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार, वनस्पति विज्ञान के डॉ. अविजीत चटर्जी, रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राकेश पाठक, चीफ प्राक्टर प्रो. पीके सिंह आदि मौजूद रहे।

बीएससी कृषि पाठ्यक्रम की च्वाइस फिलिंग शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के अंतर्गत बीएससी (कृषि) पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। अभ्यर्थी 22 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपने एप्लीकेशन नंबर के माध्यम से च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की प्राथमिकता का चयन वेबसाइट के च्वाइस फिलिंग विकल्प के माध्यम से कर सकते हैं। इस प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

लूटा की बैठक में हुई तीखी नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति के विदाई समारोह को लेकर दो हिस्सों में बंटे शिक्षक

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) की कार्यकारिणी की बैठक में कुलपति आलोक कुमार राय की विदाई समारोह को लेकर सदस्यों के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव और महामंत्री प्रो. राम मिलन ने बैठक में कुलपति की विदाई समारोह आयोजित करने को लेकर प्रस्ताव रखा। इस पर कार्यकारिणी दो हिस्सों में बंट गई। शिक्षकों का एक वर्ग ने कुलपति को शिक्षक विरोधी और पक्षपाती बताया। उन्होंने कहा कि कुलपति ने अपने पूरे कार्यकाल में शिक्षकों के साथ भेदभाव किया है। कुलपति विरोधी शिक्षकों का कहना है कि प्रमोशन हो या प्रशासनिक पद सबमें भेदभाव किया गया। दोनों ही मामलों में कुलपति ने नियम के विरुद्ध जाकर केवल अपने चेहेते शिक्षकों को ही रखा। ऐसे में कुलपति को विदाई समारोह नहीं करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. अरशद जाफरी की दोनों पदाधिकारियों से तीखी बहस भी हुई।

दरअसल, लूटा कार्यकारिणी के कुछ पदाधिकारी शुरू से ही कुलपति का विरोध करते रहे हैं। यहां तक कि नियुक्ति के मामले में अनियमितता का आरोप लगाकर शिकायत राज्यपाल तक भेजा गया। तो वहीं, हाल ही में हुए लूटा पदाधिकारियो के चुनाव में भी विश्वविद्यालय शिक्षकों को दो हिस्सों में बंटवारा देखा गया। अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार थे लेकिन मामूली अंतर से ही अध्यक्ष को जीत मिली थी। चुनाव में हारे हुए उम्मीदवारों ने आरोप लगाया था कि यह कार्यकारिणी विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यकारिणी है। अब जब कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय आईआईएम कोलकाता के निदेशक बनाए गए हैं तो विदाई समारोह को लेकर कुलपति विरोधी वही धड़ा उखड़ गया है। जबकि कुछ शिक्षकों का कहना है कि विरोध और समर्थन अपनी जगह है लेकिन विदाई गरिमापूर्ण तरीके से होनी चाहिए, यही विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा रही है।

129 केंद्रों पर 61512 परीक्षार्थी शामिल होंगे

अमृत विचार, लखनऊ : लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा 27 को होने जा रही है। लखनऊ में कुल 129 केंद्रों पर 61512 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा दूसरी बार आयोजित की जा रही है कारण कि पहली बार पेपर आउट होने के कारण देशभर में यह परीक्षा चर्चा का विषय बनी थी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जिलाधिकरियों को दी गई है। लखनऊ जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों, सहकेंद्र व्यवस्थापकों, नोडल अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की।

पॉलिटेक्निक तृतीय चरण का काउन्सिलिंग परिणाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 23,647 अभ्यर्थियों को मिला संस्थान व पाठ्यक्रम का आवंटन
- 22 से 25 तक होगी शुल्क जमा व अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया

अमृत विचार: संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने वर्ष-2025 की प्रवेश काउन्सिलिंग के अंतर्गत तृतीय चरण का सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिया है। इस चरण में कुल 49,066 अभ्यर्थियों द्वारा संस्था, पाठ्यक्रम के लिए विकल्प चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसके सापेक्ष 23,647 अभ्यर्थियों को आवंटन किया गया है। तृतीय चरण में सभी आवंटित अभ्यर्थियों की सीटें स्वतः फ्रीज रहेंगी। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अपने लॉगिन के माध्यम से 3250 रुपये 22 जुलाई से 24 जुलाई के बीच ऑनलाइन माध्यम से जमा करना अनिवार्य है। शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थी प्रदेशभर के सहायता केन्द्रों पर उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया 22 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक सायं 6:00 बजे तक पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त प्रथम से तृतीय चरण में प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश अपनी सीट वापस लेना चाहते हैं, वे 26 जुलाई को सीट वापसी की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

विट्रो टी-20 टूर्नामेंट में एसजीपीजीआई लगातार दूसरी बार चैंपियन, एम्स सुपरटेक को हराया

संवाददाता, पीजीआई

विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार : दिल्ली एम्स की ओर से आयोजित विट्रो टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एसजीपीजीआई लखनऊ ने एम्स सुपरटेक को 23 रन से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया।

बटलर मैदान पर खेले गए मुकाबले में एसजीपीजीआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 193 रन बनाए। आलोक कुमार ने 28 गेंदों में 65 रन की विस्फोटक पारी खेली और 'मैन ऑफ द मैच' बने। जवाब में एम्स सुपरटेक की टीम 169 रन ही बना सकी। एसजीपीजीआई के अजीत कुमार वर्मा ने पूरे टूर्नामेंट में 16 विकेट लेकर 'बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता, जबकि सौरभ रौतेला को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। टीम की वापसी पर एसजीपीजीआई में भव्य स्वागत हुआ। निदेशक प्रो आर के धीमन ने टीम को बधाई दी।

जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट को आवंटित बंगला खाली कराने पर रोक

अमृत विचार, लखनऊ (विधि संवाददाता) : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट को आवंटित बंगले को खाली करने संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जवाब देने के लिए राज्य सरकार को तीन सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट ने यह सवाल भी उठाया है कि जब उक्त बंगले की आवंटन अवधि सरकार के अनुसार 2 जनवरी 2022 को समाप्त हो चुकी थी, तो उसके बाद किराया क्यों स्वीकार किया जा रहा था। अगली सुनवाई अगस्त महीने के तीसरे सप्ताह में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने लोहिया के लोग जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट की ओर से सचिव राजेन्द्र चौधरी द्वारा दाखिल याचिका पर पारित किया।

स्कूलों के विलय के विरुद्ध सुनवाई आज

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा अधिकारियों के तहत आने वाले स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मंगलवार को काफी देर तक बहस चली। समय की कमी के चलते बहस पूरी न हो पाने पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ बुधवार को भी सुनवायी करेगी।

नई पहल | भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ विदेशी संबंध भी होंगे मजबूत

भारतीयता की सुगंध से दुनिया को महकाएंगे विदेशी छात्र

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

> भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की प्रशंसा देशी-विदेशी इतिहासकारों ने किया है। अंतरराष्ट्रीय छात्र जब इससे परिचित होंगे तो भारतीयता की सुगंध दुनिया भर में फैलेगी। यह प्रयास केंद्र सरकार के शैक्षिक और सांस्कृतिक पहल के अनुरूप भी है।
> –डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

- लखनऊ विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को हिंदी और संस्कृति पढ़ने के लिए करेगी प्रेरित

अमृत विचार: प्राचीन काल से अब तक भारत की वैश्विक पहचान उसके ज्ञान, प्रज्ञा और संस्कार से होती रही है। इसी मूलमंत्र को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय अपने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भारतीय संस्कृति, हिंदी भाषा और भारत की अर्थव्यवस्था का पाठ पढ़ने को प्रेरित करेगा। विश्वविद्यालय इन छात्रों के लिए गैर क्रेडिट पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है, जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 से आरंभ होगा। इससे वैश्विक अकादमिक सहयोग को नया आयाम मिलने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विदेशी छात्रों के लिए गैर क्रेडिट तीन विषयों में पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो रही है जिसमें हिंदी भाषा, भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की समृद्ध संस्कृति व विरासत है। जिसके माध्यम से भारत की बहुआयामी भाषाई, आर्थिक और सांस्कृतिक विविधताओं से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को परिचित कराया जाएगा। जिससे विदेशी छात्र भारत को शैक्षणिक केंद्र के साथ भारत की 5 हजार वर्ष से अधिक प्राचीन जीवंत संस्कृति को भी आत्मसात कर सकें।

अगस्त से शुरू होंगे पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों का आगमन अगस्त माह में भारत में होने लगेगा। जिसके बाद इन नॉनक्रेडिट पाठ्यक्रमों को आरंभ किया जाएगा। हालांकि ये पाठ्यक्रम शैक्षणिक क्रेडिट के अंतर्गत नहीं आएंगे। फिर भी ये पूरक शिक्षण अनुभव के रूप में कार्य करेंगे।

शैक्षणिक और सांस्कृतिक कूटनीति : केंद्र सरकार के शैक्षणिक कूटनीतिक पहल के अनुरूप ही विश्वविद्यालय का यह उपक्रम हैं। जिसके माध्यम से शिक्षा और संस्कृति को साफ्ट डिप्लोमेसी की तरह प्रयोग किया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों से विदेशी छात्रों को भारतीय जीवन दर्शन, सामाजिक मूल्यों और आर्थिक परिपेक्ष्य के साथ भारत की आत्मा से भी जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

बीआरसी में लगा आकलन शिविर

अमृत विचार, लखनऊः काकोरी ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में मंप्राइमरी स्कूल के दिव्यांग छात्रों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए मंगलवार को आकलन शिविर का आयोजन किया गया। सीएमओ की ओर से गठित डॉक्टरों की टीम ने शिविर में पूरे ब्लॉक के स्कूलों में नामांकित 60 बच्चों का परीक्षण किया। पैनल में शामिल डॉ. अजय वर्मा, डॉ. आरिफ, डॉ. अभय, डॉ. रंजना एवं ऑडियोलॉजिस्ट आदित्य ने जांच में 27 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र जारी करने की संस्तुति दी। इस मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट अमरेश सिंह, स्पेशल एजुकेटर संजय मिश्रा, अरुण मिश्रा, अरविंद दत्त शर्मा व श्वेता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने पढ़ा राष्ट्रनिर्माण का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार: नवयुग कन्या महाविद्यालय में कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय की नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता की नींव होता है। महाविद्यालय में छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ कौशल विकास, सेमिनार, वर्कशॉप एवं अंतरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों की जानकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढी द्वारा पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में प्रो. अर्चना सिन्हा, डा. सीमा पांडे, डॉ. क्रिस अग्रवाल, कस्तूरी सिंह और नीलिमा दीक्षित ने छात्राओं से संवाद कर अंगदान के सामाजिक, मानवीय और चिकित्सा महत्व पर प्रकाश डाला।

सिटी ब्रीफ

भाषा विश्वविद्यालय ने किया एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और देश के प्रतिष्ठित डिजिटल ज्ञान केंद्र इंफ्लिबनेट एंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर के बीच समझौता ज्ञापन किया गया। राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महामहिम आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा का प्रतिफल है। कार्यक्रम में राज्यपाल उपस्थित रहीं। इस समझौते के माध्यम से छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ई-संसाधनों, शोध डाटाबेस, ई-लाइब्रेरी और तकनीकी प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

बीजेएमसी, बीएलएड, बीसीपी की मेरिट लिस्ट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएलएड, बीसीपी और बीजेएमसी पाठ्यक्रमों की सम्पूर्ण मेरिट लिस्ट आज आधिकारिक वेबसाइट www.koutis.ac.in पर जारी कर दी है। प्रोफेसर अनित्य गौरव ने बताया कि सभी अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर अपनी-अपनी मेरिट स्थिति देख सकते हैं। मेरिट सूची में चयनित छात्रों को आगे की प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवश्यक निर्देश भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

शिया कॉलेज में ऑनलाइन शुल्क प्रक्रिया शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : शिया पी.जी. कॉलेज सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन फीस जमा प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। बी.बी.ए., बी.जे.एम.सी., एल.एल.बी. (पाँच वर्षीय) तथा पी.जी. कक्षाओं के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों के लिए सत्र 2025-26 की फीस जमा करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

संघमित्रा छात्रावास में चला पौधरोपण अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के संघमित्रा महिला छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रावास की वार्डन डॉ. मीनाक्षी मिश्रा व डॉ. रुबी लता की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने मिलकर आम, अमरूद, जामुन जैसे अनेक फलदार वृक्षों का रोपण किया। उन्होंने इन पौधों की देखभाल एवं संरक्षण हेतु संकल्प भी लिया।

बीबीएयू में 25 को मिलेंगे स्मार्टफोन व टैबलेट

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय द्वारा पिछले वर्ष के पासआउट विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जाएंगे। यह वितरण कार्यक्रम 25 को सुबह 11.30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ सभागार में आयोजित किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस द्वितीय चरण में उन 223 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन या टैबलेट प्रदान किए जाएंगे, जिनका डाटा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सत्यापित किया जा चुका है। इससे पहले प्रथम चरण में 40 विद्यार्थियों को यह सुविधा मिल चुकी है।

लविवि में एमटेक पार्टटाइम साक्षात्कार 5 अगस्त को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एमटेक (पार्ट-टाइम) सत्र 2025-26 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि घोषित कर दी गई है। यह साक्षात्कार 5 अगस्त को 10 बजे विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर, जानकीपुरम एक्सटेंशन स्थित इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में आयोजित होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों व उनकी दो प्रतियों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

मेगा शिविर में अंतिम दिन गायब रहे अधिकारी

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सुनीं उपभोक्ताओं की समस्याएं, ज्यादातर को लौटना पड़ा निराश

संवाददाता सरोजनीनगर

सरोजनीनगर के मेगा शिविर में मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार: सरोजनी नगर के नादरगंज पावर हाउस स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर बिजली विभाग के पांच दिवसीय मेगा शिविर के अंतिम दिन एसडीओ और जेई स्तर का कोई अधिकारी नहीं मौजूद रहा। गहरू पावर और बिजनौर पावर हाउस में भी कर्मचारियों ने ही उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं।

अधिशासी अभियंता (सेस प्रथम) कार्यालय में आयोजित शिविर में 17 उपभोक्ता समस्याएं लेकर पहुंचे। इसमें मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। ज्यादातर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी और बिल अधिक आने की शिकायतें लेकर पहुंचे थे। बिजनौर के कटरा मोहल्ला निवासी वकार अजीज खान ने बताया कि मार्च 2025 से तकनीकी खराबी के कारण मीटर रीडिंग बढ़ने के साथ ज्यादा बिल आ रहा है।

उन्होंने बताया कि शिकायत पर एक कर्मचारी पहुंचा और मीटर रीडिंग चेक की। इसके बाद मीटर और रीडिंग सही करके बिजली का बिल भेजने को कहा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। इसकी वजह से बिल नहीं जमा हो पा रहा है। इसी तरह बंथरा के दादूपुर के प्रमोद सिंह ने बताया कि उनका स्मार्ट विद्युत मीटर खराब है। उसके डिस्प्ले में केवल सी ओपन लिखकर आ रहा है। इसकी वजह से रीडिंग नहीं दिख पा रही और बिल भी नहीं निकल पा रहा। पीड़ित का कहना है इसको लेकर वह 3 जुलाई 2025 को गहरू एसडीओ कार्यालय में शिकायत कर चुका है। किंतु मीटर अब तक नहीं चेंज किया गया। शिविर में गहरू, बनी, शारदा नगर विस्तार, नादरगंज और उतरठिया विद्युत पावर हाउस से जुड़े उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया। अधिकारियों की मौजूदगी न होने के कारण ज्यादातर उपभोक्ताओं को निराश लौटना पड़ा।

जल निगम कर्मचारी व पेंशनर आज करेंगे प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश जल निगम एकीकृत संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कर्मचारी व पेंशनर बुधवार को जल निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। मोर्चा के महासचिव एके सिंह ने बताया कि जल निगम (नगरीय) में कार्यरत व पेंशनर्स को 5 महा का वेतन व पेंशन न मिलने से परिवार सड़क पर आ गया है। मुख्य मांगों में मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति न दिए जाने, महंगाई व राहत भत्ता 252 के स्थान पर 212 प्रतिशत ही दिए जाने, 1 जनवरी 2016 से सातवां वेतनमान लागू करने, 4141 नियमित कर्मचारियों को उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश का अनुपालन करते हुए पेंशन प्राधिकार पत्र जारी करने सहित सेवानिवृत्ति का लाभ प्रदान करने एवं चिकित्सा कैशलेस प्रतिपूर्ति व्यवस्था लागू करना आदि मांगें शामिल हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०–नि०–मुख्या०–06–2025 दिनांक: 19.07.2025, **कार्य का नाम** – सीएओ/कान कार्यालय भवन की संरचनात्मक मरम्मत, जिसमें पुराने दरवाजे और खिड़कियां बदलना, पुराने सन शेड, वर्षा जल पाइप, पुरानी स्वच्छता स्थापनाएं बदलना, अधिकारी कक्षों, कार्यालयों का नवीनीकरण और अन्य विविध कार्य हैं।, अनुमानित निविदा मुल्य : 4,02,15,719.19, बयाना राशि (रू०) : 3,51,100.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह माह) ● बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि–29.07.2025 ● उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि – दिनांक 12.08.2025 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 12.08.2025 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता माप दण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री निशांत सिंह सहायक कार्यपालक इंजीनियर/ निर्माण / मुख्या० /गो०, मो० नं० 95948 80852

उप मुख्य इंजीनियर/ नि०/मुख्या०
मुजाधि/डब्ल्यू–170 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सीएम के बुलाने पर मिलने गया था : बृजभूषण शरण

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात पर कहा कि वह खुद मिलने के लिए नहीं गये थे। योगी ने मिलने के लिए बुलाया था। मुझे मेरे बच्चों से संदेश मिला था। नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि

योगी से मेरे पुराने संबंध हैं। मैंने पहले भी कहा था कि जब भी बुलाएंगे तब जाऊंगा, लेकिन बिना बुलाए नहीं जाऊंगा। मैंने 31 महीने बाद योगी से मुलाकात की है। कहा जीवन में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसा ही एक उतार जनवरी 2023 में मेरे ऊपर आया था और योगी से हमारी बातचीत और मुलाकात बंद हो गई। 31 महीने तक न तो मैं मिला न ही हमने मिलने का कभी प्रयास किया क्योंकि जनवरी 2023 में मेरे लिए टर्निंग पॉइंट था। इस मुलाकात पर किसी को आपत्ति नहीं होना चाहिए। पूर्व सांसद ने दिनकर जी की एक कविता भी पढ़ी "सच है विपत्ति जब आती है कायर को ही दहलाती आती है। सूरमा नहीं विचलित होते, पल एक नहीं धीरज खोते, संकट का चरण गहते हैं जो आ पड़ता है सब सहते हैं।" उसी दिन मैं निश्चित कर लिया था कि यह लड़ाई मेरी है। मुझे ही लड़ना है।

राहुल नंदिनी नगर आएं सनातनी बनाकर भेजूंगा

बृजभूषण ने राहुल गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा मैं वामपंथियों को खुला चैलेंज देता हूं, हमारे नंदिनी नगर में हो रही कथा में आएं, सनातन पर बहस कर लें। मैं तो राहुल गांधी से कहता हूं कि सनातन से इतनी नफरत क्यों है, मनु स्मृति से नफरत क्यों है, हमारे नंदिनी नगर-अयोध्या में आइए, एक हफ्ते रहिए। दावा है यहां से उनको हम सनातनी बनाकर ही भेजेंगे।

लव और लैंड जिहाद के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार: लव जिहाद, धर्मांतरण व लैंड जेहाद की घटनाओं को लेकर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल लखनऊ के कार्यकर्ताओं ने मलिहाबाद तहसील में प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम व एसीपी मलिहाबाद को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि रहिमाबाद, माल और मलिहाबाद क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से गांव की भोलीभाली लड़कियों को बरगलाकर लव जिहाद एवं धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। हाल ही में रहीमाबाद में एक युवक ने धर्म छिपाकर युवती को लव जिहाद में फंसाकर उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास किया था। नबीपनाह के भट्ठा इलाके में कुछ दिन पूर्व युवक ने एक किशोरी के साथ ऐसी ही घटना को अंजाम दिया

एसीपी को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल, विहिप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सौंपा एसडीएम व एसीपी मलिहाबाद को ज्ञापन

था। कई अन्य घटनाएं भी हो चुकी हैं। घटनाएं या तो पुलिस तक पहुंच नहीं पा रहीं या पुलिस तक पहुंचने से पीड़ितों को दबाव डालकर रोका जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी तरह तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में लैंड जिहाद की घटनाओं को भी अंजाम दिया जा रहा है। इन षड्यंत्रों को कुछ लोग संगठित तरीके से अंजाम दे रहे हैं। जिसके एवज में उन लोगों को आर्थिक मदद भी मिल रही है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार, जिला संयोजक रोहित सिंह जिला सह सुरक्षा प्रमुख रवि राजपूत, जिला सुरक्षा प्रमुख सूरज सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील शर्मा, बेचालाल लोधी, अनूप सिंह, पुतान, सुशील रावत समेत माल सहित क्षेत्रों के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली" ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कॉलोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:– **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 09–2025–कॉलोनी कार्य का नाम:** गोरखपुर 33/11 के०वी० उपकेंद्र पर घरेलू आपूर्ति हेतु पुरानी तकनीक के 11 केवी एच.टी. पैनलों का प्रतिस्थापन कार्य। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹4,41,91,000/-; **बयाने की राशि (₹ में):** ₹3,71,000/-; **ई–निविदा फार्म का मूल्य (₹ में):** शून्य; **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से:** 09 माह। • ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 08.08.2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कॉलोनी
मुजाधि/विद्युत–97 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सूचना

एच डी एफ सी बैंक की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभिषेक जायसवाल पुत्र राधे श्याम जायसवाल, जो कि गाटा संख्या 1765/1380 ए, 1762 पर निर्मित मकान (मकान संख्या आरपी–532/369/338–39/447 ए, 447 बी), मोहल्ला–रसूलपुर/मॉडल स्कूल पर स्थित है, परगना एवं तहसील–नवाबगंज, जिला–बाराबंकी (यूपी) पर निर्मित अवन नगर निगम नं. आरपी–532/369/338–39/447 ए,447 बी. रकबा 1492 वर्गफुट स्थित मोहल्ला रसूलपुर/मॉडल स्कूल, वार्ड–रसूलपुर मॉडल स्कूल के एकमात्र स्वामी है, जिसको अभिषेक जायसवाल ने सूर्य प्रकाश जयसवाल व राहुल जयसवाल पुत्र राधे श्याम जयसवाल आदि से जरिए विक्रय–पत्र प्राप्त किया था, जोकि दिनांक 21/12/2024 बहीं संख्या 1 जिल्द संख्या 18325 के पृष्ठ 273 से 296 तक क्रमांक 32583 पर पंजीकृत है। उक्त सम्पति को अभिषेक जायसवाल (बंधककर्ता) बंधक कर एच डी एफ सी बैंक से ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय, संस्था या बैंक को उपरोक्त भवन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो, तो इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। उपरोक्त समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जाएगा। आपत्ति हेतु सम्पर्क करें– मैनेजर का नाम: आशुतोष सिंह ब्रांच कोड: 11223 सम्पर्क सूत्र: 9335865343

तीन माह पहले ही काम पर आया था दिवाकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चिनहट के होटल ईशान इन के बाहर जिस दिवाकर की हत्या की गई वह तीन महीने पहले ही काम पर आया था। उसके पिता सतीश यादव ने बताया कि उसे ममेरे भाई उदय ने चालक की नौकरी दिलाने की बात कही थी। एक सप्ताह पहले दिवाकर ने खेत में काम कराने के लिए पिता को रुपये भेजे थे। दिवाकर की छोटी बहन प्रिया की फरवरी में शादी तय है। वह बहन की शादी की तैयारी कर रहा था कि कोई कमी न रहे। परिवार में एक भाई और तीन भाई है।

हत्याकांड की छानबीन कर रही पुलिस को पता चला कि घटना के बाद आकाश ने साथी को फोन कर बुलाया। उसे असलहा व अन्य सामान दिया। इसके बाद वह असलहा लेकर भाग गया। संदिग्ध की आखिरी लोकेशन बाराबंकी में मिली थी। दो टीमें आरोपी की तलाश में लगी हैं।

होटल।

चाय विक्रेता हत्याकांड में अक्टूबर में हुआ था गिरफ्तार

आकाश (आरोपी)

26 जुलाई 2023 को सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में चाय विक्रेता राजेश की हत्या हुई थी। वारदात में पुलिस ने सूत्रधार ललिता कोरी समेत 11 आरोपियों को जेल भेजा था। फरार आकाश तिवारी को अक्टूबर 2024 को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कुछ माह पहले ही आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आया था। जनवरी 2024 में आरोपी आकाश पर बीबीडी थाने में बलवा, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

फंदे पर लटका मिला पुजारी के बेटे का शव

अमृत विचार, लखनऊ: बीबीडी के गोयल अपार्टमेंट स्थित राम दरबार मंदिर के पुजारी के बेटे अखिल तिवारी (17) का शव सोमवार देर रात मंदिर के बगल में बने कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बेटे की मौत की जांच की मांग पुलिस से की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से बहराइच के बौंडी हेमनापुर निवासी अरविंद तिवारी बीबीडी स्थित अपार्टमेंट अपार्टमेंट टावर नंबर 8 में पत्नी आरती व पांच बच्चों के साथ किराये के फ्लैट में रहते हैं। वह अपार्टमेंट के बगल में ही बने राम दरबार मंदिर में कई सालों से पुजारी हैं। उन्होंने बताया कि बेटा अखिल तिवारी ने इसी साल 11वीं में दाखिला लिया था। सोमवार को मंदिर में भागवत कथा के चलते घर के सारे लोग मंदिर पर ही थे। रात 10:30 बजे परिजन मंदिर के बगल में बने कमरे पहुंचे तो अखिल का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। अरविंद का आरोप है कि बेटे के पैर जमीन से छू रहे थे।

पत्नी से विवाद के बाद चालक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- इंदिरानगर सेक्टर-17 में हुई घटना

अमृत विचार: गाजीपुर के सेक्टर-17 में पत्नी से विवाद के चलते चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह पत्नी मंदिर गई थी। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

सेक्टर-17 इंदिरा नगर निवासी संजय जायसवाल (39) ड्राइवरी करते थे। बहन सुषमा ने बताया कि पत्नी रूपम जायसवाल से लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। शनिवार को झगड़े के बाद संजय घर छोड़कर चले गए थे। परिवार के समझाने पर फिर वापस आ गए। मंगलवार सुबह पत्नी रूपम मंदिर गई थी। इसी बीच करीब 9 बजे घर के तीसरी मंजिल पर संजय ने फंदा लगा लिया। पत्नी वापस लौटी तो संजय को लटका देखा। अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में दो बेटियां गौरी और काशी हैं।

सीएमएस विश्व वॉइस के विशेष लाइव प्रसारण में 'भूजल स्तर' विषय पर विचार साझा करते छात्र प्रतिनिधि, विशेषज्ञ वक्ता डॉ. आर. ए. यादव एवं कार्यक्रम के मेज़बान। अमृत विचार

15 दोषियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास

अमृत विचार, बाराबंकी : वर्ष 2006 में थाना लोनीकटरा क्षेत्र में लोक सेवकों से मारपीट व राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने के मामले में न्यायालय ने 15 अभियुक्तों को दोषी करार दिया और सभी को सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास व प्रत्येक को 29,000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रकरण में 16 अभियुक्तों को बरी कर दिया। वही मुकदमें की सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक समेत दो लोग दिवंगत हो गए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 19 अगस्त 2006 को अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के प्रयास में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर पुलिस बल पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हमला किया गया था।

कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश

(बीज एवं प्रक्षेत्र अनुभाग) कृषि भवन, लखनऊ

पत्रांक–एस0एक0/559–जी / एक0ए0/ छानस नीलामी/2025–26/ दिनांक 18–7– 2025

नीलामी सूचना

राजकीय ऊसर सुधार प्रक्षेत्रों पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार बीज अयोग्य जिन्सों/छानस बीजो के विक्रय हेतु जिन्सों की नीलामी जैसी है, जहाँ है की स्थिति अनुसार दिनांक 06–08–2025 को बीज विधायन संयंत्र / केन्द्रीय भण्डार रहीमाबाद, लखनऊ के कार्यालय में दोपहर 1: 00 बजे की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने हेतु सं0–500000.00 (रू0 पांच लाख मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र), उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ के पदनाम से धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना होगा। बिना धरोहर धनराशि के नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। पूर्व में जमा बैंक ड्राफ्ट इस नीलामी धरोहर धनराशि के रूप में मान्य नहीं होगा। धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ खाद्यान्य क्रय/विक्रय करने के लाइसेन्स, व्यापार कर पंजीकरण प्रमाण–पत्र (जी0एस0टी0), आयकर रिर्टन, पैन कार्ड फर्म के प्रोपराइटर का पहचान पत्र व अन्य प्रतिनिधि के फोटोयुक्त फर्म द्वारा अधिकृत प्राधिकार पत्र तथा अखाद्य जिन्सों के प्रयोग हेतु उद्योग विभाग के लाइसेन्स की प्रमाणित छायाप्रति तथा मूल प्रति नीलामी समिति की मांग पर नीलामी कार्यवाही के समय अवलोकित कराना होगा। प्रकाशित की गयी जिन्सों की मात्रा घट–बढ़ सकती है। बीज अयोग्य जिन्सों/छानस जिसकी नीलामी होनी है उसे प्रक्षेत्रों पर नीलामी से पहले कार्य दिवसों में देखा जा सकता है एवं नमूने के रूप में बीज विधायन संयंत्र / केन्द्रीय भण्डार रहीमाबाद, लखनऊ पर मिलेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तो के अतिरिक्त अन्य कोई शर्त एवं किसी प्रकार की कोई शिकायत मान्य नहीं होगी। नीलामी में प्राप्त उच्यतम बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) उ0प्र0 का होगा–

खरीफ वर्ष 2024 में बीज विधायन सयंत्र सण्डीला, रहीमाबाद एवं कटियार पर विधायित,अविधायित/मिक्चर एवं छानस की नीलामी हेतु प्रक्षेत्रवार विवरण

(मात्रा कु0 में)

क्र0 सं0	फसल/प्रजाति का नाम	फसल श्रेणी का नाम	मोहम्मदपुर	उपाध्याय खेडा	कासिमाबाद	जैतपुर	रहीमाबाद	कटियार	योग
1	धान	छानस	125.60	143.70	250.84	84.48	491.73	378.20	1474.55
		अविधायित/मिक्चर	38.55	7.00	10.00	75.60	9.40	97.60	238.15
		विधायित	13.20	79.80	0.00	0.00	0.00	0.00	93.00
		अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	83.16	0.00	83.16
2	उर्द	छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	0.10	0.00	0.10
		अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00	0.00	1.00
3	मूंग	छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	0.06	0.00	0.06
		अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	0.75	0.00	0.75
4	बाजरा	छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	3.70	0.15	3.85
		अविधायित/मिक्चर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	28.28	28.28
		अयोग्य	0.00	0.00	1.00	0.00	0.00	0.00	1.00
5	रागी	छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	0.70	0.15	0.85
		अविधायित/मिक्चर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.90	2.90
6	कोदो	अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	0.40	0.00	0.40
		छानस	0.00	0.90	0.00	0.00	0.20	3.82	4.92
		अविधायित/मिक्चर	0.00	0.20	0.00	0.00	0.00	0.30	0.50
	काकुन	अवशेष	0.00	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	0.01
		छानस	0.42	0.08	0.00	0.00	0.27	0.40	1.17
		अविधायित/मिक्चर	3.10	0.45	0.00	0.00	0.00	0.50	4.05
8	सावा	बीज अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	0.40	0.00	0.40
		छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	0.40	0.25	0.65
		अविधायित/मिक्चर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.20	0.20
9	ढैचा	अविधायित/मिक्चर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	17.00	17.00
10	तिल	छानस	0.00	0.00	0.10	0.00	0.43	0.55	1.08
		अविधायित/मिक्चर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1.08	1.08
		अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	0.89	0.00	0.89
11	कुटकी	छानस	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.10	0.10
		अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	0.50	0.00	0.50
12	अरहर	छानस	0.95	0.85	0.00	0.65	3.95	0.00	6.40
		अविधायित/मिक्चर	2.65	1.75	0.00	1.25	0.00	0.00	5.65
		बीज अयोग्य	0.00	0.00	0.00	0.00	5.10	0.00	5.10
	महायोग		184.47	234.73	261.94	161.98	603.15	531.48	1977.75

UP – 236173 दिनांक: 21/07/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

डा0 अमरनाथ मिश्रा
अपर कृषि निदेशक
(बीज एवं प्रक्षेत्र), उ0प्र0

आस्था

बाराबंकी के लोधेश्वर धाम और अयोध्या में किया गया भव्य स्वागत

डीएम–एसपी ने हेलीकॉप्टर से बरसाए भक्तों पर फूल

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सावन मास के दूसरे मंगलवार की सुबह महाभारतकालीन पौराणिक तीर्थ लोधेश्वर महादेव मंदिर में अविस्मरणीय दृश्य देखने को मिला। जब हजारों शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक में लीन थे, तब प्रशासन की ओर से हेलीकॉप्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्पवर्षा की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयोजित इस पुष्पवर्षा कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने किया। डीएम व एसपी पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर द्वारा उड़ान भरते हुए लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर के ऊपर चार बार चक्कर लगाकर श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की। एसडीएम विवेकशील यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, महादेवा चौकी प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।



मंदिर परिसर पर होती पुष्पवर्षा। अमृत विचार

पुष्पवर्षा करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

अयोध्या में हुई भी पुष्प वर्षा

अमृत विचार, अयोध्या : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सावन माह की त्रयोदशी तिथि पर मंगलवार को हनुमानगढ़ी मंदिर, नागेश्वरनाथ मंदिर, दर्शन मार्ग, सरयू घाट, राम पथ, लता मंगेशकर चौक और श्रीराम मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। रामनगरी भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो उठी। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का हुजूम सरयू नदी में स्नान करने के लिए उमड़ पड़ा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने नागेश्वर नाथ मंदिर, राम मंदिर और हनुमान गढ़ी में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई।

25 को शहीद हुए शिक्षामित्रों को देंगे श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ 25 जुलाई शिक्षामित्र विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहीद हुए शिक्षामित्रों को 25 जुलाई को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद भी शिक्षामित्रों की कोई चिंता नहीं है। प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षामित्र लगातार आंदोलनरत हैं। सरकार उनके लिए अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल पाई है। शिक्षामित्र 25 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

नेशनल ब्रीफ

दिल्ली : एयर इंडिया के विमान में लगी आग

नई दिल्ली। हांगकांग से आए एयर इंडिया के ए321 विमान के मंगलवार दोपहर को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसकी सहायक ऊर्जा इकाई में आग लग गई। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि 22 जुलाई 2025 को हांगकांग से दिल्ली पहुंची उड़ान संख्या एआई 315 के उतरने और गेट पर पार्क होने के तुरंत बाद विमान के एपीयू में आग लग गई और यह घटना उस समय हुई, जब यात्री उतरने लगे थे। प्रवक्ता ने बताया कि विमान को कुछ नुकसान पहुंचा है, जबकि यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

बिहार: पते पर नहीं मिले 52 लाख मतदाता

नई दिल्ली। बिहार में चुनाव अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर जांच करने पर पाया कि 52 लाख से अधिक मतदाता अब अपने बताए गए पते पर नहीं रहते, जबकि 18 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 26 लाख मतदाता दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में रहने लगे हैं, अन्य सात लाख ने दो जगह पंजीकरण करा रखा है। चुनाव अधिकारियों ने उन 21.36 लाख मतदाताओं की सूची साझा की है, जिनके गणना फॉर्म अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं।

करंट की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत

यमुनानगर। हरियाणा के यमुनानगर जिले में मंगलवार को एक पिकअप वाहन के हाई-टेंशन तार के संपर्क में आने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब गुमथला गांव से 15 कांवड़ियों का एक समूह हरिद्वार जा रहा था। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि छह को चोटें आई हैं।

जम्मू: जेसीबी खाई में गिरने से तीन की मौत

जम्मू। किश्तवाड़ जिले के दच्छन इलाके में मंगलवार को जेसीबी मशीन के खाई में गिरने से तीन की मौत हो गयी। शाम करीब 6:40 बजे धनराशी दच्छन में निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन फिसल कर खाई में गिर गई। घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान भलेसा निवासी नजीर हुसैन (23), इशाक (26) और मजीद (28) के रूप में हुई है।

बोइंग विमानों की ईंधन प्रणाली में खामी नहीं

मुंबई, एजेंसी

- एयर इंडिया का अपने बेड़े के विमानों की जांच के बाद दावा

एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने बोइंग 787 और 737 विमानों के बेड़े पर ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) की लॉकिंग प्रणाली का निरीक्षण पूरा कर लिया है और उसमें कोई समस्या नहीं मिली है।

एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान के 12 जून को हुए भीषण हादसे की जांच के बाद पेश अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त होने के पहले विमान के ईंधन स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद, नागर विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया को 21 जुलाई तक अपने बेड़े में शामिल बोइंग 787 और 737 विमानों में ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था।

एयर इंडिया का बोइंग 787 विमान 12 जून को लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी, जमीन पर मौजूद 19 लोग भी हादसे में मारे गए थे।

...तो क्या धनखड़ के हटने से खुश हैं सत्तारूढ़ दल के लोग

अचानक इस्तीफे पर नहीं जताई कोई प्रतिक्रिया, विपक्ष ने की सराहना, गर्म हुआ अटकलों का बाजार

नई दिल्ली, एजेंसी

जगदीप धनखड़ के सोमवार रात अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने से ऐसी अटकलों का बाज़ार गर्म हो गया है कि क्या यह स्वास्थ्य कारणों से दिया गया या इसके पीछे कुछ और वजह है। आमतौर पर, किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति के हटने पर उनकी प्रशंसा की जाती है लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से ऐसा कुछ नहीं था, जो इस बात का संकेत है कि शायद सरकार उनके हटने से खुश है।

हालांकि विपक्ष की ओर से उनके बारे में अच्छे शब्द कहे

- जस्टिस वर्मा को हटाने के नोटिस पर सिर्फ विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर पर घिरी थी सरकार

गए। विपक्षी सदस्यों ने पिछले साल उनके कथित पक्षपात को लेकर उन्हें पद से हटाने के लिए एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। धनखड़ ने सोमवार को सदन को सूचित किया था कि भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए उन्हें 63 विपक्षी सांसदों की ओर से एक नोटिस मिला है। यह नोटिस न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए लोकसभा में द्विदलीय प्रस्ताव लाने की सरकार की योजना के विरुद्ध था।

इसके साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए और भी शर्मनाक स्थिति पैदा हो गई क्योंकि यह पूरी तरह से विपक्ष द्वारा पेश किया गया था। सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने तुरंत कदम उठाते हुए भाजपा और उसके सहयोगी दलों के कई राज्यसभा सदस्यों से एक दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करवाए। इस संबंध में कुछ सदस्यों ने कहा कि यह ऐसे ही एक नोटिस के लिए था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च सदन में इस कवायद के पीछे केवल विपक्षी सदस्य ही नहीं हैं। कई अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं ने चुप्पी साधे रखी।

एक और संकेत: बैठक में नहीं आए नड्डा-रीजीजू

धनखड़ से सरकार की अप्रसन्नता का एक और संकेत सोमवार शाम 4.30 बजे राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू की अनुपस्थिति थी। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अनुमान लगाया कि दोपहर एक बजे से शाम 4.30 बजे के बीच स्पष्ट रूप से कुछ गंभीर बात हुई, जिसके कारण नड्डा और रीजीजू जानबूझकर कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने दावा किया कि यह बात धनखड़ को अच्छी नहीं लगी।

- कुछ भाजपा सदस्यों ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को शून्यकाल के दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार पर तीखा हमला करने की अनुमति देने के धनखड़ के फैसले की भी आलोचना की, जबकि सरकार ने पहले ही इस मुद्दे पर चर्चा की बात की थी।

अभूतपूर्व: इकबाल-ए-जुर्म के बाद भी बरी हुए ट्रेन विस्फोट के आरोपी

हाईकोर्ट ने एक जैसे पाए सभी बयान, जबरन दस्तखत कराने का आरोप माना

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में जुलाई 2006 में कई लोकल ट्रेन में हुए बम धमाकों के मामले में दोषियों को निचली अदालत की ओर से सुनाई गई सजा को पलटने का बंबई हाईकोर्ट का फैसला अभूतपूर्व है। यह दोषियों के इकबालिया बयानों की विश्वसनीयता को भी नकार देता है, जिसे निचली अदालत ने अपने फैसले में दोषसिद्धि का आधार माना था। महाराष्ट्र सरकार ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय ने इकबालिया बयानों पर अभियोजन पक्ष की निर्भरता को खारिज करते हुए 2015 में दोषी ठहराए गए सभी 12 आरोपियों को सोमवार को बरी कर दिया। उसने कहा कि प्रत्येक बयान के कुछ हिस्से 'एक जैसे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें कॉपी किया गया है।' यह फैसला निचली अदालत के निर्णय के बिलकुल विपरीत है। न्यायमूर्ति अनिल किलोर

और श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस चौंकाने वाले निष्कर्ष पर टिप्पणी करते हुए कहा, प्रत्येक इकबालिया बयान में बम धमाकों से जुड़े प्रासंगिक हिस्से की जांच के दौरान हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि इन बयानों के कुछ हिस्से एक जैसे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें कॉपी किया गया है।

इकबालिया बयानों को खारिज किए जाने का एक महत्वपूर्ण आधार यह था कि उन्हें विभिन्न पैमानों पर सच्चा और पूर्ण नहीं पाया गया। यही नहीं, उनके कुछ अंश समान और एक-दूसरे से मेल खाते हुए पाए गए। हालांकि, 2015 में निचली अदालत ने इकबालिया बयानों की प्रामाणिकता को बरकरार रखा था और बचाव पक्ष की ओर से रेखांकित यातना, मजिस्ट्रेट के बजाय पुलिस अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज किए जाने और बयानों में समान गलतियों की मौजूदगी जैसे बिंदुओं को खारिज कर दिया था।

इकबालिया बयानों में समान गलतियां होने की दलील पर निचली अदालत ने टिप्पणी की थी, केवल ऐसी समानता से यह निष्कर्ष निकालना बेतुका होगा कि इकबालिया बयान गढ़े हुए हैं और एक ही प्राधिकारी द्वारा लिखवाए या तैयार करवाए गए हैं। उच्च न्यायालय के 21 जुलाई के फैसले में इकबालिया बयानों में समानता को दर्शाने वाले एक चार्ट का हवाला दिया गया और कहा गया कि यह प्रत्येक इकबालिया बयान की प्रामाणिकता, विश्वसनीयता और सत्यता के बारे में बहुत कुछ बताता है। उच्च न्यायालय ने कहा, "यह चार्ट बचाव पक्ष की इस दलील को मजबूत करता है कि इकबालिया बयान आरोपियों ने नहीं दिया, बल्कि इन पर उनसे जबरदस्ती दस्तखत करवाए गए।

निचली अदालत ने सही नहीं माने थे आरोप

निचली अदालत ने कहा कि यह दावा मजिस्ट्रेट या विशेष न्यायाधीश पर आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं है। यह संभव नहीं है कि आरोपी दो महीने से अधिक समय तक चुप रहेंगे, जब उन्होंने अपना बयान वापस लेने की अर्जी पेश की। हम इस दलील से संतुष्ट हैं कि इकबालिया बयान बाद में विचार करने या कानूनी सलाह के कारण वापस लिए गए थे। दूसरी ओर, उच्च न्यायालय ने एक आरोपी की स्वीकारोक्ति का हवाला देते हुए कहा कि उसके बयान को पढ़ना और पुलिस की बर्बरता की कल्पना करना मुश्किल है। और अगर इसे वास्तविक मान लिया जाए, तो यह निश्चित रूप से पुलिस की ओर से अपराध को जबरन स्वीकार करवाने के लिए अपनाए गए अमानवीय, बर्बर और कठोर तरीकों को दर्शाता है।

बिल्डरों-बैंकों से जुड़े 22 मामले दर्ज करने की मिली सुप्रीम मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को एनसीआर में घर खरीदारों के साथ ठगी करने को लेकर बैंकों और रियल एस्टेट कंपनियों के बीच सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांच को प्राथमिकी के समान 22 नियमित मामलों में तब्दील करने की अनुमति दे दी, जिनमें आगे की जांच के लिए संज्ञेय मामले बने हैं।

जांच के दायरे में एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के विकास प्राधिकरण शामिल हैं। आर्थिक सहायता योजना के तहत, बैंक स्वीकृत राशि सीधे बिल्डरों के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें स्वीकृत ऋण राशि पर ईएमआई (मासिक किस्त) का भुगतान करना होता है जब तक कि फ्लैट घर खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते। बिल्डर जब बैंकों को किस्त का भुगतान नहीं करने लगे तो त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार, बैंकों ने घर खरीदारों से ईएमआई जमा करने को कहा। पीठ ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, 1,000 से अधिक व्यक्तियों की जांच करने एवं 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके मामले को अपने हाथ में लेने के लिए केंद्रीय एजेंसी के प्रयासों की सराहना की तथा उसे शीघ्रता से जांच पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज सातवीं प्रारंभिक जांच, जो सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं से संबंधित है और एनसीआर क्षेत्र से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली एवं इलाहाबाद में हैं, अब भी जारी है। न्यायालय 1,200 से अधिक घर खरीदारों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एनसीआर क्षेत्र, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में सब्सिडी योजनाओं के तहत फ्लैट बुक किए थे। उनका आरोप है कि फ्लैटों पर कब्जा न होने के बावजूद बैंकों द्वारा उन पर ईएमआई का भुगतान करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने 29 मार्च को, सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र, यानी नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद में बिल्डरों और परियोजनाओं के मामलों में पांच प्रारंभिक जांच दर्ज करने की अनुमति दी थी।

शीर्ष अदालत में दाखिल की गई हैं 84 अपीलें

इसने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच दर्ज करने की अनुमति दी थी, जिसके खिलाफ 799 घर खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से जुड़ी 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सीबीआई द्वारा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें सुझाव दिया गया था कि बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों की ओर से संज्ञेय अपराध होने का पता लगाने के लिए मामलों की प्रारंभिक जांच के बाद, आगे की जांच के लिए 22 नियमित मामले दर्ज किए जाने आवश्यक हैं। जिसे पीठ ने स्वीकृत कर लिया।

- सांठगांठ कर घर खरीदारों के साथ ठगी करने का मामला
- सीबीआई जांच के दायरे में एनसीआर के बिल्डर और यूपी हरियाणा के विकास प्राधिकरण

पति को सताने वाली आईपीएस अफसर अखबारों में छपवाएगी माफीनामा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक संबंधों में खटास आने पर रसूख का दुरुपयोग करते हुए पति और ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के मामले में आरोपी आईपीएस अधिकारी को तीन दिनों के अंदर प्रमुख अखबारों में बिना शर्त माफीनामा प्रकाशित करने का मंगलवार को निर्देश दिया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए 2018 से अलग रह रहे पति- पत्नी के बीच विवाह को भंग कर दिया। पीठ ने अफसर की ओर से दायर स्थानांतरण याचिकाओं और अन्य मामलों पर विचार करते हुए इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने अपने पति और ससुर को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने की आरोपी आईपीएस अधिकारी और उनके माता-पिता को तीन दिनों के अंदर एक प्रसिद्ध अंग्रेजी और हिंदी दैनिक अखबार में बिना शर्त माफ़ीनामा प्रकाशित करने का निर्देश दिया। यह माफ़ीनामा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर भी प्रसारित करने को कहा है।

पति पर दर्ज कराए थे 15 केस

महिला अफसर का विवाह 2015 में हुआ था। अगले वर्ष एक बेटी का जन्म हुआ। वैवाहिक मतभेदों के कारण 2018 से वे अलग रहने लगे। इसके बाद उसके पति और परिवार के सदस्यों के खिलाफ कुल 15 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। इस कारण पति 109 और ससुर को 103 दिन जेल में रहना पड़ा। कोर्ट ने कहा, दोनों जो सहा है, उसकी भरपाई किसी भी तरह नहीं की जा सकती। पति पक्ष ने भी 10 मामले दर्ज कराए थे।

आधार, राशन कार्ड केवल पहचान के लिए हैं: ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उचित ठहराते हुए कहा है कि यह सूची से अयोग्य व्यक्तियों को हटाकर चुनाव की शुचिता को बढ़ाता है।

बिहार से शुरू कर पूरे भारत में मतदाता सूची के एसआईआर का निर्देश 24 जून को दिया गया। इस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में निर्वाचन आयोग के हलफनामे में कहा गया कि कानूनी चिंताओं के बावजूद आयोग एसआईआर-2025 प्रक्रिया के दौरान पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता और राशन कार्ड पर पहले से ही विचार कर रहा है।

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच अब तक 12 दौर की हो चुकी वार्ता

लोकसभा को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री प्रसाद ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-अमेरिका में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए मार्च 2025 में शुरू वार्ता के पांच दौर पूरे हो चुके हैं। सरकार ने मंगलवार को संसद में यह जानकारी दी।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा को बताया कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच 12 दौर की वार्ता हो चुकी है। अंतिम दौर की वार्ता 7 से 11 जुलाई तक ब्रसेल्स में हुई थी। प्रसाद ने बताया, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई तक वाशिंगटन में हुई थी। मंत्री ने बताया कि पांच वर्षों में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग 2020-21 में 4,77,533 से 44 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 6,89,991 हो गई हैं। सबसे अधिक वृद्धि भौगोलिक संकेतक (जीआई) में देखी गई, जिसमें 380% की वृद्धि हुई, इसके बाद डिजाइन (266), पेटेंट (180), कॉपीराइट (83), ट्रेडमार्क (28) और सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट-डिजाइन (एसआईसीएलडी) में 20% की वृद्धि हुई। हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में 697 जीआई पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं।

मानसून सत्र

- जितिन प्रसाद बोले- भारत-अमेरिका में प्रस्तावित एफटीए के लिए पांच दौर की वार्ता हो चुकी है संपन्न

आपदा से 1.58 लाख हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा को बताया कि इस साल 1 अप्रैल से अब तक 12 राज्यों में ओलावृष्टि, बारिश और बाढ़ से 1.58 लाख हेक्टेयर से अधिक फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने इस साल मानसून के मौसम के दौरान ओलावृष्टि/भारी बारिश/बाढ़ के कारण प्रभावित फसल क्षेत्र का विवरण साझा किया। प्रभावित क्षेत्र में कृषि और बागवानी, दोनों फसलें शामिल हैं।

पीएलआई योजनाओं के तहत 14 क्षेत्रों के लिए अब तक 806 आवेदन किए गए मंजूर

सरकार ने कहा कि अब तक 14 क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत 806 आवेदनों को मंजूरी दी गई है। भारत की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कपड़ा और ऑटो सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ योजनाओं की घोषणा 2021 में की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि अब तक 14 क्षेत्रों में पीएलआई योजनाओं के तहत 806 आवेदनों को मंजूरी दी गई है। मार्च 2025 तक 14 क्षेत्रों में 1.76 लाख करोड़ का वास्तविक निवेश प्राप्त हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 16.5 लाख करोड़ से अधिक का उत्पादन/बिक्री हुई है और 12 लाख से अधिक (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का) रोजगार सृजन हुआ।

एसडीआरएफ से दिए 22 राज्यों को 9578.40 करोड़

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा को बताया कि चालू वित्त वर्ष में 15 जुलाई तक राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय अंश के रूप में 22 राज्यों के लिए 9578.40 करोड़ रुपये जारी किए हैं। प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर एसडीआरएफ एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के तहत वित्तीय सहायता राहत के रूप में है, न कि नुकसान की भरपाई के लिए है। मंत्री ने कहा, हिमाचल के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन हुआ है, जो नुकसान का आकलन कर राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा।

सेना को मिले 3 अपाचे हेलीकॉप्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायु सेना के बाद अब सेना को भी अत्याधुनिक लड़ाकू अपाचे हेलीकॉप्टरों की ताकत मिल गई है और सेना के लिए तीन अपाचे हेलीकॉप्टरों की पहली खेप मंगलवार को हिंडन एयर बेस पर उतरी।

सेना ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। सेना ने इन बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि उसकी विमानन शाखा के लिए तीन अपाचे हेलीकॉप्टरों की पहली खेप हिंडन एयर बेस पहुंच गई है। पोस्ट में कहा गया है कि इन अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों से सेना की मारक क्षमता बढ़ेगी। दुनिया की बड़ी एयरोस्पेस कंपनियों में शुमार अमेरिका की बोइंग कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के साथ छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद के अनुबंध के तहत यह पहली खेप भेजी है। इन हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति पिछले वर्ष शुरू होनी थी लेकिन इसमें एक वर्ष की देरी हो गई। इन हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात किए जाने की संभावना है।

- सेना की बढ़ेगी ताकत, जोधपुर में तैनात किए जाने की संभावना

स्वर्ण मंदिर पर श्रद्धा भरे बादल

अमृतसर में छाए घने काले वादलों ने स्वर्ण मंदिर की आभा को और भी बढ़ा दिया। जैसे मानों यह गुरुजन के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हों। प्रकृति के इस स्वरूप को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। **एजेंसी**

हिमाचल: ट्रक पर चट्टान गिरी, 435 मार्ग अवरुद्ध

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भारी बारिश के दौरान पिकअप ट्रक पर चट्टान गिरने से उसका चालक व यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह हादसा लुहरी जाजर सड़क पर कानी नाले के पास सोमवार को हुआ।

राज्य में बारिश से तीन एनएच सहित कुल 435 सड़कें बंद हैं। इनमें से 260 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, 534 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर और 197 जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मंडी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 21, मंडी-कुल्लू मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग 154 (मंडी-पठानकोट) अवरुद्ध हैं।

विश्व की सारी समस्याओं का एकमात्र समाधान सिर्फ भारतीयता: भागवत

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को लोगों से भारतीयता को आत्मसात करने और दुनिया को उन सभी समस्याओं का समाधान दिखाने का आह्वान किया, जिनका वह सामना कर रही है।

भागवत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिकवाद के कारण विश्व अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है और अब वह इनके उत्तर के लिए भारत की ओर देख रहा है, क्योंकि पिछले 2,000 वर्षों में लोगों के जीवन में खुशी और संतोष लाने के लिए पश्चिमी विचारों पर आधारित सभी प्रयास विफल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में विज्ञान और आर्थिक

- संघ प्रमुख ने कहा- विलासिता से और बढ़े लोगों के दुख

क्षेत्र में हुई सभी प्रगतियों ने विलासिता की चीजें ला दीं और लोगों का जीवन आसान बना दिया, लेकिन दुखों का अंत नहीं कर सकीं।

इग्नू और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में भागवत ने कहा, शोषण बढ़ा, गरीबी बढ़ी। गरीब और अमीर के बीच की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम विश्व युद्ध के बाद शांति की वकालत करते हुए कई किताबें लिखी गईं, भविष्य में फिर से युद्ध न हो, इसके लिए राष्ट्र संघ का गठन किया गया, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ। लेकिन आज हम सोच रहे हैं कि क्या तीसरा विश्व युद्ध होगा। भागवत ने कहा कि भारतीयता ही आज दुनिया की सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है। संघ प्रमुख ने कहा, भारत का होने का क्या अर्थ है, भारतीयता नागरिकता नहीं है। बेशक, नागरिकता आवश्यक है। लेकिन, भारत का हिस्सा बनने के लिए भारत का स्वभाव होना जरूरी है।

एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति बंद करने की योजना नहीं

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए 'मैट्रिक के बाद छात्रवृत्ति' योजना को बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा में एससी-एसटी छात्रों का सकल नामांकन अनुपात बढ़ाना है। इसे मंत्रिमंडल और व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वित्त पोषण एवं पात्रता मापदंडों के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक वैध रहेगी।

अमृत विचार

बुधवार, 23 जुलाई 2025

"जब कोई विचार अनन्य रूप से मस्तिष्क पर अधिकार कर लेता है तब वह वास्तविक भौतिक या मानसिक अवस्था में परिवर्तित हो जाता है।"

पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंड

एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर पश्चिमी देशों का दोमुंहापन उजागर हुआ है। नाटो महासचिव मार्क रूट्टे की रूसी तेल आयात संबंधी धमकी पर भारत द्वारा करारा जवाब दिया गया है। दरअसल, अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान, रूट्टे ने भारत, चीन और ब्राजील को चेतावनी दी है कि वे रूस पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाएं अन्यथा दंडात्मक व्यापार शुल्क का सामना करने के लिए तैयार रहें। निश्चित रूप से रूट्टे की यह टिप्पणी अमेरिका के रूस प्रतिबंध अधिनियम 2025 का समर्थन करती है। अधिनियम रूस के तेल, गैस, यूरेनियम या पेट्रोकेमिकल्स का व्यापार करने वाले देशों पर पांच सौ फीसदी तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव पेश करता है। साथ ही रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के दावों में नाकाम ट्रंप प्रशासन अपनी खिसियाट उन देशों से निकाल रहा है जो रूस से कच्चा तेल खरीद रहे हैं। जिनमें भारत के साथ चीन व ब्राजील भी शामिल हैं। ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर जल्द ही इस संकट का समाधान नहीं हुआ तो वे रूस और उसके व्यापारिक साझेदारों पर सख्त टैरिफ लगा देंगे। यह बदलाव जमीनी स्तर पर जटिल हकीकतों को दर्शाता है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से, अमेरिका और यूरोप ने रूस पर कई स्तर के प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका रूस की युद्ध नीतियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। तीसरे देशों को दंडित करने की धमकी देकर, ट्रंप एक असफल नीति को और भी मज़बूत कर रहे हैं और भारत जैसे अमेरिकी साझेदार देशों की ऊर्जा सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पूरी तरह से आयातित तेल पर निर्भर करता है। देश अपने कच्चे तेल का 88 फीसदी आयात करता है। जिसके चलते ही भारत ने पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंड के प्रति ही आगाह किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सीनेटर लिंडसे ग्राहम को भारत की चिंताओं से अवगत कराया है। साथ ही भारत की वैध ऊर्जा आवश्यकताओं और अपनी आर्थिक दिशा स्वयं निर्धारित करने के संप्रभु अधिकार पर जोर दिया है। निश्चित रूप से दुनिया के तटस्थ और विकासशील देशों को पश्चिमी देशों की दादागीरी का विरोध करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि फरवरी में रूसी तेल आयात में 14.5 फीसदी की गिरावट आने के बावजूद, रूस, भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। भारत का स्पष्ट कहना है कि उसके निर्णय अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर लिए जाएंगे। जिसको लेकर वह कोई बाहरी दबाव स्वीकार नहीं करेगा।

इस दिशा में रूस-भारत-चीन वार्ता को फिर से शुरू करने की भारत की पहल बदलते रणनीतिक संतुलन की ओर संकेत करती है। जो वैश्विक व्यवस्था में पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देता है। वर्ष 2022 में भी रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने पर अमेरिका ने रूस से भारत के तेल खरीदने को लेकर प्रश्न उठाए थे। तब भी भारत ने उसे अहसास कराया था कि हम अपने आर्थिक प्राथमिकताओं के मद्देनजर ही अपने फैसले लेंगे। गौरतलब है कि यूरोपीय देश अन्य देशों और अपरोक्ष माध्यमों से रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखे हुए हैं। लेकिन चाहते हैं कि ग्लोबल साउथ के देशों पर ऐसा करने पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं। भारत तथा तुर्की में परिष्कृत रूसी तेल को यूरोपीय संघ को फिर से निर्यात किया जाना पश्चिमी देशों के खोखलेपन को ही उजागर करता है। पश्चिमी देश चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध बंद करने के लिए रूस पर दबाव बनाने हेतु दुनिया के अन्य देश उसकी हां में हां मिलाएं। नाटो और अमेरिका को समझना होगा कि चेतावनियों और धमकियों से वैश्विक संघर्षों का समाधान नहीं किया जा सकता। इसके बजाय, रूस और यूक्रेन के साथ निरंतर कूटनीति ज़रूरी है।

प्रसंगवश

जल्द ही नक्सल मुक्त होगा भारत

देश में वामपंथी उग्रवाद या नक्सलवाद आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि देश मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो जाएगा। 2004-2014 की तुलना में 2014 से 2024 तक एनडीए शासन में संघर्ष के कारण घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है और सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों की जान जाने की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई है।

आकाश सपेलकर
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

गौरतलब है कि नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी नामक एक सुदूर पिछड़े गांव में जमींदारों या सामंतवादियों के खिलाफ हिंसक भूमि विवाद के बाद शुरू हुए आंदोलन के रूप में हुई थी। भारत में नक्सलवाद फैलने की कारणों की बात करें तो नक्सलवाद उन क्षेत्रों में फैला है, जो बुनियादी नागरिक सुविधाओं से वंचित रहे और जहां लोग गरीबी का सामना कर रहे हैं। नक्सलवाद कमजोर शासन और उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण पनपा है। देश में वामपंथी उग्रवाद के प्रभाव वाले राज्यों में ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड के हिस्सों सहित 11 राज्य शामिल हैं। वर्ष 2017 में शुरू किया गया ऑपरेशन समाधान अभियान उग्रवाद का मुकाबला करने और प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण पर केंद्रित है। सरकार ने वामपंथी उग्रवादी समूहों के खिलाफ खुफिया जानकारी आधारित, लक्षित अभियान चलाए। संपार्श्विक क्षति को कम करने और सामुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती।

> एक रणनीतिक दृष्टिकोण पर केंद्रित है। सरकार ने वामपंथी उग्रवादी समूहों के खिलाफ खुफिया जानकारी आधारित, लक्षित अभियान चलाए। संपार्श्विक क्षति को कम करने और सामुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती।

अब आज नक्लवाद मुक्त भारत के लिए सरकार जिन तीन मोर्चों पर काम कर रही है, उनमें आत्मसमर्पण करने वालों का स्वागत, हिंसा का रास्ता न छोड़ने वालों को गिरफ्तार करना और लोगों की जान लेने पर आमादा नक्सलियों को सजा देना। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकारों ने नक्सलवाद के कारण पिछड़े गांवों और लोगों के कल्याण के लिए चरणबद्ध योजना बनाई है। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवास स्वीकृत किए हैं और हर गांव में सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत सैचुरेशन और उनमें नक्सलवाद के कारण पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता देने का काम भी किया जा रहा है। कुल मिलाकर मोदी सरकार 'नक्सल मुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और उम्मीद है कि मार्च 2026 तक देश नक्सल मुक्त होकर रहेगा।

धनखड़ का इस्तीफा पहले भी विवादों में रहे हैं कुछ उपराष्ट्रपति

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अगर भारत में उपराष्ट्रपति का पद विवादों से आमतौर पर परे रहा, तो यह कहना भी सही नहीं होगा कि इस पद पर आसीन शख्सियतें विवादों से हमेशा दूर ही रहीं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक से इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के "सिंडिकेट" के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था।

कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से "अंतरात्मा की आवाज" पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया। यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया।

> कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से "अंतरात्मा की आवाज" पर वोट देने का आह्वान किया।

इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के निधन के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य हैं। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी।

आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में "असुरक्षा और बेचैनी की भावना" है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की। उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा।

वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप "अस्पष्ट" थे और "सिद्ध कदाचार" की श्रेणी में नहीं आते थे। इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया।

अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, एम. हिदायतुल्ला, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले।

कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

आमने सामने

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, " विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा हैं और हम इसके लिए तैयार हैं। फिर वे सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? अगर आप चर्चा चाहते हैं, तो हंगामा न करें। सरकार ने कहा है कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। आप जनता का पैसा बर्बाद कर रहे हैं..."

राहुल गांधी ने कहा, "सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्षी सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, विपक्ष का नेता हूं, को बोलने की अनुमति नहीं है, यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि अगर सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए..."

नेपाल: कम्युनिस्टों के हाथ में जा रहा मधेश क्षेत्र

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

भारत को इस बात को लेकर चिंतित होना चाहिए कि नेपाल का मधेश क्षेत्र कम्युनिस्टों के हाथ में जा रहा है। यह क्षेत्र भारत सीमा से सटा हुआ है और इसके 22 जिलों की करीब 60-70 लाख की आबादी भारतीय मूल की है जो अपने को भारत के करीबी मानते हैं और यह भी कि जब कभी जरूरत पड़ेगी तो भारत उसके साथ खड़ा होगा। अफसोस कि भारत सीमा से सटे नेपाल के इस लंबे चौड़े भू क्षेत्र में कम्युनिस्ट दल अपने पांव तेजी से पसार रहें हैं।

गौर करने की बात है कि नेपाल का यह इलाका राजशाही काल में नेपाली कांग्रेस का गढ़ था। राजशाही के खात्मे के बाद यहां मधेशी जनाधिकार फोरम नामक मधेश आधारित राजनीतिक दल का उदय हुआ जिसके नेता उभरे उपेंद्र यादव। नेपाल की राजनीति में कभी सरकार बनाने, बिगाड़ने की खास हैसियत रखने वाले प्रमुख मधेश नेता उपेंद्र यादव की राजनीति ठिकाने लगती हुई जान पड़ रही है। ओली सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा के पीछे मधेश की उपेक्षा नहीं वरन उनकी खुद की उपेक्षा है।

राजशाही मुक्ति के बाद नेपाल की मधेश राजनीति महत्वपूर्ण मुकाम पर थी। उपेंद्र यादव इस इलाके के सर्वमान्य नेता थे। उनकी पार्टी मधेशी जन अधिकार फोरम लोकतांत्रिक नेपाल की लोकप्रिय राजनीतिक पार्टी थी। 2008 में हुए संविधान सभा चुनाव में उपेंद्र यादव की ताकत यह थी कि प्रचंड को सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी का सहारा लेना पड़ा था। तब प्रतिनिधि सभा में उपेंद्र यादव की पार्टी के करीब 22 सांसद थे।

> राजशाही मुक्ति के बाद नेपाल की मधेश राजनीति महत्वपूर्ण मुकाम पर थी। उपेंद्र यादव इस इलाके के सर्वमान्य नेता थे। उनकी पार्टी मधेशी जन अधिकार फोरम लोकतांत्रिक नेपाल की लोकप्रिय राजनीतिक पार्टी थी।

जैसे जैसे नेपाल का लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत होता गया, उपेंद्र यादव की राजनीति कुंद पड़ती गई। इनकी शिनाख्त मधेश के एक ऐसे नेता के रूप में होती गई जिसे सिर्फ कुर्सी से प्यार था। संविधान सभा चुनाव से लेकर अब तक के हर चुनाव में उपेंद्र यादव की गठजोड़ केवल सत्ता हासिल करने वाली पार्टी से ही रही है। ये अब तक के सभी लोकतांत्रिक सरकारों में प्रमुख भूमिका में रहे हैं। इन्हें नेपाल में राजनीति का मौसम विज्ञानी माना जाता है। अपनी इसी कला के चलते वे नेपाल की सरकारों में उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उपेंद्र यादव की राजनीति की खास बात यह भी रही है कि वे सत्ता के लिए जिसके खिलाफ लड़ते हैं उससे भी समझौता कर लेते हैं। लेकिन ये पब्लिक है, उपेंद्र यादव यह समझने से चूक गए। नतीजा हर चुनाव में ये हाशिए पर होते चले गए। पिछले प्रतिनिधि सभा में हाल यह था कि इनकी पार्टी के सिर्फ एक सांसद चुने गए जो कृष्णानगर के अभिषेक शाह थे। सप्तरी दो से खुद उपेंद्र यादव को चुनाव हार जाना पड़ा था।

उपेंद्र यादव स्वयं जिस मधेश आधारित पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं उसका नाम "जनता समाज पार्टी नेपाल" है। इसके पहले इसका नाम जनता समाज पार्टी था। पिछले चुनाव में जनता समाज पार्टी के सात सांसद चुने गए थे। बाद में जनता समाज पार्टी भी टूट गई। जनता समाज पार्टी का नेतृत्व उपेंद्र यादव के खास रहे अशोक राई के हाथ में है। इनके साथ चार सांसद रह गए जबकि अशोक राई के साथ तीन सांसद हैं। ओली के समर्थन से जब प्रचंड की सरकार थी तब उपेंद्र यादव मंत्रिमंडल में थे। और जब नेपाली कांग्रेस के समर्थन से ओली की सरकार बनी तब उपेंद्र यादव हाशिए पर आ गए लेकिन उनसे अलग होकर तीन सांसदों वाले अशोक राई की जसपा के दो सांसद ओली मंत्रिमंडल में विराजमान हैं। चार सांसद वाले उपेंद्र यादव महीनों तक अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे लेकिन उनकी बारी नहीं आई। जब वे प्रतीक्षा करके थक गए तब उन्होंने ओली सरकार से समर्थन वापस ले लिया। ओली सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा उन्होंने कुछ इस अंदाज में की मानों बहुत बड़ी कुर्बानी दे रहे हों। वहीं पुराना राग कि मधेश की उपेक्षा के कारण वे ओली सरकार से समर्थन वापस लेने को मजबूर हुए। जबकि मधेश की जनता समझ रही है कि ऐसा कुछ नहीं है, अपनी उपेक्षा के कारण उन्होंने ओली सरकार से समर्थन वापस लिया। मधेश क्षेत्र में उपेंद्र यादव के साथ के ज्यादातर नेता या तो ओली की पार्टी के साथ चले गए या प्रचंड के साथ। देखा जाए तो मधेश से मधेशी दलों के कमजोर होने का फायदा कम्युनिस्ट पार्टियों को मिला। ये पार्टियां इस इलाके में अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए ज्यादातर मधेश नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाब हुई। मधेशी नेताओं में एक नाम तेजी से चर्चा में है,वह हैं अशोक यादव। जसपा नेपाल के लुंबिनी प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव ने तेजी से मधेश की आवाज बुलंद की है। इससे ओली सरकार बौखला गई है। उसने अशोक यादव के पीछे अपनी पुलिस लगा दी है। पता चला है कि वे भागे भागे फिर रहे हैं।

बता दें कि संविधान सभा के चुनाव से लेकर अब तक हुए आम चुनाव तक मधेशी नेताओं का चेहरा नितांत स्वार्थी और सत्ता लोलुप का ही उभर कर सामने आया। सबके सब मंत्री बनने की चाह में विपरीत विचारधारा वाली सरोकारों से समझौता कर सत्ता के साथ होते रहे हैं।

बता दें कि नेपाल के लोकतांत्रिक संविधान में मधेशी जनता की उपेक्षा मधेशी दलों की राजनीति का प्रमुख आधार है। इनकी कई मांगे हैं जिनकी संविधान में अनदेखी की गई। इसमें एक नागरिकता संबंधी मांग भी है। लाखों मधेशी परिवार के सदस्य नागरिकता से वंचित हैं। मधेशी दल खासकर इसी मांग को लेकर अपनी राजनीति चमकाते रहे हैं। जनता जब इनकी हकीकत समझी तो ये राजनीतिक रूप से शून्यता के कगार पर पहुंच गए। हाल यह है कि आज केंद्र में इसका अपना मजबूत राजनीतिक नेतृत्व तक नहीं है।

मंथन

स्वतंत्र चिंतन

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

शिक्षा का स्तर इससे नहीं मापा जा सकता कि आपने कितनी डिग्रियां प्राप्त की हैं, या कौन सी यूनिवर्सिटी में पढ़े हैं। किसी व्यक्ति के शिक्षा का स्तर इससे भी पता नहीं चलता कि उसने कितनी किताबें पढ़ी हैं।

किसी भी व्यक्ति के शिक्षा का स्तर इससे पता चलता है कि उसने खुद की कितनी स्वतंत्र सोच विकसित की है। तथ्यों, प्रमाणों का कितना तार्किक विश्लेषण वह कर पाता है। व्यक्ति चाहे कितनी भी डिग्रियां प्राप्त कर ले, अगर वह अपनी सोच को विकसित नहीं कर पाया तो इसका कोई भी मतलब नहीं है कि वो कितना पढ़ा है।

अगर आपने पढ़ा कि किसी ने चांद के दो टुकड़े कर दिए या किसी ने सूरज को ही निगल लिया और आपने मान लिया, तो आपकी शिक्षा का कोई मतलब नहीं है। आपकी शिक्षा का मतलब तब है, जब आपने उस पर सवाल उठाया हो। उनके इस दावे का अपनी खुद की सोच के आधार पर तार्किक विश्लेषण किया हो। न कि अपने पूर्वजों के कहने पर इसे स्वीकार कर लिया हो। आपकी शिक्षा का मतलब तब है जब आप सवाल करें कि हवन में देसी घी जलाने पर कैसे आक्सीजन का निर्माण होता है। सारे धर्मो की पौराणिक कहानियां दरअसल हमारे लिए एक प्रश्न पत्र के समान हैं। ये हमारे ज्ञान की, तर्क शक्ति की परीक्षा लेती हैं। लेकिन अफसोस इस परीक्षा में अधिकतर फेल ही होते हैं। दरअसल हम सब डिग्री धारी जरूर हैं लेकिन ज्ञान धारी नहीं। डिग्री हमने केवल नौकरी पाने के लिए की ज्ञान हासिल करने के लिए नहीं। सवाल नहीं उठाने की हमारी आदत ने हमारा ये हाल किया है कि अब हम मनुष्य नहीं रहे, भेड़ में तब्दील हो चुके है। "दरअसल स्वतंत्र चिंतन का विकास करना ही असल शिक्षा है।"

> अगर आपने पढ़ा कि किसी ने चांद के दो टुकड़े कर दिए या किसी ने सूरज को ही निगल लिया और आपने मान लिया, तो आपकी शिक्षा का कोई मतलब नहीं है। आपकी शिक्षा का मतलब तब है, जब आपने उस पर सवाल उठाया हो।

सोशल फोरम

लोकतंत्र: अवधारणा बनाम वास्तविकता

लोकतंत्र में लोक को ही सम्प्रभु, सर्वोपरि यानी सर्वेसर्वा माना गया है। लेकिन, वह तंत्र के द्वारा हाशिये पर धकेल दिया गया है। तंत्र हर जगह हावी है। लोक कहीं से भी यथेष्ट रूप में प्रभावी, सक्रिय, सचेष्ट, सचेत या निर्णायक नहीं रह गया है। वह बुरी तरह से बिखरा हुआ है। उसकी आवाज़ नहीं सुनी जा रही है। वह कुचली, ठुकरायी या रौंदी जा रही है। मतवैभिन्न्य, प्रतिरोध या प्रतिकार के स्वर दबाए जा रहे हैं। उन्हें देश-द्रोही तक क़रार दिया जा रहा है। मौजूदा लोकतांत्रिक ढांचे या परिदृश्य में राजनीतिक दल, गिरोह या माफ़िया वास्तविकता बन चुके हैं। उन सबों में आंतरिक लोकतंत्र का सर्वथा अभाव-सा दिखता है। वे सब कॉरपोरेट-तर्ज़ पर चल रहे हैं। उनका अधिकांश वित्तपोषण देश-विदेशी कॉरपोरेट-महाबली या कंपनी-बहादुर कर रहे हैं। उनके मूल और ढांचे में पग-पग पर हमें भ्रष्टाचार, कालाधन, बाहुबल और छल-प्रपंच का नंगा नाच दिखाई पड़ता है।

कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक

विडंबना है कि सारे-के-सारे राजनीतिक दल कमोबेश रूप में उसी विकास-मॉडल को अपनाए हुए हैं जिसके केंद्र में उद्दाम उद्योगवाद, निर्मम प्रकृति-दोहन, अमर्याद भोग्यत्व, मदांध प्रौद्योगिक विकास, अनियंत्रित शहरीकरण, उच्छृंखल बाज़ार और बेलगाम वैश्वीकरण है। इस विकास-मॉडल का चक्र-प्रवर्तन वैश्विक कॉरपोरेट महाबली यानी बहुराष्ट्रीय कंपनी-बहादुर कर रहे हैं। उनके एजेंट या दलाल की भूमिका आज के सत्ता-प्रतिष्ठान निभा रहे हैं। अधिकांश मीडिया या एकेडमिया उनका क्रीतदास बना हुआ है।

लोकतंत्र का अधिग्रहण राजनीतिक दलों या गिरोहों ने कर रखा है। लोकतंत्र दर असल दलतंत्र के रूप में तब्दील होता गया है। दलों ने लोकलाज को ताक़ पर रख दिया है। उनके नेताओं, सरगनाओं या शक्ति-सामंतों ने आलाकमान बना रखा है, जो सर्वतंत्रस्वतंत्र है।

> लोकतंत्र का अधिग्रहण राजनीतिक दलों या गिरोहों ने कर रखा है। लोकतंत्र दर असल दलतंत्र के रूप में तब्दील होता गया है। दलों ने लोकलाज को ताक़ पर रख दिया है। उनके नेताओं, सरगनाओं या शक्ति-सामंतों ने आलाकमान बना रखा है, जो सर्वतंत्रस्वतंत्र है।

लोकतंत्र को साकार करने के लिए लोगों को आगे आना होगा। नई समाज-रचना का चक्र-प्रवर्तन, सड़ी-गली व्यवस्था एवं मानसिकता का ध्वंस, स्वस्थ-सुसंस्कृत जीवन-मूल्यों का अधिष्ठान, पूर्ण स्वराज की ओर प्रयाण-इन सब सपनों को संजोए हुए हम लोगों को एक परिवर्तनकांक्षी व्यापक जन-आंदोलन का सूत्रपात करना होगा। नई व्यवस्था, नई मानवता या नई देश-दुनिया बनाने के लिए हर स्तर पर लोकसत्ता का प्रस्फुटन करना होगा। सत्ता, दल या पक्ष की राजनीति से ऊपर उठे लोगों को स्थानीय प्रयोगों, अभिक्रमों अथवा कार्यक्रमों को चालना देना होगा। ये स्वतःस्फूर्त स्थानिक अभियान व जनमत मिल-जुल कर एक देशव्यापी जन-आंदोलन का ताना-बाना बुन सकते हैं। आमूलचूल या बुनियादी बदलाव के लिए हमें जन-जन यानी अधिसंख्य अवाम को जागरित, संगठित या आंदोलित करना होगा। हमारा ध्येय है-एक ऐसी व्यवस्था का अधिष्ठान, जिसमें बराबरी के साथ सबकी सक्रिय भागीदारी हो, जिसमें सबको ईमान की रोटी और इज्जत की ज़िंदगी मयस्सर हो तथा जिसमें शोषण-दोहन और केन्द्रीकरण या अधिनायकवाद के लिए कोई स्थान न हो। हमारी मुहिम एक ऐसी व्यवस्था को खड़ी करने की दिशा में अनवरत आगे बढ़नी चाहिए, जिसके गर्भ से लोकशक्ति का अभ्युदय हो। वह राजसत्ता को अपने वश में रखेगी। कहने का मतलब यह है कि सच्चे अर्थों में लोगों की आकांक्षा, शक्ति या प्रभुता सर्वोपरि होगी तथा वह शासन-तंत्र को निरंकुश, सर्वसत्तात्मक, स्वेच्छाचारी एवं जनद्रोही नहीं होने देगी।

-फेसबुक वॉल से

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

शास्त्रीय नृत्य को बना दिया लोक संस्कृति का उत्सव

पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, यह कहावत 'कनपुरिया स्टार' विपिन निगम पर बिल्कुल फिट बैठती है। माता-पिता उन्हें डॉक्टर-इंजीनियर बनाना चाहते थे, मगर तीन बरस की उमर से ही पांव ऐसे थिरकने शुरू हुए कि डबल एमए करने के बावजूद शास्त्रीय नृत्य को ही अपना जीवन बना लिया। आज उनकी पहचान कथक नृत्य के महागुरु के रूप में होती है। विपिन का बनाया कृष्णम डांस ग्रुप अब शहर की बेटियों को शास्त्रीय एवं लोक नृत्य की नि:शुल्क शिक्षा देता है। वह उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, काम दिलाते हैं और शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ाते हैं। कथक एवं भरतनाट्यम में महारत रखने वाले विपिन की लोक नृत्य में भी मजबूत पकड़ है।

कथक गुरु विपिन निगम

कथक व भरतनाट्यम में महारत रखने वाले विपिन निगम ने लोक नृत्य को भी दिए नए आयाम

एक नहीं अनेकों मिल चुके अवार्ड

कानपुर के डांडिया किंग रह चुके विपिन निगम अनेक अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें अटल रत्न, यूपी रत्न, कानपुर गौरव, यूपी आईडल, यूथ आइडल, पर्सनॉलिटी ऑफ कानपुर, कानपुर की शान, कलाश्री नटराजन, नृत्य शिरोमणि महागुरु और कानपुर के महारथी जैसे दर्जनों अवार्ड मिल चुके हैं।

तैयार कर रहे कथक की नई पौध

कथक गुरु विपिन निगम जयपुरिया स्कूल में नृत्य विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा प्रशिक्षित बच्चे अपना अलग ग्रुप बनाकर नृत्य के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। विपिन का कहना है कि उनके कृष्णम डांस ग्रुप का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय एवं लोक नृत्य को आगे बढ़ाना है, ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति से जुड़े रहें और भावी पीढ़ी को भी इस ओर आकर्षित करें।

बिरजू महाराज ने दिया आशीर्वाद, सरोज खान से मिला 'महागुरु' अवार्ड

लखनऊ घराने के कथक सम्राट बृजमोहन मिश्रा उर्फ पं.बिरजू महाराज के सामने नृत्य पेश कर विपिन निगम ने खूब वाहवाही लूटी थी। अपने हुनर की बदौलत उनका आशीर्वाद पाया। वर्ष 2017 में कानपुर नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आईं मशहूर नृत्य निर्देशक सरोज खान ने विपिन को 'महागुरु' का अवार्ड दिया था। उन्होंने विपिन के नृत्य के साथ भाव-भंगिमाओं की खूब सराहना की थी। उनकी इसी काबिलियत को देखते हुए प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी जितनी बार कानपुर आए तो उनके स्वागत के लिए विपिन निगम को बुलाया गया और उन्होंने अपने साथी कलाकारों के साथ ग्रुप डांस पेश कर अपना जलवा बिखेरा। वह खुद एक कलाकार के रूप में मंच पर प्रस्तुतियां देने के साथ ही बेहतर निर्देशक भी हैं।

परिवार बनाना चाहता था डॉक्टर-इंजीनियर

- कानपुर के जवाहर नगर में जन्मे विपिन निगम के पांव तीन साल की उमर में ही थिरकने लगे थे। उनके पिता लक्ष्मी बहादुर निगम नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट कल्याणपुर में ऑफीसर थे। पिता के साथ मां शीला निगम ने हौसला दिया तो विपिन ने चार साल की उम्र में ही मंच पर कदम रख दिया। 10 साल की उम्र तक उन्होंने कई पुरस्कार जीते, लेकिन इसके बाद माता-पिता को पढ़ाई की चिंता सताने लगी। विपिन बताते हैं कि पिता उन्हें डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते थे, लेकिन उनका पढ़ाई में ज्यादा रुझान नहीं था। नृत्य लगातार साथ-साथ चलता रहा। कथक और भरतनाट्यम में भी एमए किया। 42 वर्षीय विपिन निगम इस समय शास्त्रीय नृत्य कला में पीएचडी कर रहे हैं। वर्ष 2003 में पहले मां फिर 2005 में पिता का सिर से साया उठने के बाद विपिन ने खुद को शास्त्रीय नृत्य और संगीत के क्षेत्र में समर्पित कर लिया। कथक और भरतनाट्यम के साथ तबला और लोक गायन की शिक्षा ली। विपिन लखनऊ घराने से ताल्लुक रखते हैं।

प्रस्तुति: बृजेश श्रीवास्तव

कानपुर का माचिस मैन

80 देशों की एक लाख से ज्यादा माचिस का अनोखा संग्रह बनाने वाले आलोक मेहरोत्रा अब गिनीज बुक में दर्ज कराना चाहते नाम

कानपुर। आपने फोटोग्राफी, पेंटिंग्स, संगीत, साहित्य का शौक सुना और देखा होगा। इसी तरह दुनिया में तमाम लोगों को तरह-तरह की चीजें संग्रह करने का शौक किसी जुनून की भांति रहता है। ऐसे ही एक शख्स हैं कानपुर में बिरहाना रोड निवासी आलोक मेहरोत्रा, जिन्हें माचिस के बॉक्स एकत्र करने के शौक के कारण लोग 'माचिस मैन' नाम से जानते हैं। आलोक मेहरोत्रा के पास 80 देशों की एक लाख से ज्यादा माचिस का अनोखा संग्रह है। उनका कलेक्शन देखकर इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि माचिस बॉक्स इकट्ठा करने का जुनून उन्हें किस हद तक है। अपने इस अनोखे शौक के कारण आलोक का नाम इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ दो बार लिम्का बुक आफ रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। अब उनका सपना अपने इस शौक के जरिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराना है। इसके लिए वह दो लाख से ज्यादा माचिस बॉक्स एकत्र करने के काम में लगे हैं।

आलोक मेहरोत्रा बताते हैं कि बचपन में खेल-खेल में शुरू हुआ शौक कब जुनून बन गया पता ही नहीं चला। बचपन में जब वह घर से बाहर निकलते थे तो सड़क पर पड़े माचिस के खाली बॉक्स उठा लेते थे। सड़क से माचिस बॉक्स उठाने के कारण घर में उन्हें मां से कई बार मार तक खानी पड़ी, लेकिन शौक कम नहीं हुआ। आलोक के पिता का कपड़े का व्यवसाय था। उनकी आढ़त पर बाहरी जिलों के व्यापारी आते और रुकते थे। इनमें से तमाम व्यापारी बीड़ी या सिगरेट पीने के लिए अपने पास माचिस रखते थे। माचिस खत्म हो जाने पर खाली बॉक्स यह लोग डस्टबिन में फेंक देते थे, जिसे वह उन पर छपी तस्वीर या ब्रांड देखकर उठा लेते थे। धीरे-धीरे व्यापारियों को उनके माचिस संग्रह का पता चला तो वह अपने शहर की अलग-अलग तरह की माचिस लाकर देने लगे। वर्ष 2011 के बाद सोशल मीडिया के इस्तेमाल से आलोक ने माचिस बॉक्स के दूसरे संग्रहकों तक पहुंच बनाई। इसके बाद एक्सचेंज का सिलसिला तेजी से चल पड़ा। उनके पास जो माचिस बॉक्स नहीं थे, वह दूसरों से मिलने लगे। इसी तरह वह दूसरे संग्रहाकों को भी सहयोग करने लगे। आलोक के संग्रह में अगर अंगुली की पोर से भी छोटी माचिस है, तो उनके पास सबसे बड़ी माचिस 1.5 फिट की है। उनके संग्रह में बोतल, सिलेंडर और शेर की आकृति वाली माचिस भी हैं, जो देखने में चौंकाती हैं। उनके संग्रह वाले माचिस बॉक्स में गणेश-लक्ष्मी, कुबेर, राधा रानी, श्रीकृष्ण, भोले शंकर, बाबा अमरनाथ, तुलसी पूजा, डांडिया रास, गरबा, दीपावली, होली के अलावा विभिन्न प्रकार के खेलों, आयोजनों और राशियों के चित्र वाले माचिस बॉक्स देखने को मिलते हैं। इसी तरह आलोक के पास योगी-मोदी के साथ राजनीतिक दलों के चुनाव चिह्न वाली माचिस भी संग्रहित हैं।

प्रस्तुति: मनोज त्रिपाठी

लकड़ी पर कारीगरी का कमाल

बरेली के फर्नीचर की दुनिया में पहचान

बरेली शहर की पहचान बांस से है, इसीलिए इसे बांस बरेली भी कहते हैं। आज भी बांस-बेंत के अलावा शहर में लकड़ी का कारोबार बड़े पैमाने पर है। कहने को आज समय के साथ डिजाइन और काम के तरीके में बदलाव आया है, लेकिन 80 फीसदी कार्य हाथों से होने की वजह से बांस और लकड़ी से बने उत्पाद आज भी दुनियाभर में लोगों की पसंद बने हैं। इसका अनोखा डिजाइन, उच्च गुणवत्ता और किफायती कीमतें होने से यूपी के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, कोलकाता, जयपुर, मुंबई समेत अन्य राज्यों में आज भी जबर्दस्त मांग है।

शहर में सिकलापुर में फर्नीचर की सबसे पुरानी और बड़ी मार्केट है। जिसे देश की सबसे बड़ी फर्नीचर मार्केट माना जाता है। यहां आज भी 70 से 80 साल पुरानी कई दुकानें है। करीब सौ वर्षों से यहां फर्नीचर का कारोबार हो रहा है। कुमार टॉकिज मार्केट और शहदाना मार्केट में भी फर्नीचर का काम बड़े पैमाने पर होता है। कई दशकों से इस कारोबार से जुड़े कारोबारी बताते हैं कि बरेली में लकड़ी का काम अंग्रेजी हुकूमत के समय से चला आ रहा है, इसलिए यहां के फर्नीचर की पहचान बड़े-बड़े शहरों में बनी है। दिल्ली, जयपुर, मुंबई और कोलकाता जैसे राज्यों के मुकाबले यहां फर्नीचर सस्ते हैं। 80 प्रतिशत डिजाइन कारीगर हाथ से तैयार करते हैं। ऐसे भी कारीगर हैं, जो 50 साल से इस काम को कर रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां के फर्नीचर में प्लाईवुड का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। जिस फर्नीचर को तैयार किया जाता है, उसमें एक ही तरह की लकड़ी लगाते हैं। मिक्स नहीं करते हैं। बरेली जनपद उतराखंड से सटा होने के कारण तराई क्षेत्र में आता है। यहां साल, सागौन और शीशम की लकड़ी उतराखंड से आती है।

क्या कहते हैं फर्नीचर कारोबारी

यहां का वुड एंड फर्नीचर मार्केट बरेली देश का सबसे बड़ा मार्केट है। जहां सभी प्रकार का फर्नीचर खुद कारीगर तैयार करते हैं। मशीन का प्रयोग कम ही होता है। इसके बाद सहारनपुर और फिर दिल्ली के मार्केट का नाम आता है। यहां बड़े पैमाने पर छोटे कारीगर अपने घरों में भी फर्नीचर बनाने का काम करते हैं। बरेली के मार्केट में तैयार फर्नीचर यूपी के अलावा केरल, तमिलनाडु, चेन्नई समेत कई राज्यों में जाता है।

- रिंकू शर्मा, फर्नीचर कारोबारी, सिकलापुर

बरेली में फर्नीचर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई समेत दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी सस्ता हैं। कारण यह है कि कारीगर पुराने हैं और घर-घर लकड़ी का काम होता है। यहां के फर्नीचर में डबल बेड, सोफा सेट, राकिंग चेयर डाइनिंग टेबल मुख्य हैं। दो लाख रुपए तक का फर्नीचर भी मार्केट में मौजूद है। जैसा डिजाइन, वैसा ही पैसा है। यहां जो सामान दो लाख रुपए का है, दूसरे बड़े शहरों में वह पांच से छह लाख रुपए का हो जाता है।

-प्रदीप गोयल, अध्यक्ष, बरेली फर्नीचर डीलर एसोसिएशन

बरेली में सिकलापुर ही सबसे बड़ी फर्नीचर मंडी है। इसकी खास बात यहां कि कारीगरों खुद फर्नीचर तैयार करते हैं। मशीनों का प्रयोग कम ही किया जाता है। मार्केट ने दशकों बाद भी विश्वास नहीं खोया। यहां के मार्केट ने जो पहचान आजादी से पहले बनाई थी, वह आज तक कायम है। यहां पुरानी दुकानों और दरवाजों में जो डिजाइन मिलते हैं, वह कहीं नहीं तैयार होते। इसलिए शौकीन लोग दूसरे राज्यों से यहां फर्नीचर के लिए आते हैं।

- सुजीत जायसवाल, फर्नीचर कारोबारी, सिकलापुर

ब्रिटिश शासनकाल से बरेली में लकड़ी का काम चल रहा है। 1942 में दुकान शुरू की थी। हम तीसरी पीढ़ी है। यहां बने फर्नीचर की अपनी अलग पहचान है। उत्तराखंड के नजदीक होने की वजह से बरेली में साल, सागौन, शीशम की लकड़ी पर्याप्त मात्रा में मिलती है। महानगरों के मुकाबले बरेली का फर्नीचर सस्ता और टिकाऊ होता है। कीमत में करीब 40 फीसदी का फर्क होता है। 15 से 20 साल तक पॉलिस चमकदार बनी रहती है। इस वजह से इसकी अलग पहचान है।

-रवि, फर्नीचर कारोबारी, सिकलापुर

सालाना 500 करोड़ का कारोबार, 15 हजार को मिल रहा रोजगार

- सिकलापुर के अलावा सिविल लाइंस, कुमार टाकीज, पीलीभीत बाईपास, पुराना शहर, राजेंद्र नगर समेत कई स्थानों पर फर्नीचर के करीब 150 बड़े शोरूम हैं। जहां हर तरह की लकड़ियों से सामान तैयार किया जाता है। एक अनुमान के तौर पर यहां प्रतिवर्ष 500 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है। वहीं, इस व्यवसाय से न सिर्फ एक परिवार की आजीविका चल रही है, बल्कि 15 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। कई कारीगर ऐसे हैं जो सालों से एक ही फर्नीचर की दुकान में काम कर रहे हैं तो कुछ ने तो यहीं काम सीखकर खुद की छोटी दुकान भी खोल ली है।

प्रस्तुति: महिपाल गंगवार

शहर में बनने वाले फर्नीचर और उनकी खासियत

डाइनिंग टेबल : इसमें नक्काशी डिजाइन सबसे ज्यादा पसंद है। यह 20 साल से मार्केट में सबसे ज्यादा पसंद होने वाला डिजाइन है। इसमें भी हाथ की कारीगरी है। यह शीशम की लाल लकड़ी से बनती है।

सोफा सेट : यहां के नागफनी सोफा की सबसे अधिक डिमांड है। इसमें सभी कारीगरी हाथ से की जाती है। इसमें पूरी शीशम की लकड़ी लगी होती है।

डबल बेड : इसकी भी हाथ से कारीगरी की जाती है। यह पूरा लकड़ी का बना होता है, प्लाई का प्रयोग नहीं होता है। शीशम और सागौन की लकड़ी इसमें सबसे अधिक पसंद की जाती है।

ड्रेसिंग टेबिल : इसमें पसंद का डिजाइन बनाया जाता है। इसमें 35 से ज्यादा डिजाइन हैं। टेबल के अनुसार ही चेयर बनाई जाती है। यह सागौन की लकड़ी का अधिक बनता है।

आराम चेयर

यह गोल आकार में होती है। शीशम की बनती है। यह देखने में हल्की होती है, लेकिन एल आकार की चेयर के मुकाबले मजबूत होती है। इसमें बैठने में अधिक आराम मिलता है।

बाजार	सेंसेक्स	निफ्टी
बंद हुआ	82,186.81	25,060.90
गिरावट	13.53	29.80
प्रतिशत में	0.02	0.12

सोना 1,00,020 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,14,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 23 जुलाई 2025
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

क्रिसिल का लाभ 14.3% बढ़कर 171.6 करोड़

नई दिल्ली। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 171.6 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा 150.1 करोड़ रुपये रहा था। रेटिंग एजेंसी एक जनवरी से 31 दिसंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की एकीकृत कुल आय 6.3 प्रतिशत बढ़कर 866.6 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 815.4 करोड़ रुपये थी। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अमीश मेहता ने कहा, हमारे रणनीतिक निवेश, डोमेन-आधारित समाधान के साथ मिलकर हमें इस जटिल परिदृश्य में आगे बढ़ने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बना रहे हैं।

एक्जिम बैंक ने सरकार को दिए 325 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने सरकार को बीते वित्त वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ में से 325 करोड़ रुपये अंतरित किए हैं। एक्जिम बैंक ने मंगलवार को कहा कि भारतीय निर्यात आयात बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी ने वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण को 2024-25 के लिए शुद्ध लाभ के तहत 325 करोड़ रुपये अंतरित किए जाने की रसीद सौंपी। 2024-25 के दौरान, बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 3,243 करोड़ रुपये रहा।

शांति गोल्ड का आईपीओ 25 को, मूल्य 189-199

नई दिल्ली। स्वर्ण आभूषण विनिर्माता कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल ने अपने आगामी 360 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 189 से 199 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा और 29 जुलाई को संपन्न होगा। आईपीओ पूर्णत: 1.81 करोड़ नए शेयर पर आधारित है इसमें ब्रिकी पेशकश (ओएफएस) का काई घटक शामिल नहीं है। मुंबई स्थित शांति गोल्ड के स्वर्ण आभूषणों के 'डिजाइन' तैयार करने और उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है।

संतुलित रुख के साथ लागू हो जीएसटी

नई दिल्ली। जीएसटी को संवेदनशीलता और संतुलित रुख के साथ लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि यूपीआई लेनदेन मामले में आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था में वापस धकेल सकती है। एसबीआई रिसर्च ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह कहा। कर्नाटक में छोटे व्यापारियों द्वारा जीएसटी नोटिस के कारण नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने की खबरों के बीच यह रिपोर्ट आयी है।

बीआईएस ने दिया नौ कैरेट ज्वेलरी का विकल्प

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: वैश्विक पटल पर अनिश्चितता का माहौल और भंडारण से सोने और चांदी के भाव में तेज उछाल है। इसे देखते हुए बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) ने नौ कैरेट ज्वेलरी को मंजूरी दे दी है। यह ज्वेलरी आम उपभोक्ता के लिए एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। साथ ही तेजी से चढ़ती पीली धातु की कीमतों से डूब रही गोल्ड इंडस्ट्री के लिए यह एक बड़ा सहारा बनकर उभरेगी। इस विकल्प का फायदा यह होगा कि खरीदार का अगर बजट कम है तो भी वह शुद्ध ज्वेलरी खरीद सकेगा। धन एकत्र किया और थोड़ा-थोड़ा कर वह अपनी जरूरत के स्वर्णाभूषण आसानी से खरीद सकेगा।

सोने का भाव 1,00,400 प्रति दस ग्राम (24 कैरेट) है, वहीं चांदी 1,13,500 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा छू चुकी है। ऐसे में इन दोनों धातुओं की खरीदारी आमजन की पहुंच से दूर होती जा रही है। आमजन की जरूरतों को देखते हुए 9 कैरेट की ज्वेलरी का विकल्प बनाया गया है।

- आमजन को राहत, महंगे सोने का विकल्प बनेगी यह ज्वेलरी
- अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में की जाती है खास पसंद
- बढ़ती कीमतों से डूब रही सर्राफा कारोबार को मिला बड़ा सहारा

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नौ कैरेट गोल्ड का चलन

सोने और चांदी को सबसे ज्यादा भरोसे का साथी माना जाता है। लेकिन लगातार कीमतों के नए कीर्तिमान गढ़ती पीली और सफेद धातु का यह ट्रेंड आमजन को ज्वेलरी से दूर करता जा रहा है। अगर लोगों को शादी में सोना और चांदी देना हो तो बजट बिगड़ जाता है। या तो वह शगुन के तौर पर जरूरी ज्वेलरी की खरीदारी करता है या फिर इन दोनों धातुओं को खरीदने से बच रहा था। इसे देखते हुए नौ कैरेट गोल्ड को चलन में लाने की अनुमति दी गई है। इसका चलन यूरोप और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी है। मध्यमवर्गीय परिवार को यह नया विकल्प काफी राहत देने वाला है।

– अनुराग रस्तोगी, नार्थ इंडिया हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

शुद्धता के अब ये होंगे मानक

इब्जा प्रदेश प्रमुख अनुराग रस्तोगी के मुताबिक अभी तक 14, 18, 20 और 22 कैरेट शुद्धता के सोने से जेवरात बनते हैं। अब इसमें 9 कैरेट का एक नया विकल्प दिया गया है। इसके शामिल होने से ऐसी ज्वेलरी तैयार होगी जो आमजन के बजट में होगी। नौ कैरेट से मुख्यत: कास्टिंग ज्वेलरी, डायमंड सेट, रत्न जड़ित अंगूठियां, हार, हस्त निर्मित आर्टिकिल आदि बनाए जा सकते हैं। हल्की ज्वेलरी के लिए खरीदार इस नए कैरेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं भारी और ज्यादा कैरेट वाली ज्वेलरी के खरीदार अपने हिसाब से पहले भी खरीदारी कर सकते हैं।

जेब के हिसाब से काफी प्रभावी नौ कैरेट के नए मानक आमजन और मध्यवर्गीय लोगों के जेब के हिसाब से काफी प्रभावी होंगे। इससे बाजार में छाया सन्नाटा कम होगा। आमजन खरीदारी के लिए बाजार में अपनी आमद दर्ज कराएंगे।

–विनोद महेश्वरी, यूपी संयोजक ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन

आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण इंजन स्टार्टअप

बात काम की

स्टार्टअप आज विश्वभर में आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण इंजन बन गए हैं। ये नवाचार, रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा करते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति मिलती है। डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप से पारंपरिक उद्योगों में भी बदलाव आ रहा है। भारत जैसे विकासशील देश में स्टार्टअप ग्रामीण क्षेत्रों को भी आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक बन रहे हैं।

रोजगार सृजन में योगदान

स्टार्टअप कंपनियां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करती हैं। पारंपरिक नौकरियों के विपरीत, ये लचीले, नवोन्मेषी व उच्च कौशल आधारित नौकरियों का सृजन करती हैं। भारत में 90,000 से अधिक स्टार्टअप हैं, जिन्होंने लाखों लोगों को रोजगार दिए।

नवाचार-प्रौद्योगिकी को बढ़ावा

स्टार्टअप का आधार नवाचार है। वे नई तकनीकों, उत्पादों व सेवाओं को विकसित कर प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। इससे डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को बल मिलता है।

निवेश और पूंजी प्रवाह को बढ़ावा

स्टार्टअप में घरेलू और विदेशी निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। वेंचर कैपिटल, एंजेल इन्वेस्टर और पीई फंड्स द्वारा स्टार्टअप में किया निवेश पूंजी प्रवाह को सक्रिय करता है। इससे न केवल उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि आर्थिक परिसंचरण भी बेहतर होता है।

ग्रामीण और क्षेत्रीय विकास

आज कई स्टार्टअप ग्रामीण क्षेत्र को ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं, जैसे- एग्रीटेक, ग्रामीण ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य आदि। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और पलायन पर अंकुश लग रहा है। टियर-2-3 शहरों से भी स्टार्टअप उभर रहे हैं।

महिला सशक्तीकरण-समावेशिता

कई स्टार्टअप महिलाओं को उद्यमिता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे ला रहे हैं। महिला संचालित स्टार्टअप न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि सामाजिक संतुलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं।

सरकारी सहयोग और नीतियां

भारत सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, डिजिटल इंडिया जैसे कई कार्यक्रम शुरू किए हैं जो स्टार्टअप को पूंजी, मार्गदर्शन, टैक्स छूट और कानूनी सरलता प्रदान करते हैं। इससे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत हुआ है।

स्वचालन बढ़ा, स्वामित्व हो रहा है कम

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा - ग्राहकों की शिकायतों को लेकर बैंक कर्मचारियों में संवेदना की कमी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने धोखाधड़ी जैसे गंभीर पहलुओं पर ग्राहकों की बढ़ती शिकायतों के बीच बैंक कर्मचारियों में 'संवेदना की कमी' पर निराशा जताई है। आरबीआई प्रवर्तित एनआईबीएम (राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान) के कार्यक्रम में स्वामीनाथन ने कहा, स्वचालन बढ़ रहा है लेकिन स्वामित्व कम हो रहा है और ग्राहकों को 'अंतहीन' ईमेल और हेल्पलाइन नंबर से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर बैंक कर्मचारियों को व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखना है, तो इन मुद्दों का समाधान जरूरी है। रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर मंगलवार को स्वामीनाथन के संबोधन को डाला गया। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि ग्राहकों की शिकायतों की संख्या, खासकर डिजिटल माध्यमों से हाल के वर्षों में काफी बढ़ी है। सोशल इंजीनियरिंग धोखाधड़ी (भरोसे में लेकर गड़बड़ी करना) से लेकर खराब शिकायत निवारण प्रणाली से जुड़ा नुकसान और निराशा वास्तविक है। अक्सर, समस्या उत्पाद या सेवा नहीं होती, बल्कि असली मुद्दा सहानुभूति की कमी है।

उन्होंने कहा कि आजकल, केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) समय-समय पर होने वाला एक 'रस्म' बनकर रह गया है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों से डिजिटल संदर्भ में भी व्यक्तिगत जागरूकता और जिम्मेदारी वापस लाने का तरीका खोजने का आह्वान किया। स्वामीनाथन ने एटीएम पिन को लेकर वरिष्ठ नागरिकों की परेशानी, ग्रामीण क्षेत्र में कर्ज लेने वालों की ऑनलाइन ऋण चुकाने की चुनौतियों या यूपीआई भुगतान को लेकर छोटे-मोटे कारोबारियों की चिंताओं जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि ये केवल सेवा अनुरोध नहीं हैं, बल्कि समय देकर और धैर्य के साथ पेशेवर रुख दिखाकर भरोसा अर्जित करने के अवसर हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी लेन-देन को संभव बनाएगी। लेकिन केवल आप ही संबंध बना सकते हैं और केवल आप ही अपने संस्थान के लिए ग्राहकों का भरोसा अर्जित कर सकते हैं। यही चीज है जो एक 'बैंकर' (बैंक कर्मचारी) को एक ऐप से अलग करती है।

- बोले- ग्राहकों को अंतहीन ईमेल और हेल्पलाइन नंबर से जूझना पड़ रहा

स्वामीनाथन जे. बोले- आज बैंकिंग पहले से कहीं ज्यादा जटिल

डिप्टी गवर्नर ने कहा कि एक 'बैंकर' को तेजी से काम करना होता है, अनिश्चितताओं को सहना होता है, असफलताओं से उबरना होता है और लंबे समय तक केंद्रित रहना होता है। उन्होंने बैंक क्षेत्र में में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने वाले छात्रों से कहा, आपको तीव्र बदलाव के क्षणों का सामना करना पड़ेगा। इनमें संकट, समयसीमा, लेखा-परीक्षण, नीतिगत बदलाव शामिल हैं। लेकिन आपको धीमी, जटिल प्रक्रियाओं से निपटने के लिए अनुशासन और सहनशक्ति की भी आवश्यकता होगी, जो महीनों या वर्षों में सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि सहानुभूति, जिज्ञासा और ईमानदारी ही छात्रों की दीर्घकालिक सफलता निर्धारित करेगी। स्वामीनाथ ने कहा कि चीजें योजना के अनुसार नहीं चलेंगी, लेकिन अपरिचित परिस्थितियों को स्वीकार करने और अप्रत्याशित परिस्थितियों को सीखने के अनुभवों में बदलने की क्षमता एक छात्र को अलग पहचान दिलाएगी। स्वामीनाथन ने छात्रों से सतर्क रहने और समय रहते सही रास्ता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज बैंकिंग पहले से कहीं ज्यादा जटिल है और साइबर खतरे, कृत्रिम पहचान, डीपफेक और तृतीय-पक्ष जोखिम जैसी नई चुनौतियां भी हैं।

रिजर्व बैंक का वित्तीय समावेश सूचकांक 4.3% बढ़ा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका वित्तीय समावेश सूचकांक मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 4.3% बढ़ा है। यह देश में वित्तीय समावेश यानी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच की स्थिति में सुधार को दर्शाता है। आरबीआई ने सरकार सहित संबंधित पक्षों के परामर्श से समग्र वित्तीय समावेश सूचकांक (एफआई-सूचकांक) तैयार किया है। वार्षिक सूचकांक पहली बार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अगस्त, 2021 में प्रकाशित किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष वर्ष के लिए सूचकांक संकलित किया गया है। मार्च, 2025 के लिए वित्तीय समावेश सूचकांक का मूल्य 67 है, जबकि मार्च, 2024 में यह 64.2 था। इसमें पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता समेत सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि देखी गई है। 2024-25 में वित्तीय समावेश सूचकांक में उपयोग और गुणवत्ता आयाम का नतीजा है। यह वित्तीय समावेश के दायरे में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को लाने और वित्तीय साक्षरता की दिशा में निरंतर उठाये गये कदमों को दर्शाता है।

निवेशकों के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव एक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजारों में निवेशकों की बढ़ती संख्या के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव व वित्तीय परिवेश में विश्वास की कमी इस बढ़ते निवेशक रुझान के लिए चुनौतियां पेश कर सकती हैं। देश में पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की संख्या बढ़कर 13 करोड़ है जो मार्च, 2020 में 4.2 करोड़ थी। अभी इसमें और वृद्धि की काफी गुंजाइश है।

नारायण ने निवेशकों की संख्या में वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए चुनौतियों के समाधान पर कहा कि साइबर-डिजिटल धोखाधड़ी जैसे जोखिम गंभीर चिंताजनक हैं। गड़बड़ी करने वाले अक्सर परिष्कृत और संगठित होते हैं और भोले-भाले निवेशकों को शिकार बनाते हैं। इससे साइबर सुरक्षा ऐसा क्षेत्र बन जाता है, जिस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के सदस्य ने कहा कि निवेशकों को बाजार की अस्थिरता के बारे में जागरूक रहने की जरूरत है। बाजार में उतार-चढ़ाव तय है और निवेशक अपने पोर्टफोलियो को व्यक्तिगत जोखिम क्षमता के अनुरूप बनाएं। नारायण ने कहा, हमें अस्थिरता और जोखिम के अर्थ को समझना और आत्मसात करना होगा। उन्होंने वित्तीय नियोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वित्तीय परिवेश में निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की जरूरत बतायी।

नारायण ने कहा कि बाजार को मजबूत बनाए रखने में सेबी के साथ-साथ शेयर बाजारों और डिपॉजिटरी जैसे नियामकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निवेश रणनीति के तहत निवेश परिसंपत्ति में विविधीकरण की जरूरत बताई। सेबी बॉण्ड व जिंस बाजारों की मजबूती पर काम कर रहा है ताकि अच्छे विकल्प मिल सकें।

- वर्तमान में पूंजी बाजारों में निवेशकों की संख्या 13 करोड़ है जो 2020 में केवल 4.2 करोड़ थी

भारत की आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक स्थिरता का आधार बनाती है : नीति आयोग

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

नीति आयोग के वाइस चेयरमैन (वीसी) सुमन बेरी ने कहा कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे विश्व के लिए 'स्थिरता का आधार' बनाती है। विश्व को ऐसे नए इंजन और विकास मॉडल की आवश्यकता है जिन्हें बढ़ाया एवं साझा किया जा सके और भारत ये चीजें देने को तैयार है। बेरी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि विश्व महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है, जिससे सतत विकास लक्ष्यों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का सामूहिक कार्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। बेरी ने कहा, दुनिया को स्थिरता के आधार, विकास के नए इंजन व ऐसे विकास मॉडल की जरूरत है, जिन्हें बढ़ाया और साझा किया जा सके। भारत अपनी अनूठी ताकत एवं अनुभव के साथ ये तीनों चीजें मुहैया कराने को तैयार और इच्छुक है।

भारत नए पेशेवर युवाओं का गढ़

बेरी ने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य विकासशील या कम विकसित देशों से है। पैमाने, गति और स्थिरता से चिह्नित भारत की विकास यात्रा अन्य विकासशील देशों के लिए विश्वसनीय एवं अनुकरणीय मार्ग प्रदान करती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मंच से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बेरी ने कहा कि अनुमान है कि 2013-14 और 2022-23 के बीच के दशक में 24.8 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। आज भारत दुनिया में नए पेशेवर युवाओं के सबसे बड़े समूह का गढ़ है और देश यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उनका भविष्य उज्ज्वल हो।

समावेश एवं सतत विकास दोनों संभव

बेरी ने कहा कि भारत की विकास यात्रा यह दर्शाती है कि समावेश एवं सतत विकास दोनों संभव हैं और इन्हें बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकते हैं। भारत ने विकासशील देशों में रियायती वित्त, प्रौद्योगिकी साझेदारी एवं क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की है, जिसमें सौर ऊर्जा अवसंरचना व डिजिटल प्रबंधन उपकरण शामिल हैं। बेरी ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद की आधारशिला के रूप में संयुक्त राष्ट्र में अपने विश्वास की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र को समावेश एवं सतत विकास के आधार के तौर पर काम करना जारी रखना चाहिए।

सोना फिर एक लाख के पार चांदी में 3,000 का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टॉकिस्ट की मजबूत लिवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 99,020 रुपये था। इससे पहले, 19 जून को सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा था। सोने की तरह, मंगलवार को चांदी भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। सोमवार को चांदी 1,11,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 0.28% घटकर 3,387.42 डॉलर प्रति औंस रह गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर चांदी भी 0.11% घटकर 38.89 डॉलर प्रति औंस रह गई।

तेल-तिलहन में गिरावट, पाम तेल में सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू तेल-तिलहन बाजार में मंगलवार को अधिकांश तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए तथा सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल तथा बिनौला तेल कीमतें नीचे आ गईं। सुस्त एवं नीरस कामकाज के बीच पामोलीन तेल एवं सोयाबीन तिलहन के दाम पूर्ववत बने रहे। जबकि बेकरी कंपनियों की मामूली मांग से कच्चे पाम तेल (सीपीओ) के दाम में मामूली सुधार आया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि देश में सोयाबीन डीगम की आयात की लागत 104.50 रुपये किलो बैठती है और बंदरगाह पर यह 99.50 रुपये किलो के भाव बेचा जा रहा है। इसके उलट, सूरजमुखी रिफाइंड तेल के आयात की लागत 131 रुपये किलो बैठती है और देश में कम आपूर्ति (शॉर्ट स्पलाई) की स्थिति के कारण बंदरगाह पर इसे प्रीमियम के साथ 139 रुपये किलो के ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है। इन बातों की देखरेख करना सरकार का काम है और इस तरह की मनमानियों के कारण देश के बैंक और तेल उद्योग संकट का सामना कर रहे हैं। अगर डीगम तेल नीचे दाम पर बिक रहा है तो देशी तेल उद्योग को भी अपने उत्पाद को नीचे दाम पर बेचने को विवश होना पड़ेगा। शिकॉगो एक्सचेंज रात 2.25% के सुधार के साथ बंद हुआ था और फिलहाल यहां गिरावट है। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में मामूली सुधार है।

- शिकॉगो एक्सचेंज और मलेशिया एक्सचेंज में मामूली सुधार
- सुस्ती से पामोलीन तेल व सोयाबीन तिलहन के दाम पूर्ववत बने रहे

सोयाबीन तेल कीमतों में भी दर्ज की गई गिरावट

सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन डीगम तेल के कम दाम पर बिकवाली से बाकी सोयाबीन तेल के दाम भी दबाव में रहे और सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। इसके अलावा सोयाबीन तिलहन का हाजिर बाजार का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग 15-16 प्रतिशत नीचे चल रहा है। अगले लगभग दो महीनों में मूंगफली, बिनौला और सोयाबीन की नयी फसल आ जायेगी। पहले का माल ही नहीं खप रहा और नयी फसल की खपत की कौन चिंता कर रहा है, यह एक गंभीर विषय है। सारे तेल संगठन और समीक्षक इस बारे में आंखें मूंदे हैं। वहीं दूसरी ओर, देश में सोयाबीन का बाजार नहीं होने और इस वजह से किसानों की ओर से आवक कम रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम अपरिवर्तित बने रहे। जब देश में सोयाबीन ठीक से खप नहीं रहा तो पामोलीन कहां से खपेगा। ऐसी स्थिति के बीच पामोलीन तेल के दाम भी अपरिवर्तित रहे।

अमित शाह 24 को पेश करेंगे नई सहकारी नीति

नई दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेंगे। नई सहकारी नीति सरकार के देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लक्ष्य के तहत लाई जा रही है।

शाह 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025 की घोषणा करेंगे। यह नीति पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय समिति द्वारा तैयार की गई है। मंगलवार को सरकारी बयान के अनुसार नई सहकारी नीति 2025-45 तक यानी दो दशक के लिए भारत के सहकारी आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी। नई नीति का लक्ष्य सहकारी क्षेत्र को फिर खड़ा करना और आधुनिक बनाना है। वर्ष 2002 में जारी की गई पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति का स्थान लेगी।

मंत्रालय ने कहा कि दो दशक में वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति से नई नीति लाना जरूरी था। यह नीति, सहकारी संस्थाओं को समावेशी और पेशेवर बनाने का भी प्रयास करेगी ताकि वे रोजगार और आजीविका के अवसर पैदा कर सकें।

दृष्टिकोण | डेलॉयट की दक्षिण एशिया इकाई के सीईओ ने कहा- भारत कई वैश्विक संकट से सफलतापूर्वक उबर चुका है

डेढ़ दशक में 7-8% की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक पेशेवर सेवा प्रदाता डेलॉयट की दक्षिण एशिया इकाई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने कहा है कि भारत अगले डेढ़ दशक में 7-8% की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है, क्योंकि हाल के वर्षों में यह कई वैश्विक संकट से सफलतापूर्वक उबर चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और इस साल वह जापान को पीछे छोड़कर 4.2 लाख करोड़ डॉलर के साथ चौथी अर्थव्यवस्था बन सकता है। शेट्टी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7% की दर से बढ़ सकती है। इसका मुख्य कारण सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन, बढ़ता बाजार निवेश और कृषि उत्पादकता में सुधार है। कोविड-19 और भू-राजनीतिक उथल-पुथल जैसे बड़े झटकों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू बनी है और वृद्धि के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि भारत की मुख्य रूप से सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार चुनौतियों से काफी हद तक अप्रभावित रहती है। शेट्टी ने कहा कि अगले 10-15 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था 7-8% की दर से बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि भारत में दुनिया के 50% से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं जबकि फॉर्च्यून 2000 कंपनियों में से लगभग 67% की अभी भारत में मौजूदगी नहीं है। भारत में फिलहाल 1,800 वैश्विक क्षमता केंद्र हैं जो सही नीतिगत परिवेश, पारिस्थितिकी समर्थन और समन्वित कार्रवाई के साथ अगले कुछ वर्षों में 3,400-5,000 केंद्रों तक बढ़ सकते हैं।



- सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन, बढ़ता बाजार निवेश और कृषि उत्पादकता में सुधार भारत के वृद्धि दर के मुख्य आधार

भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,800 डॉलर से कम

शेट्टी ने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति आय अभी 2,800 अमेरिकी डॉलर से कम है लेकिन इसके 4,000 डॉलर के करीब पहुंचने के साथ ही खपत दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने विनिर्माण, सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में बढ़ती रुचि और अच्छे मानसून के बाद कृषि उत्पादकता में सुधार का भी उल्लेख किया। उन्होंने वैश्विक कंपनियों के भारत में सेवा क्षेत्र में निवेश करने की रणनीति का जिक्र करते हुए कहा कि रक्षा, सेमीकंडक्टर और दवा क्षेत्रों में भी निवेश की क्षमता है। डेलॉयट के वरिष्ठ अधिकारी ने वैश्विक व्यापार युद्ध को स्थायी प्रवृत्ति मानते हुए कहा कि अगले कुछ महीनों में मौजूदा अनिश्चितता कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध कई साल में सबसे मजबूत हैं।

अमृत विचार

वर्ल्ड ब्रीफ

कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटा दूसरा जत्था

पिथौरागढ़। कैलाश मानसरोवर यात्रियों का दूसरा दल कैलाश की परिक्रमा कर मंगलवार को वापस भारत लौट आया है और मंगलवार को उसने भारतीय सीमा में प्रवेश किया। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के अनुसार आईटीबीपी के जवानों द्वारा लिपुलेख में जत्थे का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात यह दल नाभीढांग के रास्ते कालापानी पहुंचा। इस दल में 44 यात्रियों समेत कुल 51 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 4 सपोर्टिंग स्टाफ हैं। सभी यात्री स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। यह दल शीघ्र ही अगला पड़ाव गुंजी पहुंचेगा।

केरल से लौटा ब्रिटेन का लड़ाकू विमान

तिरुवनंतपुरम। केरल में एक महीने पहले तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया ब्रिटेन का लड़ाकू विमान 'एफ-35 बी' मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार को स्वदेश लौट गया। यह विमान पूर्वाह्न 10 बजकर 50 मिनट पर आस्ट्रेलिया के डार्विन के लिए रवाना हुआ। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने कहा, 14 जून को आपात स्थिति में उतारा गया ब्रिटेन का लड़ाकू विमान एफ-35 बी आज तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गया। छह जुलाई से तैनात ब्रिटेन की एक इंजीनियरिंग टीम ने मरम्मत और सुरक्षा जांच पूरी की, जिससे यह विमान फिर से सक्रिय सेवा में लौट सका। प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डे की टीम के सहयोग के लिए बहुत आभारी है, जिन्होंने विमान की मरम्मत और उसके ठीक होने में पूरा साथ दिया।

ट्रंप ने किया यूनेस्को से हटने का फैसला

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से हटाने का फैसला किया है। उन्होंने इस संगठन पर ऐसे मसलों को समर्थन देने का आरोप लगाया है जो विभाजनकारी होते हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने व्हाइट हाउस की उप प्रवक्ता अन्ना केली के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूनेस्को से अमेरिका को हटाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र का यह संगठन विभाजनकारी सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों का समर्थन करता है और उन सामान्य नीतियों से पूरी तरह अलग है जिनके लिए अमेरिकियों ने नवंबर में मतदान किया था।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय में फिर सेवाएं देंगी गीता गोपीनाथ

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुनः सेवाएं देंगी।

आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है। गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि वह आईएमएफ में बिताए गए समय के लिए वाकई आभारी हैं। वह आईएमएफ में पहले मुख्य अर्थशास्त्री थीं और फिर उन्होंने प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर में आईएमएफ के लिए काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है।

- सात वर्षों से आईएमएफ में थीं उप प्रबंध निदेशक पद पर कार्यरत

विद्यार्थियों की आत्महत्याएं

दुनिया के देशों में दूसरे नंबर पर है भारत

भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की लगातार बढ़ती घटनाएं एक गंभीर और चिंताजनक सामाजिक समस्या का रूप ले चुकी हैं। आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली परिस्थितियों से यूं तो दुनिया भर के विद्यार्थियों को जूझना पड़ रहा है लेकिन दुनिया के देशों में भारत का नंबर इस मामले में दूसरा है जो साफ बताता है कि यह समस्या यहां कितनी गंभीर हो चुकी है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट 'स्टूडेंट सुसाइड : एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया' के अनुसार भारत में विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की दर कुल आत्महत्या प्रवृत्तियों और जनसंख्या वृद्धि से कहीं ज्यादा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल आत्महत्या के मामलों में दो प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामले चार प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़े हैं।

एनसीआरबी के आंकड़े

- नेशनल क्राइम ब्यूरो रिकॉर्ड के आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 के दौरान देश में विद्यार्थियों की आत्महत्याओं में 20 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि हुई।
- वर्ष 2021 में देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या के करीब 12 हजार मामले सामने आए थे, 2023 में यह आंकड़ा 13 हजार से भी ज्यादा पहुंच गया।
- भारत में हर 42 मिनट में एक विद्यार्थी आत्महत्या कर लेता है। 2022 में कुल आत्महत्याओं में 53 प्रतिशत छात्र और 47 प्रतिशत छात्राएं थीं।

घटनाओं की गंभीरता

- वर्ष 2021 और 2022 के बीच पुरुष छात्र आत्महत्याओं में 6% की कमी आई लेकिन छात्राओं की आत्महत्याओं में 7 % की वृद्धि हुई।
- वर्ष 2021 में आत्महत्या के कुल मामले 164,033 और 2022 में 170,924 दर्ज हुए, जिसमें छात्र आत्महत्या के मामले क्रमशः 13,089 और 13,044 थे।
- कुल संख्या में 7 .6% छात्र आत्महत्याएं हैं, ये दर श्रमिकों, किसानों, बेरोजगारों सहित कई और श्रेणियों के लोगों की आत्महत्याओं के बराबर है।

आत्महत्या की प्रवृत्ति

- आत्महत्या की सर्वाधिक प्रवृत्ति इंजीनियरिंग और मेडिकल के विद्यार्थियों में देखी गई है।
- कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा, हैदराबाद और दिल्ली एनसीआर में सर्वाधिक घटनाएं।
- आईआईटी, एनआईटी और एआईआईएमस में भी आत्महत्या की चिंताजनक स्थिति।

सुप्रीम कोर्ट की चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या का स्वतः संज्ञान लिया और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। अदालत ने दोनों विश्वविद्यालयों को चेतावनी दी कि अगर इन मामलों में एफआईआर दर्ज करने में कोई देरी हुई तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

दुनिया की स्थिति

- भारत में प्रति लाख विद्यार्थियों में 35 से 40 के आत्महत्या करने का औसत है।
- दक्षिण कोरिया में प्रति एक लाख में 60 से ज्यादा विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं।
- जापान में एक लाख विद्यार्थियों में से 30 से 40 विद्यार्थी ये फैसला करते हैं।
- अमेरिका में एक लाख में से 10 से 15 विद्यार्थी आत्मघाती कदम उठाते हैं।

पहलगाम हमले के आतंकियों के न पकड़े जाने से बढ़ीं सुरक्षा चिंताएं

आतंकी वारदात के तीन माह गुजरे, अब तक सिर्फ दो संदिग्ध की गिरफ्तारी

पहलगाम, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के तीन महीने बाद भी, इसे अंजाम देने वाले आतंकवादियों के फरार रहने के कारण क्षेत्र में सुरक्षा चूक को लेकर चिंता जताई जा रही है और जवाबदेही तय करने की मांग बढ़ रही है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 22 अप्रैल को हुई इस घटना के सिलसिले में अब तक दो गिरफ्तारियां की हैं। माना जा रहा है कि गिरफ्तार किये गए लोगों ने ही हमलावरों को साजोसामान उपलब्ध कराए थे, जबकि इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी अब भी सुरक्षा एजेंसियों की जद में नहीं आए हैं।

अगले महीने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने जा रहे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना को 'सुरक्षा विफलता' माना है। उनकी इस स्वीकारोक्ति की मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सराहना की, लेकिन जवाबदेही की भी मांग की है। अब्दुल्ला ने हाल में कहा, मैं उपराज्यपाल के बयान की सराहना करता हूं, लेकिन विफलता स्वीकार करने के बाद कार्रवाई भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा था, जब इतनी गंभीर चूक के कारण कीमती जानें चली जाएं , तो इसके लिये जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कश्मीर के लोगों को यह जानने का हक है कि क्या गलत हुआ और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। अधिकारियों का कहना है कि खुफिया एजेंसियों को आतंकी हमले होने की संभावना के बारे में सतर्क किया गया था, लेकिन इन सूचनाओं का उपयोग हमले वाले स्थान से लगभग 90 किलोमीटर दूर किसी अन्य स्थान पर किया गया, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा में बड़ी चूक हुई। एनआईए को इस मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है और अब तक उसने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हमलावरों को पनाह देने और भोजन की व्यवस्था करने का संदेह है।

एजेंसी ने 22 जून को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने कहा था कि गिरफ्तार आरोपी वर्तमान में हिरासत में हैं। उन्होंने हमले में शामिल तीन हथियारबंद आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे, जो प्रतिबंधित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' से जुड़े हुए हैं। यह संगठन पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध है। एनआईए के अनुसार, परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क स्थित एक झोपड़ी में पनाह दी थी। एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और साजो-सामान उपलब्ध कराया था, जिन्होंने घटना वाले दिन धार्मिक पहचान के आधार पर पर्यटकों की जान ली थी।



फाल्कन स्क्वाड के सदस्य थे हमलावर आतंकवादी

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी, जो 'फाल्कन स्क्वाड' के नाम से जानी जाने वाली टीआरएफ इकाई के सदस्य हैं, सैन्य वर्दी में पहलगाम क्षेत्र में घुसे थे तथा उनके पास सेना जैसे हथियार और कैमरा-युक्त हेलमेट सहित अन्य संचार उपकरण थे। उन्होंने बताया कि हमले की साजिश कथित तौर पर सैफुल्लाह कसूरी उर्फ खालिद ने बनाई थी, जो लश्कर का शीर्ष कमांडर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित आतंकवादी हाफिज सईद का निजी सहायक है। सुरक्षा अधिकारियों ने संकेत दिया कि हमलावरों का ऑनलाइन पता कराची और मुजफ्फराबाद में सीमा के पास स्थित सुरक्षित ठिकानों से लगाया गया था, जिससे पता चलता है कि हमलावर पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा नेटवर्क से जुड़े हुए थे।

श्रद्धा सागर

श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा के समापन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेसवे पर कांवड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। कांवड़ियों की आवाजाही के कारण हजारों वाहन कई घंटे तक जाम में फंसे रहे। एजेंसी

तिरंगे के सियासी प्रयोग पर रोक की मांग खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्र ध्वज से मिलते-जुलते झंडों का चुनाव चिह्नों के साथ इस्तेमाल करने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध करने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने संजय भीमशंकर थोबडे नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जो व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित हुए थे।

कांवड़ यात्रा: ढाबों पर क्यूआर कोड प्रदर्शन के निर्देश पर रोक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए 'क्यूआर' कोड संबंधी निर्देश पर रोक लगाने से मंगलवार को इन्कार कर दिया और इस मार्ग पर मौजूद सभी होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही, क्योंकि मंगलवार को कांवड़ यात्रा का अंतिम दिन है। पीठ ने कहा, 'हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है, इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के निर्देश का पालन करेंगे। शीर्ष अदालत ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

- सुप्रीम कोर्ट का इन्कार, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन प्रदर्शित करने होंगे

सरकारी आवास पर लंबा कब्जा ठीक नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एक पूर्व विधायक की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें सरकारी बंगले में निर्धारित से अधिक समय रहने पर दंडस्वरूप 20 लाख रुपये की किराया मांग का विरोध किया गया था। कोर्ट ने कहा, किसी को भी सरकारी आवास पर अंतहीन कब्जा नहीं रखना चाहिए। सीजेआई बी आर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व विधायक अवनीश कुमार सिंह की अपील पर सुनवाई कर रही थी।

छह दशक सेवा के बाद भारतीय वायुसेना से विदाई लेंगे मिग-21

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस निर्मित मिग-21 लड़ाकू विमान छह दशकों से अधिक समय तक सेवा में रहने के बाद सितंबर में भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

सूत्रों ने बताया कि 23वें स्क्वाड्रन के अंतिम मिग-21 विमान को 19 सितंबर को चंडीगढ़ वायुसेना अड्डे में एक समारोह में विदाई दी जाएगी। मिग-21 लंबे समय तक भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार रहे। सेवा में 1960 के दशक में पहली बार शामिल किए जाने के बाद भारतीय वायुसेना ने अपनी समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने के लिए 870 से ज्यादा मिग-21 खरीदे। हालांकि इस विमान का सुरक्षा रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। मिग-21 विमान 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में प्रमुख लड़ाकू विमान थे।

- चंडीगढ़ में 21 सितंबर को आखिरी उड़ान भरेगा लड़ाकू विमान

भारत-ब्रिटेन में व्यापक साझेदारी की जरूरत

मोदी की यात्रा से पहले हिंद-प्रशांत रणनीति को नया स्वरूप देने का आह्वान

लंदन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुप्रतीक्षित ब्रिटेन यात्रा और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर से पहले देश के प्रमुख थिंक टैंक ने मंगलवार को ब्रिटेन की हिंद प्रशांत रणनीति को नया स्वरूप देने का आह्वान किया। थिंक टैंक ने कहा कि यह रणनीति केवल व्यापार समझौते तक सीमित न रहकर भारत के साथ व्यापक साझेदारी को बढ़ावा देनी वाली होनी चाहिए।

'रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स'ने जिसे आमतौर पर 'चैथम हाउस' के नाम से जाना जाता है, 'ब्रिटेन के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता क्यों दी जानी चाहिए' शीर्षक से एक शोध पत्र जारी किया है। इस शोध पत्र में चेतावनी दी है कि यदि रणनीति केवल द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही और व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र की अनदेखी की गई,जो भारत जैसी आर्थिक विकास गति पर नहीं है,तो यह ब्रिटेन के क्षेत्रीय हितों के लिए सीमित प्रभाव वाली साबित हो सकती है।

इसमें नई दिल्ली के साथ ब्रिटेन के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे अन्य देशों को शामिल करते हुए अधिक त्रिपक्षीय सहयोग का भी आह्वान किया गया है। लंदन स्थित इस 'थिंक टैंक' के विश्लेषण में कहा गया है, दक्षिण एशिया में, भारत के साथ सीमित व्यापार समझौते को सफलतापूर्वक अंतिम रूप देने के बाद अब ब्रिटेन को चाहिए कि वह द्विपक्षीय सहयोग के दायरे को और विस्तृत करे, ताकि दोनों देशों की व्यापक विदेश नीति प्राथमिकताओं जैसे अमेरिका और वैश्विक दक्षिण के साथ जुड़ाव का बेहतर लाभ उठाया जा सके।

अपनी सिफारिशों में 'थिंक टैंक' ने ब्रिटेन से आग्रह किया है कि वह भारत के साथ महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक संबंध विकसित करना जारी रखे, लेकिन साथ ही केवल द्विपक्षीय ब्रिटेन-भारत संबंधों तक सीमित रहने के बजाय व्यापक क्षेत्रीय एकीकरण और विकास को प्राथमिकता दे। कहा गया है, ब्रिटेन को भारत के साथ अपने संबंधों को हाल ही में संपन्न और लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापार समझौते से आगे ले जाना चाहिए।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, 24 जुलाई 02 .28 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 17 .54 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष - आज अपने प्रेमी को दिल की बात कहना चाह रहे हैं तो दिन बेहद अनुकूल है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से मन प्रसन्न रहेगा। परिजनों के व्यवहार से आप अत्यंत आनंद और गर्व की अनुभूति करेंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

वृष - आज कार्यक्षेत्र में अपनी योग्यता के अनुरूप प्रदर्शन करने में कठिनाई होगी। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। रिश्तेदार आपकी अवहेलना कर सकते हैं। आप अपनी समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे।

मिथुन - आज कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार दिया जा सकता है। व्यवसाय में बिक्री बढ़ेगी। गुरुजनों के साथ आप अच्छा समय बिता सकते हैं। आपकी सकारात्मक सोच लोगों के ऊपर विशिष्ट छाप छोड़ेगी। सहयोगी आपको बड़ा सहयोग देने का प्रयास करेंगे।

कर्क - आज कोई रुका हुआ काम आपको शीघ्र पूरा करना पड़ेगा। बाहरी लोग आपके निजी मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेंगे। शाम को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। मौसमी बीमारियों को लेकर परेशानी होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के लिए लोग ताना दे सकते हैं।

सिंह - आज पारिवारिक जीवन में आनंद की अनुभूति करेंगे। संपत्ति में निवेश करना शुभ रहेगा। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

कन्या - आज घर में मेहमान आ सकते हैं। व्यापार में अचानक बड़ा लाभ मिल सकता है। विदेश जाने के अवसर बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

तुला - आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। सभी कार्य समय पर होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी भविष्य की योजनाओं को किसी से न बोलें।

वृश्चिक - आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई का अनुभव हो सकता है। बनते कार्यों में रुकावटें आने से अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। पुरानी नकारात्मक बातों के उभरने से मन व्यथित हो सकता है। संतान के ऊपर ध्यान देने की आवश्यकता है।

धनु - आज पूरा दिन शांति से बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत शानदार रहने वाला है। नए प्रकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी अवश्य रखें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा।

मकर - आज यदि आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है तो उसे हल्के में न लें। अविवाहितों के विवाह तय होने में देरी हो सकती है। परिजनों के साथ आज महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। कुसंगति से आपको बचना चाहिये। परिश्रम का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

कुंभ - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। रिश्तों में मधुरता आने से आप अत्यन्त तनावमुक्त महसूस करेंगे। आज आप कार्यक्षेत्र में काम के मूड में कम रहेंगे। नये व्यवसायिक अनुबन्ध करने से पहले थोड़ी सावधानी रखनी जरूरी है।

मीन - आज आप घर पर रहना अधिक पसंद करेंगे। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। जॉब में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। अधिकारी इस समय आपके काम पर खास प्रसन्न नहीं हैं। इसीलिए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आपके अधिकारी नाराज हों।

सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7	6			5		2		3
	3	9	6	1	8	5		
	5				7			
5	9						2	
	8			3			5	
	4						1	7
			4				3	
		4	2	7	3	9	6	
6		3		8			4	1

सुडोकू - 46 का हल

3	1	6	4	7	8	5	2	9
5	8	2	6	9	3	4	7	1
7	4	9	5	2	1	6	3	8
9	2	7	8	3	6	1	4	5
8	3	4	1	5	7	2	9	6
1	6	5	9	4	2	3	8	7
2	5	3	7	1	9	8	6	4
6	7	1	2	8	4	9	5	3
4	9	8	3	6	5	7	1	2

> मुझे शुरू से ही वाशिंगटन का खेल पसंद रहा है। जब मैंने उसे पहली बार देखा तो मैंने कहा था कि वह कमाल का खिलाड़ी है और उसमें कई वर्षों तक भारत का अदद ऑलराउंडर बनने की क्षमता है।
>
> –रवि शास्त्री

स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 23 जुलाई 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com

स्पोर्ट्स हाईलाइट

दिल्ली सरकार ने पुरस्कार राशि बढ़ाई

नई दिल्ली : दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। यह जानकारी मंगलवार को मंत्री आशीष सूद ने दी। सूद ने बताया मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसले लिए गए। ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को पहले तीन करोड़ रुपये, दो करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये दिए जाते थे लेकिन खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अब ओलंपिक तथा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को सात करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को पांच करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

अल्काराज भी टोरंटो मास्टर्स में नहीं खेलेंगे

टोरंटो : दुनिया के दूसरे नंबर से खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। इससे अमेरिकी ओपन से पहले होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की चमक और फीकी पड़ गई है। इससे एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था।

झेंग किनवेन अमेरिकी ओपन से हटीं

न्यूयॉर्क : ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन से नाम वापस ले लिया है। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है।

दिल्ली प्रीमियर लीग दो अगस्त से

नई दिल्ली : दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) दो अगस्त से पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ शुरू होगी जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता 17 अगस्त से खेली जाएगी। पुरुषों का फाइनल 31 अगस्त को होगा। पुरुष वर्ग में चार–चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स जबकि ग्रुप बी में वेस्ट दिल्ली लायंस, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और पुरानी दिल्ली 6 शामिल हैं।

भारत का विश्व कुश्ती में भाग लेना संदिग्ध

नई दिल्ली : भारतीय कैडेट कुश्ती टीमों पर 28 जुलाई से एथेंस में शुरू होने वाली प्रतिष्ठित अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि 47 सदस्यीय दल को शनिवार को रवाना होना है, लेकिन यूनान के दूतावास ने अभी तक उनके वीजा संबंधी अनुरोध का जवाब नहीं दिया है।

आजमाए गए फार्मूले से हटकर उतरेगी भारतीय टीम

इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला बराबर करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा भारत

मैनचेस्टर, एजेंसी

पिछले मैच में हार और कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के बावजूद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में श्रृंखला में वापसी करने और ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार जीत हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत को हालांकि अभी तक आजमाए गए अपने फॉर्मूले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था। इनमें नितीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज आकाशदीप भी इस टेस्ट से पहले कमर की चोट के कारण बाहर हो गए हैं और कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज अपने पदार्पण के करीब हैं। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाज़ी करने की गुंजाइश थी, लेकिन मैनचेस्टर में ऐसा शायद न हो, जहां भारतीय टीम अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाई है।

भारत ने यहां अभी तक नौ मैच खेले हैं जिनमें से चार में उसे पराजय का सामना करना पड़ा जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे। इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और भारत को पांच मैच की इस श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसे यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है, लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाजी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे। भारत लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता है, जहां उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें करुण नायर और साई सुदर्शन दोनों अंतिम एकादश में थे। इसके अलावा नए तेज गेंदबाज कंबोज के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं। कंबोज का पलड़ा भारी दिख रहा क्योंकि वह आकाशदीप की तरह, कंबोज भी अच्छी सीम मूवमेंट पैदा कर सकते हैं। वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां की परिस्थितियों से कुछ हद तक वाकिफ हैं। तेज गेंदबाज बुमराह और सिराज का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। लॉर्ड्स में श्रृंखला में पहली बार भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और अगर भारत को सीरीज में वापसी करनी है तो शुभमन गिल की अगुवाई वाली बल्लेबाजी लाइन-अप को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

विकेट कीपिंग का अभ्यास करते ऋषभ पंत। एजेंसी

शारीरिक से ज्यादा मानसिक थकाऊ रही कप्तानी : गिल

मैनचेस्टर : भारतीय कप्तान शुभमन गिल को अपनी कप्तानी की पहली ही श्रृंखला में अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ा है, जहां इंग्लैंड के खिलाफ अब तक तीनों टेस्ट काफी करीबी रहे हैं और पांच दिनों तक चले। गिल ने हालांकि कप्तान के तौर पर इसे शारीरिक थकान से ज्यादा मानसिक थकान करार दिया। यह श्रृंखला अब तब बेहद करीबी रही है और लॉर्ड्स में मैदान पर हुए दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच तनाव ने प्रतिद्वंद्विता को और बढ़ा दिया है। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 1–2 से पीछे है लेकिन गिल अपनी कप्तानी का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। उन्हें अगले दो टेस्ट में किस्मत का अधिक साथ मिलने की उम्मीद है। गिल ने मंगलवार को कहा ईमानदारी से कहूं तो शारीरिक रूप से यह कम थकाऊ रहा है, मानसिक रूप से ज्यादा थकाऊ है।

शुभमन गिल।

- इंग्लैंड के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में चौथा टेस्ट मैच आज दोपहर 3:30 बजे से

हम पीछे हटने वाले नहीं हैं : स्टोक्स

मैनचेस्टर : इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम बुधवार से यहां शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय खिलाड़ियों की किसी भी आक्रामकता का जवाब उन्हीं की भाषा में देगी। उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि इस कड़ी टक्कर वाली सीरीज में जुबानी जंग थमने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड पांच मैच की सीरीज में 2–1 से आगे है लेकिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, जैक क्रॉली, बेन डकेट, स्टोक्स और हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ी विपक्षी खिलाड़ियों के साथ कुछ बहस करने से पीछे नहीं हटे हैं। स्टोक्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा मुझे नहीं लगता कि यह उन चीजों में से एक है जहां हम मैदान में उतरकर (छींटाकशी) शुरू कर देंगे। मुझे नहीं लगता कि दोनों टीम में से कोई भी असल में ऐसा करने की सोच रही है। मुझे लगता है कि टेस्ट सीरीज में हमेशा एक ऐसा पल आता है जब माहौल कुछ गर्म हो जाता है। यह एक बड़ी श्रृंखला है और दोनों टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत दबाव है। यह किसी विशेष स्थिति के प्रति स्वाभाविक प्रतिक्रिया हो सकती है लेकिन स्टोक्स ने स्पष्ट संकेत दिया कि प्रतिद्वंद्वी खेमे की आक्रामकता को हल्के में नहीं लिया जाएगा। स्टोक्स ने कहा जैसा कि मैंने कहा, यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हम जानबूझकर मैदान पर जाकर शुरू करने की कोशिश करेंगे क्योंकि इससे हमारा ध्यान उस चीज से हट जाएगा जो हमें मैदान पर वास्तव में करने की जरूरत है। लेकिन किसी भी तरह से हम पीछे हटने वाले नहीं हैं और किसी भी विरोधी टीम को हमारे प्रति आक्रामक होने की कोशिश नहीं करने देंगे।

ओल्ड ट्रैफर्ड में अभ्यास करते भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। एजेंसी

अपना सब कुछ झोंक दो या ठीक से आराम करो

- जसप्रीत बुमराह को स्पष्ट संदेश दिया इरफान पठान ने

मैनचेस्टर, एजेंसी

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को संदेश स्पष्ट है कि या तो टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक दो या फिर कार्यभार प्रबंधन के तहत चुनिंदा मुकाबलों में खेलने की जगह ठीक से आराम करो। इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर पठान ने बुमराह के असाधारण गेंदबाजी कौशल की प्रशंसा की लेकिन साथ ही उनसे जरूरत पड़ने पर 'अतिरिक्त प्रयास' करने का भी आग्रह किया। पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मैं जसप्रीत बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे उनका कौशल बेहद पसंद है। वह बेहतरीन हैं। हालांकि मेरा मानना है कि जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो आपको अपना सब कुछ देना होता है।

उन्होंने कहा जब आप पांच ओवर के स्पैल की बात करते हैं तो जब रूट आते हैं तो आप छठा ओवर नहीं फेंक रहे होते। आपको अपना सब कुछ झोंकना होता है। या तो आप अपना सब कुछ झोंक देते हैं या फिर पूरी तरह आराम करते हैं। बाएं हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा जब बात किसी देश या टीम की आती है, जब आप किसी टीम के लिए खेलते हैं, तो आप उनके लिए खेलते हैं। टीम हमेशा पहले आती है।

इरफान पठान। एजेंसी

पूर्व निर्धारित योजना के तहत बुमराह को दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने हैं लेकिन भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और दो मैच और खेलने बाकी हैं। पठान ने स्पष्ट किया कि वह बुमराह की टीम के प्रति प्रतिबद्धता पर किसी भी तरह से सवाल नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा मैं यह सवाल नहीं उठा रहा कि उन्होंने प्रयास नहीं किए हैं। उन्होंने ओवर फेंके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। हालांकि जब टीम के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की बात आती है तो आपको ऐसा करना ही पड़ता है।

पठान ने कहा अगर बुमराह भारत के लिए नियमित रूप से मैच जीतते रहे तो वह लंबे समय तक शीर्ष पर बने रहेंगे। जब टीम को आपकी जरूरत हो तो आपको अतिरिक्त प्रयास करने होते हैं। बेन स्टोक्स ने ऐसा किया और जोफ्रा आर्चर ने चार साल बाद ऐसा किया। बुमराह ने श्रृंखला के पहले और तीसरे टेस्ट में हिस्सा लिया और लीड्स तथा लॉर्ड्स दोनों ही मैचों में प्रभावी गेंदबाजी की। पहले मैच की पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट चटकाए लेकिन इंग्लैंड के 371 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने के दौरान उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में बुमराह ने एक बार फिर पहली पारी में पांच विकेट चटकाए और फिर दूसरी पारी में दो विकेट लेकर मैच का अंत 112 रन पर सात विकेट के साथ किया।

भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले बारिश के बीच जाते इंग्लैंड के खिलाड़ी लियाम डॉसन। एजेंसी

जहीर और बुमराह जैसे तेज गेंदबाज हैं कंबोज

- पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन ने अंशुल कंबोज की प्रशंसा की

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने अंशुल कंबोज की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें जहीर खान और जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज करार दिया जो न केवल अपने क्षेत्र का कुशल खिलाड़ी है बल्कि अपनी रणनीति की भी अच्छी समझ रखता है।

ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी तथा तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह की जोड़ी के चोटिल होने के बाद कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट के लिए पिछले सप्ताह भारतीय टीम में शामिल किया गया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा अंशुल की सबसे अच्छी बात यह है कि वह अपनी रणनीति को अच्छी तरह से समझता है। अगर आप उनसे उनकी रणनीति के बारे में पूछते हैं, तो वे खुद को अभिव्यक्त करना चाहते हैं और खेल का आनंद लेना चाहते हैं।

सहमति | बीसीसीआई स्वायत्त निकाय बना रहेगा, पर विवादों का निपटारा राष्ट्रीय खेल पंचाट करेगा

राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा बीसीसीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा जिसे बुधवार को संसद में पेश किया जाना है। खेल मंत्रालय के एक विश्वसनीय सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बीसीसीआई भले ही सरकार से वित्तीय मदद पर निर्भर ना हो लेकिन उसे प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। सूत्र ने कहा सभी राष्ट्रीय महासंघों की तरह, बीसीसीआई को भी इस विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद देश के कानून का पालन करना होगा। वे मंत्रालय से वित्तीय मदद नहीं लेते लेकिन संसद का अधिनियम उन पर लागू होता है। सूत्र ने कहा बीसीसीआई अन्य सभी एनएसएफ की तरह एक स्वायत्त निकाय बना रहेगा लेकिन उनसे जुड़े विवादों का निपटारा प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल पंचाट करेगा। यह पंचाट चुनाव से लेकर चयन तक के खेल मामलों से जुड़े विवाद का समाधान निकाय बन जाएगा। उन्होंने कहा इस विधेयक का मतलब किसी भी एनएसएफ पर सरकारी नियंत्रण नहीं है। सरकार सुशासन सुनिश्चित करने में एक सूत्रधार की भूमिका निभाएगी।

क्रिकेट (टी20 प्रारूप) को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस तरह से बीसीसीआई पहले ही ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बन चुका है। खेल प्रशासन विधेयक का उद्देश्य समय पर चुनाव, प्रशासनिक जवाबदेही और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक मजबूत खेल ढांचा तैयार करना है। राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) को पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके पास व्यापक अधिकार होंगे कि वह शिकायतों के आधार पर या 'अपने विवेक' से चुनावी अनियमितताओं से लेकर वित्तीय गड़बड़ी तक के उल्लंघनों के लिए खेल संघों को मान्यता प्रदान करे या निलंबित भी करे। इस विधेयक में प्रशासकों की आयु सीमा के पेचीदा मुद्दे पर कुछ रियायत दी गई है जिसमें 70 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है बशर्ते संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थायें आपत्ति नहीं करें। एनएसबी में एक अध्यक्ष होगा और इसके सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। यह नियुक्तियां एक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएंगी। चयन समिति में अध्यक्ष के तौर पर कैबिनेट सचिव या खेल सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, दो खेल प्रशासक (जो किसी राष्ट्रीय खेल संस्था के अध्यक्ष हो।

विधेयक ओलंपिक चार्टर के अनुरूप है

सूत्र ने कहा अब सभी सहमत हैं। यह विधेयक स्पष्ट रूप से ओलंपिक चार्टर के अनुरूप है और यहां तक कि आईओसी भी महसूस करता है कि इसे तैयार करने में अच्छा काम किया गया है। प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल पंचाट का उद्देश्य 'खेल–संबंधी विवादों का स्वतंत्र, शीघ्र, प्रभावी और किफायती निपटान' प्रदान करना है। मंत्रालय के सूत्र ने कहा पंचाट के फैसले को केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकती है। पंचाट से जुड़ी नियुक्तियां केंद्र सरकार के हाथों में होंगी। यह एक ऐसी समिति की सिफारिशों पर आधारित होंगी जिसकी अध्यक्षता भारत के प्रधान न्यायाधीश या उनके द्वारा अनुशंसित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश करेंगे।

भारतीय महिलाओं ने वनडे सीरीज भी जीती

- सीरीज के तीसरे व अंतिम मैच में इंग्लैंड को 13 रन से हराया
- हरमनप्रीत ने शतक लगाया तो गौड़ ने छह विकेट झटके

चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड), एजेंसी

हरमनप्रीत कौर के शतक और क्रांति गौड़ के छह झटकों से भारत ने 2-1 से वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। इससे पहले भारत ने टी20 सीरीज़ भी 2-1 से जीती थी और अब वनडे सीरीज भी जीत कर टीम इंडिया स्वदेश लौटेगी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया था और हरमनप्रीत कौर के 102 और जेमिमाह रॉड्रिग्स की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी और क्रांति गौड़ ने दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्द ही पवेलियन लौटा दिया। पहले 10 ओवर में इंग्लैंड की टीम दो विकेट के नुक़सान पर 22 रन ही बना पाई थी।

इससे पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर की 84 गेंद में 102 रन की पारी और जेमिमा रोड्रिग्ज के तेजतर्रार अर्धशतक की मदद से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट पर 318 रन बनाए। हरमनप्रीत शानदार लय में नजर आईं और उन्होंने अपने कुल सातवें और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे शतक के दौरान कुछ महत्वपूर्ण साझेदारियां भी की। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 14 चौके जड़े। यह इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में भारत का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। टीम ने सितंबर 2022 में केंटरबरी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 333 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। भारतीय कप्तान ने ऑफ साइड में शानदार शॉट खेले और अपने अधिकतर चौके वहीं मारे। उन्होंने कुछ सीधी बाउंड्री लगाने के अलावा विकेट के पीछे भी एक चौका मारा।

शतक लगाने के बाद जश्न मनातीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

दुबई : इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों में 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा हुआ है। दीप्ति ने शुरुआती एकदिवसीय में नाबाद 62 रन की पारी के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने इसके बाद दूसरे एकदिवसीय में भी नाबाद 30 रन का योगदान दिया।